e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

रांची संस्करण

हिन्दी दैनिक

# प्रभात मंत्र

वर्ष 12, अंक 112

गुरुवार

24.04.2025

RNI No. - JHAHIN/2014/59110

ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com

पृष्ठ 12 | मूल्य 3 रुपये

पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**

अन्याय में सहयोग देना,अन्याय के ही समान है!

## क्विक न्यूज

### खेलो इंडिया यूथ गेम्स-2025 के सफल आयोजन के लिए नालंदा में अधिकारियों ने की बैठक

**पटना :** डॉ. बी राजेंद्र अपर मुख्य सचिव, खेल विभाग की अध्यक्षता में आज खेलो इंडिया यूथ गेम्स-2025 के सफल आयोजन के लिए जिला प्रशासन नालंदा द्वारा की जा रही तैयारीयों से संबंधित पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई।आगामी 04 से 15 मई तक बिहार राज्य के पांच जिलों, पटना, राजगीर (नालंदा), भागलपुर ,गया एवं बेगूसराय में खेलो इंडिया यूथ गेम्स-2025 का आयोजन किया जा रहा है। जिसके अतर्गत ,तलवारबाजी, हॉकी, भारोत्तोलन, मुक्केबाजी और कबड्डी खेल का आयोजन नालंदा जिला में प्रस्तावित है।खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 के सफल आयोजन के लिए खिलाड़ियों के लिए आवासन, भोजन, सुरक्षा, विधि व्यवस्था, खेल मैदान की व्यवस्था , पेयजल, साफ सफाई, ट्रांसपोर्टेशन, शौचालय आदि व्यवस्था सुदृढ़ करने के लिए उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

### प्रयागराज : पीट-पीटकर मां की बेटे ने की हत्या

**प्रयागराज** : पूरामुफ्ती थाना क्षेत्र में मंगलवार की देर रात एक महिला की उसके बेटे ने पीट-पीटकर हत्या कर दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपित बेटे को गिरफ्तार कर पूछताछ करते हुए कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस उपायुक्त नगर अभिषेक भारती ने बुधवार ने बताया कि पूरामुफ्ती थाना क्षेत्र के असरापुर गांव निवासी लीलावती (55) पत्नी चन्द्रपाल भारतीय की उसके बड़े बेटे अंजीस ने बीती देर रात डंडे से पीट पीटकर हत्या कर दी। परिवार के लोगों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई करते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिवार की तहरीर पर हत्या का मुकदमा दर्ज आरोपित बेटे को गिरफ्तार कर लिया गया है।

### नैनीताल रोपवे में 9 विभागों ने की संयुक्त मॉक ड्रिल

**नैनीताल :** जिलाधिकारी वंदना सिंह के आदेशों पर बुधवार को नैनीताल नगर के प्रतिष्ठित रोपवे यानी रज्जु मार्ग में आपदा प्रबंधन की दृष्टि से एक मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। 9 विभागों के इस संयुक्त अभ्यास का उद्देश्य किसी आकस्मिक आपदा की स्थिति में त्वरित व समन्वित कार्रवाई के लिए विभिन्न विभागों की तैयारियों की परख करना था।मॉक ड्रिल में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएमए), 15 एनडीआरएफ गदरपुर, कुमाऊं मंडल विकास निगम, अग्निशमन विभाग, स्थानीय पुलिस, एसडीआरएफ राजभवन की टीम, विद्युत विभाग, स्वास्थ्य विभाग तथा रोपवे प्रबंधन की टीमों ने सक्रिय सहभागिता की। इस दौरान ड्रिल की स्थिति में ट्रॉली में फंसे व्यक्तियों को वास्तविक परिस्थितियों के अनुरूप रोप, स्ट्रैचर व अन्य आपातकालीन उपकरणों की सहायता से सुरक्षित बाहर निकाला गया। एनडीआरएफ टीम के असिस्टेंट कमांडेंट आरएस धपोला, एसडीआरएफ के मनीष भाकुनी और प्रियांक पांडेय, डीडीएमए के मास्टर ट्रेनर नवीन चंद्र, एसडीओ पर्यक पांडे, सीएफओ हीरा सिंह, चिकित्सक डॉ. ओली सहित अन्य अधिकारियों व कर्मचारियों ने मॉक ड्रिल में सहभाग किया।

## चुटकी




## रांची का तापमान

अधिकतम 24°

न्युनतम 13°

### पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने लिया कड़ा एक्शन, पाकिस्तान के खिलाफ लिए 5 बड़े फैसले

# सिंधु जल समझौते पर रोक

## पाकिस्तानी राजनयिकों को 48 घंटे में देश छोड़ने का अल्टिमेटम, अटारी बार्डर बंद

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले का भारत ने पाकिस्तान को करारा जवाब दिया. बुधवार को प्रधानमंत्री आवास पर हुई सीसीएस बैठक में कई निर्णय लिए गए, जिनमें भारत में पाकिस्तानी उच्चायुक्त को बंद करने, सिंधु जल समझौते पर रोक और पाकिस्तानियों को वीजा देना बंद करने जैसे फैसले शामिल हैं.

विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने बताया कि बैठक के दौरान सीसीएस ने इस हमले की कड़े शब्दों में निंदा की और सीमा पार संबंधों के मुद्दे पर बातचीत की गई.

उन्होंने कहा, बैठक में कई निर्णय लिए गए, जिसमें भारत जल संधि स्थगित कर दी गई है. अटारी बॉर्डर को तत्काल प्रभाव से बंद कर दिया गया है.

पाकिस्तान के नागरिकों को भारत की यात्रा करने की अनुमति नहीं दी जाएगी और उन्हें वीजा भी नहीं मिलेगा. जो भी पाकिस्तानी भारत में हैं उनके पास वापस जाने के लिए 48 घंटे का समय है.

### पहलगाम आतंकी हमले की गंभीरता को देखते हुए सीसीएस ने लिए ये निर्णय

1. 1960 की सिंधु जल संधि को तत्काल प्रभाव से स्थगित रखा जाएगा, जब तक कि पाकिस्तान विश्वसनीय और अपरिवर्तनीय रूप से सीमा पार आतंकवाद के लिए अपना समर्थन नहीं छोड़ देता.
2. चेक पोस्ट अटारी को तत्काल प्रभाव से बंद कर दिया जाएगा. जिन लोगों ने वैध समर्थन के साथ पार किया है, वे 1 मई 2025 से पहले उस मार्ग से वापस आ सकते हैं.
3. सार्क वीजा छूट योजना (एसवीईएस) वीजा के तहत पाकिस्तानी नागरिकों को भारत की यात्रा करने की अनुमति नहीं दी जाएगी. पाकिस्तानी नागरिकों को अतीत में जारी किए गए किसी भी एसवीईएस वीजा को रद्द माना जाता है. वर्तमान में एसवीईएस वीजा के तहत भारत में मौजूद किसी भी पाकिस्तानी नागरिक के पास भारत छोड़ने के लिए 48 घंटे हैं.
4. नई दिल्ली में पाकिस्तानी उच्चायोग में रक्षा, सैन्य, नौसेना और वायु सलाहकारों को अवांछित व्यक्ति घोषित किया गया है. उनके पास भारत छोड़ने के लिए एक सप्ताह का समय है.
5. भारत इस्लामाबाद स्थित भारतीय उच्चायोग से अपने रक्षा, नौसेना और वायु सलाहकारों को वापस बुलाएगा. संबंधित उच्चायोगों में ये पद निरस्त माने जाएंगे.

### गृहमंत्री अमित शाह ने आतंकी हमले में मारे गए लोगों को दी श्रद्धांजलि

श्रीनगर : केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने पहलगाम आतंकी हमले में शहीद हुए लोगों को श्रद्धांजलि दी है. अमित शाह उस जगह पर भी गए जहां आतंकियों ने इस कायराना हमले को अंजाम दिया था. बता दें कि पहलगाम हमले को लेकर पीएम मोदी एक्शन मोड में दिख रहे हैं. उन्होंने इस हमले की सूचना मिलते ही अपने सऊदी अरब के दौरे को बीच में ही छोड़कर स्वदेश वापस लौट आए हैं. बुधवार सुबह उनका विमान दिल्ली हवाई अड्डे पर लैंड किया. मामले की गंभीरता को समझते हुए पीएम मोदी ने बगैर कोई भी वक्त गंवाए एयरपोर्ट पर हाई लेवल बैठक की. इस बैठक सुरक्षा एजेंसियों के बड़े अधिकारियों के साथ-साथ एनएसए अजीत डोभाल और विदेश मंत्री एस जयशंकर भी मौजूद रहे. सूत्रों के अनुसार पीएम मोदी ने इस हमले में शामिल आतंकियों को मुंहतोड़ जवाब देने और उनका साथ देने वालों पर भी कड़ी कार्रवाई करने की बात कही है.

### पहलगाम में आतंकी हमले के बाद भारत-नेपाल सीमा पर बढी चौकसी

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत-नेपाल सीमा पर सुरक्षा व्यवस्था को चौकस कर दिया गया है। एसएसबी 47वीं वाहिनी के जवानो ने भारत-नेपाल मैत्री पुल, पंटोका बॉर्डर, सहदेवा बॉर्डर, महदेवा बॉर्डर, मुशहरवा बॉर्डर, सिवान टोला बॉर्डर समेत सभी प्रमुख सीमावर्ती स्थानों पर सतर्कता बढ़ा दी है। नेपाल से भारत में प्रवेश करने वाले प्रत्येक व्यक्ति की गहन जांच की जा रही है। यात्रियों के सामान की भी एक्स-रे मशीनों और डॉग स्क्वाड की मदद से छानबीन की जा रही है ताकि कोई संदिग्ध वस्तु या व्यक्ति सीमा पार न कर सके। एसएसबी 47वीं वाहिनी के उप सेनानायक दीपक कृष्णा ने बताया कि पहलगाम में आतंकी हमले के बाद सीमा पर तैनात सभी जवानों को अलर्ट मोड में रखा गया है। उन्हें हर संदिग्ध गतिविधि पर नजर रखने का निर्देश दिया गया है, जिससे आतंकी संगठन खुली सीमा का फायदा उठाकर भारत में प्रवेश न कर सकें।इसके अतिरिक्त, भारत-नेपाल सीमा की पगडंडियों पर भी गश्त को भी बढ़ा दिया गया है।

### रक्षा एजेंसियों ने 1500 लोगों को हिरासत में लिया



### सऊदी अरब से दिल्ली पहुंचते ही पीएम ने पालम हवाई अड्डे पर की आपात बैठक

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार सुबह सऊदी अरब से दिल्ली पहुंचने पर कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के मद्देनजर पालम हवाई अड्डे पर आपात बैठक की. बैठक में विदेश मंत्री एस जयशंकर, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, विदेश सचिव विक्रम मिस्री और अन्य कई वरिष्ठ अधिकारी शामिल थे. जम्मू कश्मीर में आतंकवादी हमले के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने सऊदी अरब में अपनी राजकीय यात्रा को बीच में ही छोड़कर वापस नई दिल्ली आ गए. क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान के निमंत्रण पर पीएम मोदी सऊदी अरब की दो दिवसीय राजकीय यात्रा पर थे. सरकारी सूत्रों का कहना है कि प्रधानमंत्री मोदी ने सऊदी अरब द्वारा आयोजित रात्रिभोज को छोड़कर अपनी यात्रा को बीच में ही समाप्त करने का फैसला लिया. इससे पहले के यात्रा शिड्यूल के अनुसार उनका बुधवार रात को लौटने का कार्यक्रम था. लेकिन जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के मद्देनदर वो बुधवार सुबह ही भारत पहुंच गए.

### बैठक में और क्या हुआ ?

विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने कहा,सीसीएस ने सभी सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की और सभी बलों को उच्च सतर्कता बनाए रखने का निर्देश दिया. इसने संकल्प लिया कि इस हमले के अपराधियों को न्याय के कटघरे में लाया जाएगा और उनके प्रायोजकों को जवाबदेह ठहराया जाएगा. तहव्वुर राणा के हाल के प्रत्यर्पण की तरह, भारत उन लोगों की तलाश में निरंतर प्रयास करेगा, जिन्होंने आतंकवादी कृत्यों को अंजाम दिया है या उन्हें संभव बनाने की साजिश रची है.

### बैठक में इनकी रही उपस्थिति

पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले के बाद आज शाम प्रधानंत्री आवास पर सुरक्षा मामलों की कैबिनेट कमेटी (सीसीएस) की बैठक हुई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, विदेश मंत्री एस जयशंकर, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल सहित कई शीर्ष अधिकारी भी शामिल हुए। यह बैठक ढाई घंटे तक चली।

क्ष्प×

### आतंकी हमले 26 लोगों ने गंवाई जान

पहलगाम की बायसरन घाटी में मंगलवार को आतंकी हमले में 26 पर्यटकों की मौत हो गई, जबकि 17 लोग पर्यटक घायल हैं। आतंकियों ने पर्यटकों को निशाना बनाते हुए गोलीबारी की। आतंकी हमले के बाद बुधवार सुबह से सेना से लेकर एनआईए, पुलिस और अन्य एजेंसियां अलर्ट मोड में हैं। ड्रोन और हेलिकॉप्टर से चप्पे-चप्पे पर निगरानी की जा रही है। साथ ही आतंकियों की तलाश की जा रही है। जम्मू कश्मीर से दिल्ली तक हाई अलर्ट पर है।

## अमेरिकी उपराष्ट्रपति ने परिवार संग किया ताजमहल का दीदार



**एजेंसी**

**आगरा** : अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस, पत्नी उषा और बच्चों के साथ आगरा पहुंचे।ताजमहल का दीदार किया। करीब डेढ़ घंटे तक परिवार के साथ जेडी वेंस ने मोहब्बत की इमारत का दीदार किया। इस दौरान उन्होंने विजिटर बुक में लिखा कि ताजमहल वास्तव में अद्भुत है। ताजमहल परिसर में पहुंचते ही अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के चेहरे पर अलग ही मुस्कान दिखाई दी। मानो वह ताज की खूबसूरती को शब्दों में बयां नहीं कर पा रहे थे। पत्नी और बच्चों के साथ इस दौरान उन्होंने फोटो खिंचाए।अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस अपनी पत्नी उषा व तीन बच्चों के साथ बुधवार सुबह 10~20 बजे ताजमहल देखने पहुंचे। शिल्पग्राम से बैटरी कार में बैठकर वह ताजमहल पहुंचे। यहां अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। ताजमहल में उन्हें गाइड नितिन सिंह ने स्मारक के इतिहास की जानकारी दी। गर्मी को देखते हुए रॉयल गेट में ही उन्हें ताजमहल के इतिहास और उससे जुड़ी जानकारी दे दी गई। डायना बेंच पर परिवार के साथ उन्होंने फोटो सेशन कराया। मुख्य मकबरे में वेंस और उनके परिवार ने पच्चीकारी और वास्तुकला की जानकारी की। वेंस और उनकी पत्नी उषा पहले बच्चों के साथ मुख्य मकबरे में अंदर गए। दोबारा वह बच्चों को बाहर बैठाकर अंदर गए। उषा इतिहास में स्नातक हैं, उन्होंने काफी सवाल पूछे।

## लोस अध्यक्ष ने दिल्ली विस पुस्तकालय को डिजिटल के रूप में विकसित करने का दिया निर्देश



**एजेंसी**

**नई दिल्ली** : लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला ने दिल्ली विधानसभा के पुस्तकालय को डिजिटल बनाने और ई-लाइब्रेरी के रूप में विकसित करने के निर्देश दिए। दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने बुधवार को संसद सचिवालय में लोकसभा के अध्यक्ष ओम बिड़ला से मुलाकात की।विधानसभा अध्यक्ष और लोकसभा अध्यक्ष की यह मुलाकात दिल्ली की विधायी विरासत के संरक्षण और आधुनिकीकरण पर संसद और विधानसभा के बीच सहयोग को लेकर हुई। यह बैठक दिल्ली विधानसभा के संस्थागत ढांचे को मजबूत करने, इसके बुनियादी ढांचे को बेहतर बनाने और इसके कार्यों में डिजिटलाइजेशन तथा पारदर्शिता को बढ़ावा देने के प्रयासों पर केंद्रित थी।बैठक के दौरान गुप्ता ने लोकसभा अध्यक्ष को दिल्ली विधानसभा में चल रहे प्रयासों के बारे में जानकारी दी, जिसमें विधानसभा के ऐतिहासिक परिसर को राष्ट्रीय धरोहर के रूप में स्थापित करने के प्रयासों पर विशेष बल दिया। दिल्ली विधानसभा को राष्ट्रीय धरोहर के रूप में विकसित करने की पहल दिल्ली की समृद्ध लोकतांत्रिक विरासत का उत्सव मनाने के साथ-साथ इसे आने वाली पीढ़ियों के लिए सुलभ और प्रासंगिक बनाए रखने का लक्ष्य रखती है।लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला ने दिल्ली विधानसभा के पुस्तकालय को पूर्णतः डिजिटल बनाने और ई-लाइब्रेरी में परिवर्तित करने की योजना को तुरंत शुरू करने के निर्देश दिए।

## मुख्यमंत्री धामी ने क्रांति दिवस पर पेशावर के नायक को दी श्रद्धांजलि



**एजेंसी**

**पौड़ी गड़वाल :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पेशावर कांड की वर्षगांठ पर विकासखण्ड थलीसैंण के पीठसैंण में आयोजित राजकीय क्रांति दिवस मेले में प्रतिभाग किया। इस मौके पर उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के योगदान को याद करते हुए कहा कि आजादी के वीर सिपाहियों के त्याग और बलिदान के कारण आज हम खुली सांस ले पा रहे हैं।बुधवार को पीठसैंण स्थित वीर चंद्र सिंह गढ़वाली स्मारक स्थल पर आयोजित राजकीय क्रांति दिवस मेले का शुभारंभ मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने दीप प्रज्ज्वलित किया। इससे पूर्व उन्होंने वीर चंद्र सिंह गढ़वाली की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किये। इस अवसर पर दो मिनट का मौन रखकर जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुए कायराना आतंकी हमले में मारे गए निर्दोष लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार इस नृशंस कृत्य का बदला अवश्य लेगी और दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि पेशावर में निहत्थे लोगों पर गोली चलाने से इन्कार कर उन्होंने मानवता और नैतिकता का जो उदाहरण पेश किया, वह इतिहास में अमर है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार वीर गढ़वाली की स्मृति को अक्षुण्ण रखने के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है और युवाओं को उनके आदर्शों से प्रेरित करने के लिए उनके जीवन पर आधारित कार्यक्रम चला रही है।मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार स्वतंत्रता सेनानियों और देश के सरहद पर तैनात वीर जवानों के परिवारों के कल्याण के प्रतिबद्ध है।उन्होंने कहा कि राज्य द्वारा शहीद सैनिकों को मिलने वाली अनुग्रह सहयोग राशि 10 लाख रुपये से बढ़ाकर 50 लाख रुपये की गयी है।

## पहलगाम में पसरा सन्नाटा, पर्यटकों का पलायन जारी

**एजेंसी**

**पहलगाम :** जम्मू-कश्मीर में मंगलवार को हुए आतंकी हमले में 26 पर्यटकों की मौत के एक दिन बाद पहलगाम में सन्नाटा पसरा है. दहशतगर्दों के भय से पर्यटक पर्यटन स्थल छोड़कर चले जा रहे हैं. यहां के बाजार भी बंद हैं.बता दें कि आतंकवादियों का यह हमला श्रीनगर से 100 किलोमीटर दूर पहलगाम के घने जंगली इलाके में हुआ था. पहलगाम से 6 किलोमीटर दूर बसीरन नामक घास के मैदान में ये आतंकी हमला हुआ था.दहशतगर्दों के इस कायराना हरकत के बाद गृह



मंत्री अमित शाह ने शीर्ष सुरक्षा अधिकारियों के साथ हमला स्थल बैसरन का दौरा किया. वारदात स्थल का दौरा करके शाह ने हमले के साजिशकर्ताओं को कड़ा संदेश दिया. अधिकारियों के मुताबिक यह हमला उस समय हुआ, जब सेना की वर्दी पहने आतंकवादी बैसरन के घास के मैदान में घुसे और अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी.आतंकी हमले को लेकर एक आला अधिकारी ने कहा, साइट स्थल बैसरन तक पहुंचने के लिए घोड़े और टट्टू भी नहीं मिलते हैं. वहां मोबाइल कनेक्टिविटी भी ठीक नहीं है. इन हालात में पर्यटकों को वहां से निकालने में कुछ समय लगा.एक अन्य अधिकारी ने बचाए गए टूरिस्टों के हवाले से बताया कि हमलावरों ने उनसे पहले उनकी पहचान पूछी और गोलियां चलानी शुरू कर दी. उन्होंने बताया कि ये गोलीबारी लगभग 20 मिनट तक जारी रही.

## बीजिंग में हुआ दुनिया की पहली अनूठी हाफ मैराथन

**एजेंसी**

**बीजिंग :** चीन के रोबोट भले ही इंसानों की तरह तेज न दौड़ पाएं पर वह संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ एक व्यापक दौड़ में भी हैं। पिछले सप्ताहांत शनिवार को चीन की राजधानी बीजिंग ने दुनिया की पहली हाफ मैराथन की मेजबानी की। इसमें दो पैरों वाले रोबोट भी लोगों के साथ दौड़े। चीन की तकनीकी प्रगति का यह अनूठा प्रदर्शन है। इस हाफ मैराथन में चीन निर्मित कुल 21 मानव रोबोट लगभग 12,000 लोगों के साथ शामिल हुए। विभिन्न आकार में निर्मित यह रोबोट मानव प्रशिक्षकों के साथ थे। उन्हें अलग ट्रैक पर दौड़ते समय कुछ दूर से नियंत्रित किया गया। चीन ने इसे ऐतिहासिक क्षण बताया है। बीजिंग ने कहा कि यह दौड़ कृत्रिम बुद्धिमत्ता में दुनिया की दो सबसे बड़ी शक्तियों, अमेरिका और चीन के बीच बढ़ती तकनीकी प्रतिद्वंद्विता के बीच हुई।बीजिंग ने कहा कि हालांकि चीन अभी भी दूसरे स्थान पर है, लेकिन एआई और पेटेंट के मामले में वह दुनिया में सबसे आगे है और एआई मॉडलों की गुणवत्ता के मामले में अंतर को कम कर रहा है।

असर्फी कैंसर संस्थान

Any Type, Any Stage

आयुष्मान भारत एवं मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी उपचार योजना के तहत भी सभी प्रकार के कैंसर का ईलाज

Chemotherapy, Radiotherapy, PET CT SCAN, Brachytherapy, Mammography की सुविधाएं उपलब्ध

9297970030

Asarfi Health Educity,Ranguni Road, Bhuli, Dhanbad-828105

# डीडीसी ने कोयल आजीविका अपैरल पार्क की व्यवस्थाओं का लिया जायजा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** उपायुक्त शशि रंजन की पहल से कोयल आजीविका अपैरल पार्क की शुरूआत होगी। इसे लेकर उपायुक्त के निदेश पर उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद आज चैनपुर स्थित कोयल आजीविका अपैरल पार्क का भ्रमण कर, वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। वहीं बंद होने के कारणों को समझा। उन्होंने आधुनिक मशीनों से वस्त्र की सिलाई, कढ़ाई एवं अन्य कार्यो के लिए लगे मशीन, कटिंग मशीन, ओवर लॉक मशीन, स्ट्रेट नाइफ कटिंग मशीन, बटन होल मशीन, बटन अटैच मशीन, बेडसीट, खोल, मांग (ऑर्डर के अनुरूप) पोषाक पर संबंधित स्कूलों का लोगों आदि डिजाइन/कढ़ाई करने संबंधी एम्ब्रॉइडरी मशीन आदि उपकरणों की जानकारी ली। साथ ही पूर्व की संचालन व्यवस्था की प्रक्रियाओं को जाना। उप विकास आयुक्त कहा कि जिला प्रशासन इसे पुनः शुरू करने जा रही है। इसका टेंडर कराये जाने की प्रक्रिया की जायेगी और प्रोडक्शन हाउस के द्वारा इसका संचालन कराये जाने की योजना है। उन्होंने कहा कि यहां सिलाई के 150 आधुनिक मशीनों के साथ-साथ वस्त्रों पर डिजाइन तैयार करने आदि से संबंधित मशीन हैं। इससे सखी मंडल की महिलाओं को जोड़ा जायेगा। कोयल अपैरल पार्क से जुड़कर महिलाओं को रोजगार प्राप्त होगा। साथ ही उनकी आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी। उन्होंने सिलाई के बाद तैयार वस्त्रों के बारे में जानकारी लेते हुए उसकी गुणवत्ता का भी अवलोकन किया। साथ ही सैनेटरी पैड निर्माण केन्द्र का भी भ्रमण किया। इस केन्द्र के भवन को व्यवस्थित करने एवं कोयल अपैरल पार्क एवं सैनेटरी पैड निर्माण केन्द्र की सफाई व्यवस्था दुरूस्त करने का निदेश दिया। उन्होंने सिलाई के लिए यहां से जुड़ी महिलाओं से संबंधित उपस्थिति पंजी का भी अवलोकन किया। उप विकास आयुक्त ने कहा कि कोयल आजीविका अपैरल पार्क चैनपुर के अलावा नीलांबर-पीतांबरपुर एवं पाटन प्रखंड में भी स्थापित है। तीनों को एक साथ शुरू किए जाने की प्रक्रिया की जा रही है। इसमें क्रमशः 150, 40 एवं 44 आधुनिक मशीनें अधिष्ठापित की गई है। जेएसएलपीएस के बीपीएम ने यहां की व्यवस्थाओं से उप विकास आयुक्त को अवगत कराया। उनके द्वारा बताया गया कि यहां 150 मशीनों पर दो सिफ्ट में सिलाई की व्यवस्था की गई थी। इससे 300 महिलाएं सीधे तौर पर जुड़ी थी। उन्होंने अवगत कराया कि मशीनों की सर्विसिंग की आवश्यकता है। वहीं बिजली बिल बकाया होने के कारण विभाग द्वारा कनेक्शन काट दिया गया है। उन्होंने बिजली बिल माफ कराने हेतु आवश्यक कदम उठाने का अनुरोध किया। उन्होंने मशीनों की सर्विसिंग की आवश्यकता भी जताई। उप विकास आयुक्त के भ्रमण के दौरान चैनपुर के प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रदीप दास, अंचल अधिकारी चंद्रशेखर कुणाल, जेएसएलपीएस के बीपीएम वैभव कान्त आदर्श, बीपीओ राजीव भारद्वाज आदि उपस्थित रहे।

**जनता दरबार में उप विकास आयुक्त ने सुनी समस्या**

उपायुक्त शशि रंजन के निदेश पर आज समाहरणालय सभागार में उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद ने जनता दरबार लगाकर लोगों की समस्याएं सुनी। जनता दरबार में जिले के विभिन्न प्रखंडों से लोग पहुंचे थे। सभी लोगों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन देकर उसका निदान हेतु अनुरोध किया। जनता दरबार में उप विकास आयुक्त को 24 आवेदन प्राप्त हुए। उप विकास आयुक्त ने लोगों की सीधे समस्याएं सुनी, उनके द्वारा समर्पित आवेदनों का अवलोकन कर संबंधित पदाधिकारियों को आवेदन स्थानांतरित किया। उन्होंने जनता दरबार में आए आवेदनों का गंभीरता से लेते हुए समस्या निदान का निदेश संबंधित पदाधिकारियों को दिया।उप विकास आयुक्त द्वारा लगाये गये जनता दरबार में चैनपुर के चांदो थाना क्षेत्र की निधि कुमारी ने पति जगजीत सिंह के निलंबन अवधि का बकाया वेतन भुगतान करने का अनुरोध किया। वहीं जेलहाता के मुंसफ रोड निवासी मनीष कुमार ने जमीन विवाद विषयक आवेदन देकर पैतृक मकान, दुकान आदि संपत्ति में बंटवारा कराने का आग्रह किया। पोलडीह बईरा खूर्द निवासी अशोक कुमार सिंह ने छत्तरपुर के सेवानिवृत पंचायत सेवक पद से सेवानिवृत पिता रामराज सिंह की भविष्य निधि का पैसा भुगतान करने संबंधी आवेदन दिया। इसके अलावा जनता दरबार में विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे लोगों ने जमीन विवाद, दाखिल खारिज, मकान कार्य को रोकने की धमकी देने, एनएच द्वारा जमीन अधिग्रहण के पश्चात् मुआवजा राषि भुगातान करने, अबुआ आवास योजना का लाभ देने, अमीन द्वारा जमीन की मापी कराने, ऑनलाईन रसीद निर्गत करने आदि समस्याओं समस्याओं की जानकारी देते हुए उससे संबंधित आवेदन दिया। उप विकास आयुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को समस्या समाधान हेतु निदेशित किया।

## एसडीएम ने पंचायत प्रतिनिधियों के साथ कॉफी पर किया संवाद




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार ने कॉफी विद एसडीएम में अनुमंडल क्षेत्र की पंचायतीराज संस्थाओं के प्रतिनिधियों के साथ अपने यहां कॉफी पर अनौपचारिक संवाद किया। राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस की पूर्व संध्या पर आयोजित कॉफी विद एसडीएम में पंचायती राज संस्थाओं के अध्यक्षों व सदस्यों को आमंत्रित किया गया था। गढ़वा सदर, डंडा, मझिआंव, मेराल आदि प्रखंडों के प्रमुख, उप प्रमुख, बीडीसी सदस्य, मुखिया आदि ने इस संवाद कार्यक्रम में सहभागिता निभाई। एक घंटे के अनौपचारिक संवाद में पंचायती राज संस्थाओं के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों से उनके क्षेत्र से जुड़ी जन समस्याओं को सुना गया, साथ ही उनसे सकारात्मक सुझाव भी लिये गये।विभिन्न प्रखंडों और पंचायतों से आए जन प्रतिनिधियों ने कॉफ़ी विद एसडीएम कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहां कि प्रशासन और पंचायती राज प्रतिनिधियों के बीच यह बैठक उन सबका मनोबल बढ़ाने वाली है। मेराल प्रखंड के उप प्रमुख निजामुद्दीन खान ने कहा कि उनके लंबे राजनीतिक और सामाजिक जीवन में उन्होंने इतनी प्रशासनिक संवेदनशीलता के साथ कभी सरकारी संवाद नहीं देखा जैसा कि कॉफी विद एसडीएम में देखने को मिल रहा है। मझिआंव प्रखंड की प्रमुख आरती दुबे ने संवाद के दौरान बताया कि मझिआंव प्रखंड के अधिकारियों एवं कर्मचारियों का व्यवहार जनप्रतिनिधियों के प्रति सम्मानजनक न होकर उपेक्षा जनक है। उन्होंने आरोप लगाया कि बीडीओ, सीओ और बीपीओ आदि की शैली स्वेच्छाचारी है। इस पर संजय कुमार ने उन्हें आश्वस्त किया कि वे अपने स्तर से जांच कर वरीय पदाधिकारियों को संसूचित करेंगे। ज्यादातर जनप्रतिनिधियों ने आसन्न जल संकट को देखते हुए अपनी चिंताएं प्रकट कीं, कई प्रखंडों के प्रमुखों व पंचायत समिति सदस्यों ने कहा कि इस मामले में वे जनता के सामने सिर्फ निरीह बने रहते हैं, क्योंकि पेयजल संकट को सामने देखते हुए भी वे जनता के लिये कुछ नहीं कर पा रहे हैं। कुछ लोगों ने अलग-अलग गांवों में नई अधिष्ठापित जल मीनारों के शुरू न होने पर प्रश्न उठाया, तो कुछ लोगों ने वित्तीय अनियमितता की शिकायत की। इस पर संजय कुमार ने उन सभी से ऐसी जल मीनारों की सूची लिखित में देने को कहा, साथ ही भरोसा दिलाया कि यदि कहीं अनियमितता हुई होगी तो उस पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। मधेया पंचायत के मुखिया बसंत चौबे ने कहा कि उनके पंचायत के खजूरी गांव में दो जल मीनारें लगी हुई हैं किंतु उनमें एक बूंद पानी नहीं आता। इसी प्रकार अचला पंचायत के मुखिया श्री मुखराम भारती ने कहा कि उनकी पंचायत के डुमरो एवं नारायणपुर में पानी के लिए हाहाकार है। नारायणपुर में आठ डीप बोर करा कर व्यर्थ पड़े हुए हैं, इस पर एसडीओ ने कहा कि वे स्वयं आकर जांच करेंगे। मेराल प्रखंड की प्रमुख दीपमाला ने कहा कि उनके प्रखंड में अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति कम रहती है। इतना ही नहीं जो लोग मुख्यालय छोड़कर जाते हैं वे उन्हें सूचना देना भी जरूरी नहीं समझते, इस प्रवृत्ति पर लगाम लगाई जाए। उन्होंने प्रखंड स्तर पर शिथिल पड़े कुछ कार्यो की जानकारी देते हुए कहा कि इनमें तेजी लाने की कार्रवाई की जाए।

## भीषण गर्मी को देखते हुए स्कूल के समय सारणी में बदलाव की जरूरत : किशोर पाण्डेय



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नावा बजार (पलामू) :** जिले में भीषण गर्मी का प्रचंड प्रकोप जारी है। इसे लेकर अभिभावक स्कूल संघ के प्रदेश अध्यक्ष सह सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता नावा बजार प्रखंड क्षेत्र के बसना ग्राम निवासी किशोर पांडेय ने जिले के उपायुक्त से बच्चों की सुरक्षा व स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए सरकारी, निजी स्कूलों के समय में तत्काल बदलाव करने की मांग की है।ताकि स्कूली बच्चों को इस भीषण गर्मी चिलचिलाती धूप से बचाव हो सके, श्री पांडेय ने पत्रकारों से बात करते हुए बताया वर्तमान में सरकारी स्कूलों का समय अपराह्न 1 बजे तक निर्धारित है, इस अवधि में बच्चों को स्कूल से निकलना काफी जोखिम भरा हुआ है। उन्होंने बताई सबसे परेशानी तो उन गरीब परिवार के बच्चों के समक्ष है जिनके पास अपने बच्चों को इस भीषण गर्मी व लू से बचाव के लिए कोई विशेष संसाधन नहीं है। ऐसे में श्री पांडेय ने वर्तमान स्थितियों को देखते हुए सभी स्कूलों के समय सारिणी में बदलाव करते हुए बच्चों की सुरक्षा और स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने की दिशा में पहल करते हुए मांग की है वही श्री पांडेय ने जिला प्रशासन से इस मुद्दे सकारात्मक कदम उठाने की उम्मीद भी जताई है।

## किसानों को मिले मुआवजा : संग्राम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पाटन :** पाटन थाना क्षेत्र के केल्हार पंचायत के नागेश्वर गांव में बिजली के शॉर्ट सर्किट से गेहूं की फसलजलकर नष्ट हो गई। आग लगने का कारण गेहूं के खेत के पास ट्रांसफार्मर लगाया गया था। जिससे शॉर्ट सर्किट होने की आशंका जताई गई। तेज धूप और गर्मी के कारण आग के लपेटा इतना तेज थी कि 20 एकड़ में पका हुआ गेहूं जलकर राख हो गया। गेहूं मे लपटे आग को बुझाते बुझाते किसान अनिल सिंह संजय कुमार सिंह आलोक सिंह, जालंधर सिंह श्रीनाथ मिस्त्री, अजय सिंह जितेंद्र सिंह आग से झुलस गए। आग लगने का कारण 11000 तार और 440 वोल्ट का तार पर गिर जाने से आग लगी। जानकारी मिलने पर जिला परिषद सदस्य संग्राम सिंह ने पहुंचकर किसानों को मुआवजे के लिए संतावना दी। ग्रामीण उग्र होकर मेन सड़क को जाम कर दिया। जानकारी मिलते ही अंचलाधिकारी राकेश श्रीवास्तव, थाना प्रभारी लालजी ने आगजनी की घटना स्थल पर पहुंचकर किसानों को मुआवजा के लिए संतावना देकर जाम को हटवाया। जले हुए गेहूं की अनुमानित लागत लाखों से उपर बताई जा रही है।

## फरार अभियुक्त के घर गाजे बाजे के साथ चिपकाया गया इस्तिहार



**नौड़ीहा बाजार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पलामू पुलिस अधीक्षक रिषमा रमेशन के आदेशानुसार नौड़ीहा बाजार थाना प्रभारी श्री अमित कुमार द्विवेदी के अध्यक्षता मे टीम गठित कर नौड़ीहा बाजार थाना कांड संख्या 65/24 दिनांक 13/10/2024 भादवि धारा 70 (2) बीएनएस व 4/6 और पोस्को एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज अभियुक्त टिमन भुइयाँ पिता वृक्ष भुइयाँ, सा नावाडीह थाना नौड़ीहा बाजार, जिला पलामू के निवासी गत लगभग 6 माह फरार है। नौड़ीहा बाजार थाना के अवर पुलिस निरीक्षक आशीष कुमार व पुलिस बल सहित ग्रामीणों की उपस्थित मे ढोल नगाड़े साथ उनके घर पर इस्तिहार चिपकाया गया।

## नौड़ीहा बाजार में अधिक गर्मी व कड़ाके की धुप से शिक्षक और बच्चे बेहाल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नौड़ीहा बाजार :** पलामू जिले के नौड़ीहा बाजार प्रखंड के न्यू प्राथमिक विद्यालय ढकनाथा के प्रधानाध्यापक श्री अरुण कुमार सिंह को तप्ति हुई धूप व अधिक गर्मी के कारण शिक्षक अरुण कुमार सिंह का लू लगने से उनकी हालत नाजुक बनी हुई है। उन्होंने बातचीत के क्रम मे बताया कि बच्चे तो बच्चे लेकिन सभी शिक्षक की हाल बेहाल हुआ है। सुबह 7 बजे से दोपहर एक बजे बच्चे की छुट्टी करना बच्चे और शिक्षक के लिए खतरे से खाली नहीं हो सकता है। इसलिए अधिक गर्मी व कड़ाके धुप और तापमान के देखते हुए विधालय की समय सारणी मे बदलाव नहीं किया गया तो शिक्षक व बच्चे के लिए आगे चलकर लु के शिकार हो सकते है। उनकी प्राथमिक उपचार कराया जा रहा है। इनकी स्थित काफी नाजुक है।

## हुसैनाबाद विधायक ने सभी विभागों के साथ की समीक्षा बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** हैदरनगर प्रखंड सभागार में बुधवार को हुसैनाबाद विधायक संजय कुमार सिंह यादव ने सभी विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में हुसैनाबाद एसडीओ गौरांग महतो, प्रखंड विकास पदाधिकारी विश्व प्रताप मालवा, अंचल अधिकारी संतोष कुमार, प्रखंड प्रमुख कलावती देवी, उपप्रमुख पप्पू कुमार पासवान, एमओ अमरेश कुमार महिला पर्यवेक्षिका सीमा झा सहित पेयजल एवं स्वच्छता से संबंधित अधिकारी सभी मुखिया व पंचायत समिति सदस्य, पंचायत सचिव उपस्थित थे। विधायक संजय कुमार सिंह यादव ने सीओ संतोष कुमार से सभी हल्का से संबंधित म्यूटेशन की स्थिति के बारे में जानना चाहा। सीओ के जवाब नहीं देने पर उन्हें फटकार लगाते हुए विधायक ने कहा कि सभी हल्का का वित्तीय वर्ष 2021- 22 से अब तक लंबित व रिजेक्ट म्यूटेशन की सूची उपलब्ध कराएं। अन्यथा यहां से जाने को तैयार हो जाएं। उन्होंने कहा कि जनता का काम समय पर नहीं करने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। किसी योजना में पैसे की लेन देन की वजह लाभुक को दौड़ने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों की अब खैर नहीं। उन्होंने प्रखंड सभागार के अलावा हैदरनगर (पूर्वी), इमामनगर बरेवा सहित अन्य पंचायत क्षेत्र में फैली गंदगी पर कहा कि मनरेगा मजदूरों को काम दो, पालनेट लगाओ और साफ सफाई पर विशेष ध्यान संबंधित अधिकारी दें। लापरवाही करने वाले अधिकारी बक्शे नहीं जायेंगे। उन्होंने बीडीओ को पंचायत प्रतिनिधियो के सभी कार्यो को गंभीरता से लेने और अग्रेतर कार्रवाई करने को कहा है।उन्होंने कहा कि उनके भी प्रतिनिधि प्रखंड में हैं, जनता का काम लेकर प्रखंड जाते हैं। जनता का समय पर काम होना चाहिए। किसी क्षेत्र में आवास के वास्तविक लाभुक भी वंचित नहीं रहना चाहिए। जरूरतमंद लोगों को इसका लाभ मिलना चाहिए। उन्होंने बीडीओ से कहा कि बिना पैसा के आवास योजना का जियो टैग नहीं करने की भी लगातार शिकायत मिल रही है। अगर आगे किसी की शिकायत मिली तो जेल जाने को भी तैयार रहेंगे। इस बीच एसडीओ गौरांग महतो ने पंचायत सचिवों को जियो टैग मामले में तलब किया है। म्यूटेशन व भूमि संबंधित मामले पर एसडीओ गौरांग महतो ने सीओ संतोष कुमार को फटकार लगाते हुए कहा कि कहां है आपके राजस्व कर्मचारी, उन्हें बुलाओ। उन्होंने इस मामले में आगे भी नजर रखने की बात कही। उन्होंने सभी पंचायत में कार्यरत मनरेगा मजदूरों का डाटा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। साथ इसकी अगले दिन ही जांच कराने की चेतावनी देते हुए एसडीओ ने कहा कि देखेंगे धरातल पर मजदूर है, या नहीं। एसडीओ ने मीडिया प्रतिनिधियों की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि मामलों को प्रमुखता से उजागर करें, रिपोर्ट पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## भीषण गर्मी को देखते हुए स्कूल के समय-सारणी में बदलाव की जरूरत : किशोर पाण्डेय

**नावा बजार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले में भीषण गर्मी का प्रचंड प्रकोप जारी है। इसे लेकर अभिभावक स्कूल संघ के प्रदेश अध्यक्ष सह सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता नावा बजार प्रखंड क्षेत्र के बसना ग्राम निवासी किशोर पांडेय ने जिले के उपायुक्त से बच्चों की सुरक्षा व स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए सरकारी, निजी स्कूलों के समय में तत्काल बदलाव करने की मांग की है।ताकि स्कूली बच्चों को इस भीषण गर्मी चिलचिलाती धूप से बचाव हो सके, श्री पांडेय ने पत्रकारों से बात करते हुए बताया वर्तमान में सरकारी स्कूलों का समय अपराह्न 1 बजे तक निर्धारित है, इस अवधि में बच्चों को स्कूल से निकलना काफी जोखिम भरा हुआ है। उन्होंने बताई सबसे परेशानी तो उन गरीब परिवार के बच्चों के समक्ष है जिनके पास अपने बच्चों को इस भीषण गर्मी व लू से बचाव के लिए कोई विशेष संसाधन नहीं है। ऐसे में श्री पांडेय ने वर्तमान स्थितियों को देखते हुए सभी स्कूलों के समय सारिणी में बदलाव करते हुए बच्चों की सुरक्षा और स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने की दिशा में पहल करते हुए मांग की है वही श्री पांडेय ने जिला प्रशासन से इस मुद्दे सकारात्मक कदम उठाने की उम्मीद भी जताई है।

## मिलिनियम पब्लिक स्कूल में किया गया सम्मान समारोह का आयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** सीबीएसई बोर्ड से मान्यता प्राप्त टेन प्लस टू मिलिनियम पब्लिक स्कूल में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसमें विद्यालय के निदेशक एवं गढ़वा जिला बाक्सिंग संघ के संरक्षक मो मुमताज राही ने गढ़वा थाना क्षेत्र के नवादा निवासी रितेश कुमार की मुक्केबाज पुत्री लक्ष्मी कुमारी को सम्मानित कर हौसला अफजाई किया गया। 30 मार्च से 5 अप्रैल तक एनसीओई रोहतक हरियाणा में एशियाई चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में पहुंचकर लक्ष्मी कुमारी ने सिर्फ गढ़वा जिला ही नहीं बल्कि पलामू प्रमंडल की पहली महिला मुक्केबाज बन नाम रोशन किया है। विद्यालय के निदेशक मो मुमताज राही ने लक्ष्मी कुमारी को सम्मानित कर आशीर्वाद देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना किया। बड़े प्लेटफार्म पर जाने के क्रम में आने वाली आर्थिक परेशानी को दूर करने का वचन दिया। लक्ष्मी कुमारी पलामू प्रमंडल की पहली ऐसी खिलाड़ी है जो एशियाई चैंपियनशिप के ट्रायल में सेमीफाइनल तक का सफर तय किया। विद्यालय के चेयरपर्सन नूरजहां बेगम ने लक्ष्मी कुमारी की उज्वल भविष्य शुभकामना दिए उन्होंने कहा कि लक्ष्मी कुमारी का इतने बड़े चैंपियनशिप में प्रदर्शन करना समाज में या संकेत देता है कि लड़कियां खेल के भी क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करके अपने माता-पिता तथा देश के लिए अच्छा प्रदर्शन कर सकती है। लक्ष्मी के इस उपलब्धि पर विद्यालय के शिक्षक नागेंद्र प्रसाद सिंह, रोहित राय, कृति पूर्णिमा, असगर अली, मनोज कुमार, निशिकांत श्रीवास्तव, जयप्रकाश ठाकुर, धीरज कुमार तथा पूरा विद्यालय परिवार खुशी से अभी भूत है एवं लक्ष्मी की उज्जवल भविष्य की कामना करता है।

# विद्या मंदिर जपला में स्वाधीनता संग्राम के महानायक वीर कुंवर सिंह की जयंती श्रद्धा पूर्वक मनाई गई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, जपला में वीर कुंवर सिंह की जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत प्रधानाचार्य कुशजी पाण्डेय, आचार्य राजकुमार सिंह, धर्मेन्द्र कुमार द्वारा संयुक्त रुप से वीर कुंवर सिंह की तस्वीर पर माल्यार्पण एवं पुष्पार्चन कर किया गया। प्रधानाचार्य अपने संबोधन में कहा कि वीर कुंवर सिंह एक कुशल योद्धा तथा कुशल राजनीतिज्ञ थे। भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में वीर कुंवर सिंह का बहुत ही महत्वपूर्ण योगदान था। युद्ध कला में पूरी तरह कुशल थे। विशेष कर छापामार युद्ध करने में उन्हें महारत हासिल था। 23 अप्रैल 1858 को जगदीशपुर के पास लड़ी गई उनकी आखिरी लड़ाई में ईस्ट इंडिया कंपनी के नियंत्रण वाली सेना पूरी तरह से परास्त हो गई थी। उन्होंने भैया-बहनों को बताया कि ब्रिटिश हुकूमत के साथ लोहा तो लिया ही, उसके बावजूद अनेक सामाजिक कार्य भी किये थे। इस अवसर पर विद्यालय की बहन हर्षिका यादव द्वारा वीर कुंवर सिंह की जीवनी पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला गया। वीर कुंवर सिंह का जन्म 13 नवम्बर 1777 को बिहार के भोजपुर जिले के जगदीशपुर में क्षत्रिय जमींदार परिवार में हुआ था। उन्होंने 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के प्रमुख सेनानायक थे। बिहार में ब्रिटिश शासन के खिलाफ लड़ाई का नेतृत्व किया और अपनी बहादुरी और नेतृत्व क्षमता के लिए जाने जाते हैं। मौके पर विद्यालय के आचार्य अभिषेक पाठक, अरविंद यादव, नीतीश मिश्रा, छाया कुमारी, प्रीति सिंह, रणजीत मिश्रा, राजेश्वर सिंह यादव, दीपक पाण्डेय, मृत्युंजय प्रसाद सहित सभी आचार्य-दीदी जी उपस्थित थे।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4 ओपोजिट मोरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

# रिम्स में सुविधाओं का होगा विस्तार : डॉ. शशिबाला

परवेज़ कुरैशी

**रांची।** झारखंड का सबसे बड़ा अस्पताल राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान रिम्स जो रांची जिला के बरियातू थाना के पास है। इस अस्पताल में रोजाना दो सौ से अधिक मरीज इलाज कराने आते हैं। ये मरीज ना सिर्फ रांची जिला बल्कि झारखंड के विभिन्न क्षेत्रों के अलावा दूसरे राज्यों से भी मरीज यहां पर अपना इलाज करने पहुंचते हैं। सबसे ज्यादा यहां पर कार्डियोलॉजी,ट्रामा, न्यूरो, हड्डी रोग गायिनी आदि से जुड़े मरीज यहां पर आते हैं। इन मरीजों का समुचित इलाज हो सके , मरीज की जान बचाई जा सके, इसके लिए रिम्स के सभी चिकित्सकगण, नर्स, स्टाफ अपने स्तर से मेहनत करते हैं। कई बड़े-बड़े गंभीर बीमारियों का इलाज यहां संभव हो सका है ,सफल सर्जरी हुआ है, इसके बावजूद भी समय-समय पर कुछ विवादास्पद खबरें भी आती है । इन सब को लेकर रिम्स के प्रभारी निदेशक प्रोफेसर डॉक्टर शशि बाला सिंह से प्रभात मंत्र रांची जिला ब्यूरो परवेज कुरैशी से विस्तार से बातचीत की। बता दे की प्रोफेसर डॉक्टर शशि बाला सिंह गायिनी विभाग की एचओडी और एकेडमिक डीन भी हैं।

**सवालः रिम्स में मरीजों की संख्या अधिक रहती है , बेहतर इलाज मिल सके इसके लिए किस तरह से ध्यान दे देने की जरूरत है?**

**जवाबः** झारखंड का सबसे बड़ा अस्पताल रिम्स है। यह रेफरल अस्पताल, मेडिकल कॉलेज भी है। इसके अलावा लोगों को रिम्स के सुविधाओं पर विश्वास है। इसलिए भी मरीज रिम्स आते हैं। रिम्स मेडिकल कॉलेज भी है यहां इलाज के साथ-साथ पढ़ाई भी होती है। तो हमें शिक्षा के साथ-साथ इलाज पर भी ध्यान देना पड़ता है। सबसे बड़ी बात है कि मरीजों की भीड़ अस्पताल में काम हो और जो मरीज आ रहे हैं उसका इलाज बेहतर हो इन सबको देखते हुए बुधवार को मैंने रिम्स के सुपरिंटेंडेंट ,प्रशासनिक अधिकारी, डॉक्टर,ट्रामा सेंटर के एचओडी सभी के साथ इमरजेंसी विभाग का दौरा किया। मैंने देखा कि वहां किन-किन चीजों में सुधार किया जा सकता है। सबसे बड़ी बात है कि जो मरीज एंबुलेंस में आ रहे हैं, उसे ट्रॉली के साथ तुरंत इमरजेंसी में लाया जाता है ,तो तुरंत उसे इलाज मुहैया कराई जाए और तुरंत उसे शिफ्ट भी करने की व्यवस्था हो । मरीज तुरंत शिफ्ट होते हैं तो 10 से 15 बेड़ हमेशा खाली मिलेगा जो हमारे आने वाले बाकी इमरजेंसी के जो मरीज होंगे उनके लिए हम बेड उपलब्ध करा सकेंगे। जो चिकित्सक हैं वह समय पर आए, अपने मरीज को ध्यान से देखें। जब डॉक्टर चले जाते हैं तो नर्स जो है वह पूरा समय अपना ध्यान अपने मरीजों पर रखें तो सारी परेशानी यही पर खत्म होती है। ट्राली और ट्राली मैन की संख्या बढ़ाने की जरूरत है।

**सवालः कार्डियोलॉजी और ट्रॉमा सेंटर में भी भीड़ देखने को मिलती है , इसमें सुधार कैसे हो?**

**जवाबः** देखिए जिस तरह से मैंने इमरजेंसी का दौरा किया और जहां कमियां देखी हमने वहां पर दिशा निर्देश दिया, उसमें सुधार होगा । इसी तरह से बहुत जल्द कार्डियोलॉजी और ट्रॉमा सेंटर का भी दौरा करूंगी। वहां जो भी कमी नजर आएगी उसमें सुधार करने के लिए तुरंत निर्देश जारी किया जाएगा।

**सवाल : आप गायिनी विभाग की एचओडी भी हैं, गर्भवती महिलाओं को और उसके बच्चा के लिए क्या सुविधाएं है?**

**जवाब :** गायिनी विभाग शुरू से ही बेहतर रहा है। यहां पर रोजाना 20 से 25 महिलाएं आती हैं और उनका जो है चेकअप वगैरह है तुरंत होता है। दवा वगैरह तुरंत मुहैया कराई जाती है। जो सीरियस महिलाएं रहती हैं तो उन्हें भर्ती कर दिया जाता है। कोशिश यह होती की नर्मल प्रसव हो। जो शिशु जन्म लिया है उसे किसी तरह की दिक्कत ना हो और अगर दिक्कत होती तो तुरंत प्रिडिक्ट्स विभाग के डॉक्टर से संपर्क किया जाता है । वहां पर पर्यटक में बच्चों को भर्ती कराया जाता है प्राथमिकता यही होती है कि माँ और बच्चा दोनों स्वस्थ रहे।




**सवाल : कभी-कभी यह भी शिकायतें सुनने को आती है कि जो डॉक्टर होते हैं वह बाहर के दवा लिखते हैं और आयुष्मान को लेकर तुरंत जो है सुविधा नहीं मिल पाती है इस पर आप क्या सुधार लाना चाहते हैं ?**

**जवाब :** ऐसा नहीं है जो भी दवाइयां है और सप्लाई के अनुसार रिम्स में उपलब्ध रहती है, बाहर में भी जेनेरिक दवाखाना है। वहां से भी लोग दवा खरीदते हैं। बहुत कम ऐसा होता है कि जो दवा की जरूरत होती है, इंजेक्शन की जरूरत होती है, स्टोर में नहीं रहता है तभी बाहर से मांगना पड़ता है, हमारी प्राथमिकता होती है कि पहले मरीज की जान बचायी जाए। जहां तक आयुष्मान की बात है तो रिम्स में आयुष्मान जन आरोग्य योजना के तहत बेहतर सुविधाएं मुहैया कराई जा रही है मरीजों को।

**सवाल : ब्लड नहीं मिलता है , सीटी स्कैन के लिए लंबी लाइन लगानी पड़ती है, इनमें सुधार कैसे हो?**

**जवाब :** ब्लड बैंक से ब्लड उपलब्ध हो जाता है, जो महिलाएं आती हैं उनके पास दो, तीन, चार ग्राम हीमोग्लोबिन रहता है । हम लोग चाहते हैं कि मरीज के परिजन ब्लड डोनेट करें , वे ब्लड डोनेट करने के सक्षम नहीं होते हैं या फिर नहीं करना चाहते हैं। ऐसे में दिक्कतें आती हैं । कभी कभी ऐसा ग्रुप जिस ग्रुप की मांग ज्यादा होती है, उस ग्रुप का ब्लड हमारे यहां नहीं होता है तो ऐसे ग्रुप वाले ब्लड को हमें बाहर से मांगना पड़ता है । हम लोगों से अपील करते हैं कि वे ब्लड डोनेशन करें। ब्लड डोनेट करने की मुहिम चलाएं ,जिससे मरीजों की जान बचाई जा सकती है। जहां तक सीटी स्कैन की बात है तो सिटी स्कैन की मशीन है , लेकिन मरीजों की संख्या अधिक है ,इस कारण से थोड़ी सी दिक्कतें होती है। स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर इरफान अंसारी से बात कर रहे हैं जहां तक होगी तो हम लोग सिटी स्कैन की मशीन को भी बढ़ने का काम करेंगे, ताकि मरीजों को तुरंत राहत मिल सके।

**सवालः कैंसर विभाग और डेंटल विभाग भी यहां पर है दोनों किस तरह से काम कर रहा है?**

**जवाबः** कैंसर विभाग है यहां पर लेकिन मशीन की कमी है, फैकल्टीज की कमी है, हम लोग कोशिश कर रहे हैं की फैकल्टीज बढ़ाई जाए, नर्सो की संख्या बढ़ाई जाए, तो यहां पर बेहतर इलाज संभव हो सकेगा। डेंटल विभाग चल रहा है, एमडीएस का कोर्स शुरू करने जा रहे हैं । उद्देश्य यही है कि कैंसर, डेंटल, नेत्र, हड्डी, कार्डियोलॉजी, ट्रामा आदि का ईलाज यहां पर बेहतर ढंग से हो ,मरीजों को यहां पर किसी तरह की परेशानी ना हो, वे इलाज कराने यहां पर आए तो वह स्वस्थ होकर घर लौटे।

**सवालः रिम्स में मरीज की संख्या कम हो इसके लिए रिम्स को या सरकार को क्या करना चाहिए?**

**जवाबः** देखिए सरकार शुरू से काम कर रही है । रिम्स बड़ा अस्पताल है, तो लोग यहां पर आएंगे ही, लेकिन मरीजों की संख्या कम हो इसके लिए सीएचसी, पीएचसी, रेफरल अस्पताल, सदर अस्पताल में सुविधाएं बढ़ाने की जरूरत है। नर्स, चिकित्सकों की संख्या बढ़ेगी, इमरजेंसी की सुविधाएं रहेगी तो मरीज अपना इलाज ग्रामीण क्षेत्र के स्वास्थ्य केंद्रों में करा सकेंगे, तो रिम्स में भीड़ कम होगी। बहुत गंभीर हालत है तभी रिम्स आएं। सरकार इसके लिए प्रयासरत है और मुझे लगता है कि एक-दो साल में यह भी कमियां दूर हो जाएगी। बहुत सारे अस्पतालों में इलाज संभव हो चुका है।

**सवाल : स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर इरफान अंसारी ने यह घोषणा की है निशुल्क मोक्ष वाहन ये क्या है?**

**सवालः** देखिए स्वास्थ्य मंत्री डा इरफान अंसारी ने कहा कि कोई भी मरीज का इलाज रिम्स में होता है और उसकी मृत्यु हो जाती है तो उसके परिजन उसके पार्थिव शरीर को अस्पताल से घर तक ले जाने के लिए रिम्स निशुल्क मोक्ष वाहन देगी, और 5000 का अंतिम संस्कार में किट उपलब्ध करायएगी।जहां तक जो अफवाह उड़ाई जा रही थी कि अंगदान करना होगा तो ऐसा कोई घोषणा नहीं की गई है ।

अंगदान करना अपनी इच्छा के अनुसार है । चाहे तो अंगदान करें य अंगदान नहीं करें। लेकिन 5000 का कीट देना है, मोक्ष वाहन की सुविधा देनी है।

### कौन है प्रोफेसर डाक्टर शशि बाला सिंह

रिम्स की प्रभारी निदेशक प्रोफेसर डॉ शशि बाला सिंह जो वर्तमान में गायिनी विभाग की एचओडी और एकेडमिक डीन भी हैं। वे मूल रूप से रांची की ही रहने वाली हैं। इनके पिता स्वर्गीय जीत नाथ सिंह एजी ऑफिस में ऑडिटर थे और मां मेरी शांति सिंह मेंकॉन में टेलीफोन ऑपरेटर थी। मां का देहांत उस वक्त हो गया था जब शशि बाला सिंह 7 वर्ष की थी। पिताजी का देहांत उस वक्त हुआ जब शशिबाला एमबीबीएस की पढ़ाई कर रही थी। 1977 में एमबीबीएस में दाखिला ली थी और गायिनी में डिग्री कोर्स भी किया। रांची जिला के चान्हो स्थित सरकारी अस्पताल में 4 साल कार्यरत रही । इसके बाद 2 साल के लिए नालंदा मेडिकल कॉलेज पटना में एचआरशीप की और इसके बाद वह रांची के रिम्स में 1997 में पदस्थापित है। गायिनी एचओडी बनी , फिर डीन एकेडमीक बनी और अब रिम्स निदेशक पद पर प्रभार के रूप में कार्यरत हैं। इतना ही नहीं स्वास्थ्य मंत्री डा इरफान अंसारी जब रिम्स में 2000 इंटर्नशिप कर रहे थे तब शिक्षिका डा शशिबाला सिंह ही थी।

## संक्षिप्त खबरें

### सरकार को अपनी गलती स्वीकार करनी पड़ेगी : देवेंद्रनाथ

**रांची।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद पूरे देश में आक्रोश की लहर है। रांची में भी यह गुस्सा सड़कों में साफ देखने को मिला। अब आम लोग से लेकर विभिन्नत राजनीतिक व सामाजिक संगठनों के द्वारा भी इसका विरोध किया जा रहा है। झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के केंद्रीय वरीय उपाध्यक्ष देवेंद्रनाथ महतो ने कैंडल मार्च निकाला। यह कैंडल मार्च जिला स्कूल से लेकर अल्बर्ट एक्का चौक तक हुआ। इस कैंडल मार्च में काफी लोग सड़कों पर उतर आए। देवेंद्र नाथ महतो ने सरकार को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि सरकार को अपनी गलती स्वीकार करनी पड़ेगी। सुरक्षा में भारी चुक हुआ है। जम्मू कश्मीर राज्य सरकार और केंद्र सरकार को राजनीतिक रंजिश को खत्म कर आपसी सलाह के साथ समस्या का समाधान करे। मृत पर्यटकों को न्याय और घायल पर्यटकों के राहत का समुचित पहल होनी चाहिए। बताते चलने की यह घटना मंगलवार को जम्मू कश्मीर के बाइसारन घाटी में हुआ था। जिसमें 26 लोगों के मृत होने कि सूचना है।

### पहलगाम आतंकी हमले की मुख्यमंत्री सहित कई नेताओं ने की निंदा

**रांची :** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद झारखंड में शोक की लहर है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सहित अन्य नेताओं ने हमले की कड़ी निंदा की है। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा है कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुआ कायराना आतंकी हमला झकझोर देने वाला है। मरांग बुरू दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करे और शोकाकुल परिवारों को यह दुख सहने की शक्ति दें। घायल लोगों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करता हूं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने हमले पर गहरा दुख व्यक्त किया।

## चौकीदार नियुक्ति परीक्षा 27 को, परीक्षा केंद्रों पर रहेगी निषेधाज्ञा

**रांची :** चौकीदार नियुक्ति परीक्षा 27 अप्रैल को होगी। यह परीक्षा राजधानी रांची के विभिन्न 15 परीक्षा केंद्रों पर ली जाएगी। परीक्षा प्रथम पाली में सुबह 9.30 बजे से 11 बजे तक होगी। परीक्षा केन्द्रों पर कदाचारमुक्त वातावरण में परीक्षा का आयोजन कराने और विधि-व्यवस्था को लेकर उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री और एसएसपी ने पुलिस बल तथा पुलिस अधिकारियों के साथ दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की है। इस संबंध में जिला प्रशासन की ओर से बुधवार को कहा गया है कि परीक्षा में शामिल होनेवाले अभ्यर्थी, उनके अभिभावक या असामाजिक तत्व परीक्षा केन्द्रों पर भीड़ लगाकर विधि व्यवस्था भंग करने की कोशिश कर सकते हैं। इस आशंका को देखते हुए एसडीओ की ओर से 27 अप्रैल की सुबह 6.30 बजे से दोपहर दो बजे तक परीक्षा केन्द्रों के 200 मीटर के दायरे में निषेधाज्ञा लगा दी जाएगी। इसके तहत पांच या पांच से अधिक व्यक्तियों के एक जगह पर जमा होने पर रोक रहेगी। किसी प्रकार का ध्वनि विस्तारक यंत्र के इस्तेमाल पर रोक रहेगी, किसी प्रकार का अस्त्र-शस्त्र लेकर चलने, किसी प्रकार का हरवे हथियार लेकर चलने तथा किसी प्रकार की बैठक या आमसभा के आयोजन पर भी रोक रहेगी।

**इन परीक्षा केंद्रों पर होगी परीक्षाः** अनिता गर्ल्स हाई स्कूल, कांके, कार्मेल गर्ल्स हाई स्कूल, सामलोंग, नामकुम, गोस्सनर हाई स्कूल, मेन रोड, जीईएल चर्च कम्पलेक्स के पीछे, गर्वमेंट प्लस टू हाई स्कूल, कांके सिमरटोली, नियर सीआईपी, कांके, गर्वमेंट गर्ल्स प्लस टू हाई स्कूल, बरियातु, मारवाड़ी प्लूस टू हाई स्कूल, मारवाड़ी प्लस 2 हाई स्कूल, संत अलोइस इंटरमिडिएट कॉलेज, डॉ कामिल बुल्के पथ, पुरुलिया रोड, संत अलोइस हाई स्कूल, डॉ कामिल बुल्के पथ, पुरुलिया रोड, संत अन्ना गर्ल्स हाईस्कूल, संत अन्ना इंटरमिडिएट कॉलेज, संत जॉन हाई स्कूल, कर्बला टैंक रोड, संत जोसेफ हाई स्कूल, कांके, उर्सुलाईन कान्वेंट गर्ल्स हाई स्कूल, डॉ कामिल बुल्के पथ, उर्सुलाईन इंटर कॉलेज, पुरुलिया रोड शामिल है।

## पहलगाम आतंक की मानसिकता झारखंड में भी मौजूद : बाबूलाल

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवम नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने पहलगाम में घटी आतंकवादी घटना में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की तथा परिजनों के प्रति संवेदना प्रकट करते हुए कहा कि झारखंड भाजपा इस दुख की बेला में उनके साथ खड़ी है। मरांडी ने कहा कि ये पहली आतंकवादी घटना है जिसमें आतंकवादियों ने धर्म पूछकर,कपड़े उतरवाकर और कलमा पढ़ने केलिए मजबूर कर निर्दोष और निहत्थे लोगों की हत्या की है।उन्होंने कहा कि मोदी सरकार में ऐसे आतंकवादी बक्से नहीं जाएंगे।उन्होंने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि आज झारखंड में भी ऐसी मानसिकता के लोग मौजूद हैं। झारखंड सरकार में शामिल मंत्री ही संविधान से ऊपर शरिया को मानते हैं। कहा कि मुसलमान कब्र में नहीं है,सब्र कर रहा है।सड़क पर उतरेगा तो मारकाट होगा, ऐसी भाषा बोलने वाले लोग सत्ता की कुर्सी पर बैठे हैं।कहा कि इनके पास हथियार नहीं है इसलिए बयानों से वार कर रहे। लेकिन मानसिकता में कोई अंतर नहीं है।कहा कि अगर मुद्दों की लड़ाई लड़नी है तो लोकतंत्र में कई रास्ते हैं लेकिन हिंसा की भाषा लोकतंत्र में स्वीकार्य नहीं। कहा कि ऐसी मानसिकता जो संविधान से ऊपर शरिया को माने उसे तत्काल मंत्रिमंडल से बर्खास्त करना चाहिए। रमाकांत महतो, विजय चौरसिया,मिसफिका हसन और योगेंद्र प्रताप सिंह भी शामिल थे।



## नैतिक जिम्मेदारी का निर्वाहन करते हुए बच्चों को गुणात्मक शिक्षा पर विशेष जोर दे : डीसी




प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी राँची, मंजूनाथ भजंत्री ने अमर शहीद ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव जिला मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय, राँची के नवनिर्मित सभागार में 05 से 18 वर्ष आयुवर्ग के सभी बच्चों को विद्यालय में शत प्रतिशत उपस्थिति, नामांकन, ठहराव, उच्च कक्षाओं में Transition हेतु स्कूल रूआर 2025 (Back to School Campaign) कार्यक्रम का सम्बंधित पदाधिकारियों एवं सांसद प्रतिनिधि, विधायक प्रतिनिधि और प्रखण्ड प्रमुख के समक्ष दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ अभियान गीत ले मसाले चल पड़े लोग मेरे गांव के गीत के साथ शुभारम्भ किया गया।इस कार्यशाला में जिला शिक्षा पदाधिकारी राँची, विनय कुमार, जिला शिक्षा अधीक्षक राँची, बादल राज, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सुरभि सिंह एवं जिला के सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, प्रखंड प्रमुख, जिला परिषद के उपाध्यक्ष एवं शिक्षा विभाग से सभी प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी के साथ साथ जिला परियोजना कार्यालय के पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।उपायुक्त ने अपने सम्बोधन में कहा की जिला में बेहतर और गुणात्मक शिक्षा के लिए बेहतर प्रयास किए जा रहें है। इसके लिए शिक्षक एवं जन प्रतिनिधि की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। ताकि शत प्रतिशत बच्चों का नामांकन विद्यालय में कराया जा सकें। उपायुक्त ने अपने सम्बोधन में कहा की अपनी नैतिक जिम्मेदारी का निर्वाहन करते हुए बच्चों को गुणात्मक शिक्षा पर विशेष जोर दे ताकि बच्चों का भविष्य उज्जवल बने। झारखंड में स्कूल रूआर कार्यक्रम एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसका मुख्य उद्देश्य उन बच्चों को वापस स्कूल लाना है जो किसी कारणवश शिक्षा से वंचित रह गए हैं या जिन्होंने स्कूल छोड़ दिया है। रूआर का अर्थ है फिर से लौटना। इसलिए, यह कार्यक्रम बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा में फिर से जोड़ने पर केंद्रित है।

**शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करनाः** कार्यक्रम का लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि 5 से 18 वर्ष की आयु के सभी बच्चे सरकारी स्कूलों में नामांकित हों। विद्यालयों में बच्चों का ठहराव सुनिश्चित करना- केवल नामांकन ही पर्याप्त नहीं है, इसलिए यह कार्यक्रम नामांकित बच्चों की नियमित उपस्थिति और शिक्षा की निरंतरता पर भी जोर देता है। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि बच्चे अपनी स्कूली शिक्षा पूरी करें और बीच में पढ़ाई न छोड़ें।ड्रॉपआउट दर को कम करना- स्कूल रूआर कार्यक्रम का एक महत्वपूर्ण उद्देश्य स्कूलों से बच्चों के ड्रॉपआउट (बीच में पढ़ाई छोड़ देना) की दर को कम करना है। इसके लिए कारणों की पहचान करना और उन्हें दूर करने के प्रयास करना शामिल है।

**कार्यक्रम 10 मई 2025 तक अभियान के रूप में चलेगाः** स्कूल रूआर कार्यक्रम झारखंड सरकार की एक महत्वपूर्ण पहल है जो राज्य के सभी पात्र बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करने का अवसर प्रदान करने और शिक्षा के क्षेत्र में सुधार लाने के लिए प्रतिबद्ध है। यह एक सतत प्रक्रिया है जो नियमित रूप से आयोजित की जाती है। वर्तमान में, यह कार्यक्रम 10 मई 2025 तक अभियान के रूप में चलेगा।

## झारखंड में मॉडल जेल मैनुअल नहीं बनने पर हाई कोर्ट नाराज

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** झारखंड में मॉडल जेल मैनुअल नहीं बनने पर हाई कोर्ट ने कड़ी नाराजगी जताई है। साथ ही गृह सचिव को उपस्थित होने का आदेश दिया है। जेल मैनुअल में सुधार और जेल में कैदियों की स्थिति से संबंधित कोर्ट के स्वतः संज्ञान की सुनवाई हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस एमएस रामचंद्र राव की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में बुधवार को हुई।




मामले में सुप्रीम कोर्ट के दिशा-निर्देश के आलोक में अब तक झारखंड में मॉडल जेल मैनुअल नहीं बनने पर खंडपीठ ने कड़ी नाराजी जताई। कोर्ट ने मामले में गृह सचिव को 28 अप्रैल को कोर्ट में हाजिर होने को कहा है। हाई कोर्ट ने कहा कि तीन महीने पहले सुप्रीम कोर्ट ने जेल मैनुअल से संबंधित एक आदेश पारित किया है लेकिन तीन माह के बाद भी अब तक इसका अनुपालन झारखंड सरकार नहीं कर सकी है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के तहत सभी राज्यों के लिए एक मॉडल जेल मैनुअल बनाया जाना है। इससे पूर्व राज्य सरकार की ओर से बताया गया कि मॉडल जेल मैनुअल बनाने के लिए प्रक्रिया चल रही है। सरकार की ओर से कुछ और समय की मांग मॉडल जेल मैनुअल बनाने के लिए की गई।

### मारवाड़ी सम्मेलन की बैठक आज

**रांची :** झारखंड प्रान्तीय मारवाड़ी सम्मेलन के अभिभावक, वरिष्ठ सदस्य और जिला अध्यक्ष तथा जिलामंत्री की बैठक 24 अप्रैल को होगी। बैठक अपर बाजार स्थित अग्रसेन भवन में आहुत की गई है। रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष ललित कुमार पोद्दार और महामंत्री विनोद कुमार जैन ने संयुक्त रूप से बताया कि बैठक में कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की जाएगी। इसमें मुख्य रूप से आगामी 27 अप्रैल को होने वाले झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष के चुनाव के लिए धनबाद जिले में होने वाले पुनर्मतदान से संबंधित विस्तृत चर्चा और चुनाव को लेकर राज्य में व्याप्त असंतोष को कैसे समाप्त किया जाए।

## मोदी जब-जब विदेश जाते हैं, तब-तब इस प्रकार की घटनाएं होती हैं : डा इरफान

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए कायराना आतंकी हमले में 28 निर्दोष पर्यटकों की निर्मम हत्या ने पूरे देश को स्तब्ध कर दिया है। यह हमला न केवल मानवीय मूल्यों के खिलाफ है, बल्कि देश की राष्ट्रीय सुरक्षा व्यवस्था पर भी गहरी चोट है। इस त्रासदी के खिलाफ संध्या 4:30 बजे डोरंडा स्थित अम्बेडकर चौक पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ नेताओं और सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर मौन कैंडल मार्च निकाला और मौन रखकर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित किया।

झारखण्ड सरकार में स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी,प्रदेश कांग्रेस के महासचिव आलोक कुमार दूबे, मुख्य प्रवक्ता लाल किशोर नाथ शाहदेव, महासचिव अजय नाथ शाहदेव,सुरेन राम,फिरोज रिजवी मुन्ना, युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव राजेश सिंह सन्नी, मेंहुल दूबे के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने मौन कैंडल मार्च निकाला। डॉ इरफान अंसारी ने कहा आतंक का कोई धर्म नहीं होता, हमें उनका सिर चाहिए। देश जब गमगीन है, जब माताएं अपने बेटे को खो चुकी हैं, जब हर दिल दुखी है। तब यह समय राजनीति का नहीं, बल्कि एकजुटता का है। हाल ही में हुए आतंकी हमले ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। उन्होंने कहा, मोदी जब-जब विदेश जाते हैं, तब-तब इस प्रकार की घटनाएं होती हैं। ये महज़ संयोग नहीं, एक गहरी साजिश है। लेकिन यह समय बयानबाज़ी का नहीं, यह समय है आतंक के खिलाफ एकजुट होकर लड़ने का। हमें राजनीति नहीं, इंसाफ चाहिए।



हमारी पूरी सरकार पीड़ितों के साथ खड़ी है। जैसे पुलवामा में शहीद हुए वीरों के लिए मोदी जी ने सर्जिकल स्ट्राइक किया था, इस बार हमें सिर्फ स्ट्राइक नहीं चाहिए,हमें उनका सिर चाहिए। कांग्रेस नेता आलोक कुमार दूबे ने इस घटना पर तीखा और बेहद भावुक बयान देते हुए सरकार से कड़े सवाल पूछे हैं।प्रदेश कांग्रेस मुख्य प्रवक्ता लाल किशोर नाथ शाहदेव ने कहा कि यह हमला भारत मां के उन मेहमानों पर हुआ है, जो कश्मीर की खूबसूरती देखने आए थे। कांग्रेस महासचिव अजय नाथ शाहदेव ने कांग्रेस पार्टी आतंकवाद को जड़ से समाप्त करने के लिए सरकार के साथ समन्वय, सहयोग और साझेदारी करने को प्रतिबद्ध है।

## झारखंड में आग उगल रहा मौसम पलामू में 44 डिग्री पहुंचा तापमान

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** झारखंड में मौसम इन दिनों आग उगल रहा है। पलामू जिले में तापमान 44 डिग्री पहुंच गया है, जबकि जमशेदपुर और चाईबासा में भी तापमान 43 डिग्री हो गया है। राज्य में पड़ रही प्रचंड गर्मी की वजह से आमजन जीवन प्रभावित हो रहा है।

लोग कड़ी धूप में निकलने से बच रहे हैं। वहीं बाजार में पंखा, एसी और कूलर की बम्पर बिक्री हो रही है। हालांकि मौसम विभाग ने 26 अप्रैल से राज्य के कुछ जगहों पर हल्की बारिश होने की संभावना व्यक्त की है। प्रचंड गर्मी के कारण पलामू, गढवा, धनबाद समेत कई इलाकों में लू चल रही है। लोग लू की चपेट में आकर बीमार पड़ रहे हैं।

रांची में बुधवार को अधिकतम तापमान 39 डिग्री, जमशेदपुर में 43 डिग्री, डालटेनगंज 44, बोकारो में 40.1 और चाईबासा में तापमान 43 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

## कांग्रेस पार्टी केंद्र सरकार के साथ : अमाल खान

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** कांग्रेस के जिला मीडिया समन्वयक अमाल खान ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की कड़ी निंदा की है। उन्होंने इसे भारत के सम्मान और स्वाभिमान पर सीधा हमला करार दिया है। श्री खान ने कहा कि इस हमले में हमारे देशवासियों की जिस तरह से निर्मम हत्या की गई, वह केवल एक आतंकी घटना नहीं, बल्कि भारत विरोधी ताकतों की एक गहरी साजिश है।उन्होंने कहा कि यह हमला भारत की एकता,अखंडता और संवैधानिक मूल्यों को चुनौती देने की कोशिश है, जिसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। अमाल खान ने स्पष्ट कहा कि कांग्रेस पार्टी केंद्र सरकार के साथ खड़ी है और सरकार से यह अपील करती है कि जो भी संगठन या देश इस हमले में शामिल हैं, उन्हें जल्द से जल्द चिन्हित कर कड़ी से कड़ी सजा दी जाए। पूरा देश इस समय एकजुट है और ऐसी ताकतों के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई की मांग करता है। उन्होंने इसे केवल हत्याकांड नहीं, बल्कि देश की अस्मिता और गरिमा पर कुठाराघात बताया।उन्होंने आगे कहा कि भारत एक लोकतांत्रिक और संवैधानिक देश है, जहां हर नागरिक को समान अधिकार प्राप्त हैं। भारत का संविधान न जाति देखता है, न धर्म, न ऊंच-नीच, न अमीरी-गरीबी। यही हमारी सबसे बड़ी ताकत है और इसी संवैधानिक ताकत से देश को चलाया जाता है। ऐसे में जो भी ताकतें इस देश की मूल भावना और उसके नागरिकों के अधिकारों पर हमला करने की कोशिश करेंगी, उन्हें करारा जवाब मिलेगा। श्री खान ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भी अपील की कि वह ऐसे आतंकियों और उनके समर्थकों को नष्ट करने के लिए कठोर कदम उठाएं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी हर उस कदम में सरकार के साथ खड़ी है जो देश की रक्षा, सम्मान और एकता के लिए जरूरी है। इस कठिन समय में देश की जनता एकजुट होकर आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक लड़ाई के लिए तैयार है। अंत में उन्होंने मृतक परिवारों को सांत्वना देते हुए मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित की।



## अशफाक आलम कांग्रेस के जिला सोशल मीडिया समन्वयक बनाए गए

**ओरमांझी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** अशफाक आलम जिला कांग्रेस के सोशल मीडिया समन्वयक मनोनीत किए गए हैं। कांग्रेस पार्टी के जिला ग्रामीण अध्यक्ष राकेश किरण महतो ने अशफाक आलम का मनोनयन करते हुए कहा उनके सोशल मीडिया समन्वयक बनने से जिले में कांग्रेस पार्टी और भी मजबूत होगी। उम्मीद है। श्री आलम पार्टी व संगठन को बेहतरी प्रदान करेंगे। वहीं अशफाक आलम ने कहा कि पार्टी ने जो जवाबदेही उन्हें सौंपी है वे सबके सहयोग से उसपर खरा उतरने का प्रयास करेंगे।उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी को मजबूत कर,कांग्रेस के विचारधारा को आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी बखूबी निभाऊंगा।संगठन की मजबूती कार्य की निरंतरता व सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने का प्रयास करूंगा। मुख्य रूप से बधाई देने वालों में खिजरी विधायक राजेश कच्छप,प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश,पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय,जिला ग्रामीण अध्यक्ष राकेश किरण महतो,शहजादा अनवर आदि ने बधाई दी।



## डीएवी बचरा के छात्र अभिनव ने कांस्य पदक प्राप्त कर स्कूल व क्षेत्र का नाम किया रौशन

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा के कक्षा नवम के छात्र अभिनव आनंद झा ने भरोत्तोलन प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक प्राप्त कर स्कूल और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। बुधवार को डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा के प्रांगण में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया,जिसमें स्कूल परिवार की ओर से छात्र अभिनव आनंद झा को सम्मानित किया गया।स्कुल की प्राचार्या डॉ. आर चौधरी ने छात्र अभिनव आनंद झा को मेडल पहनाकर एंव प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उन्हें सम्मानित किया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्कूल की प्रचार्या डॉक्टर आर चौधरी ने कहा कि बीते 19 अप्रैल को गुरुनानक स्कूल में संपन्न हुए झारखंड भरोत्तोलन प्रतियोगिता में डीएवी बचरा के कक्षा नवम के छात्र अभिनव आनंद झा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तीसरा स्थान प्राप्त कर कांस्य पदक प्राप्त किया है।उन्होंने 300 किलो वजन उठाकर कांस्य पदक प्राप्त करते हुए अपने स्कूल और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उन्होंने कहा कि छात्र अभिनव आनंद झा ने इससे पूर्व भी इस तरह के प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर अपने क्षेत्र और स्कूल का नाम रोशन कर चुके हैं।उन्होंने स्कूल के अन्य बच्चों से भी इस तरह के प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर भाग लेकर बेहतर प्रदर्शन करते हुए अपने स्कूल और क्षेत्र का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया है।प्राचार्या डॉक्टर आर चौधरी ने अभिनव को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की और आगे भी इस तरह के आयोजन में बेहतर प्रदर्शन की कामना की।इस मौके पर स्कूल के सभी शिक्षक एवं बच्चे मौजूद थे।



## जसपूरिया बी.एड. कॉलेज बीसा में समय प्रबंधन पर कार्यशाला का सफल आयोजन

**अनगड़ा :** जसपूरिया बी.एड. कॉलेज, बीसा में समय प्रबंधन विषय पर एक प्रभावशाली कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य शिक्षकों और शिक्षण प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे विद्यार्थियों में समय के कुशल प्रबंधन के प्रति जागरूकता बढ़ाना और व्यावहारिक उपायों से उन्हें लाभान्वित करना था। कार्यशाला का मंच संचालन बड़ी ही कुशलता और आत्मविश्वास के साथ पल्लवी कुमारी ने किया। कार्यशाला की शुरुआत संस्थान के अध्यक्ष जैलेंद्र कुमार द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ की गई, जिसके पश्चात रोज एवं समूह द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। स्वागत गीत ने कार्यक्रम स्थल पर एक सकारात्मक और प्रेरणादायक वातावरण का सृजन किया। कार्यशाला की समन्वयक प्राध्यापिका विभा कुमारी ने विषय प्रवेश कराते हुए समय प्रबंधन की आवश्यकता और महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि कैसे एक संगठित और अनुशासित दिनचर्या हमारे व्यक्तिगत और पेशेवर जीवन में संतुलन स्थापित करने में सहायक हो सकती है। मुख्य वक्ता के रूप में आमंत्रित अतिथि डॉ. जय आनंद, उर्सलाइन महिला टीचर ट्रेनिंग कॉलेज, लोहरदगा के एम.एड. विभाग के प्रवक्ता, ने प्रतिभागियों को अत्यंत प्रभावशाली एवं प्रेरक व्याख्यान प्रदान किया। उन्होंने समय के प्रभावी उपयोग, प्राथमिकताओं के निर्धारण, योजनाबद्ध अध्ययन एवं कार्य प्रणाली के बारे में विस्तार से चर्चा की। डॉ. आनंद ने कई व्यावहारिक उदाहरणों के माध्यम से बताया कि सीमित समय में अधिक कार्य कैसे किया जा सकता है, और यह कैसे तनाव को कम करने में सहायक सिद्ध हो सकता है। कार्यशाला के अंत में धन्यवाद ज्ञापन प्राध्यापिका नीलिमा तिर्की द्वारा किया गया। उन्होंने सभी आमंत्रित अतिथियों, वक्ताओं, शिक्षकों और छात्रों को कार्यशाला को सफल बनाने में दिए गए योगदान के लिए आभार प्रकट किया। इस अवसर पर कॉलेज के अन्य शिक्षकगण – प्रवीण सिंह कुशवाहा, सजीब कुमार, डॉ. प्रियंका शर्मा, प्रभा हेनरी, नीलिमा तिर्की एवं पी.के. रवि – की उपस्थिति से कार्यक्रम की गरिमा और भी बढ़ गई। सभी शिक्षकों ने कार्यशाला को उपयोगी एवं समयानुकूल बताया। कार्यशाला में प्रतिभागियों की सक्रिय भागीदारी और



### संगठन सृजन-2025 को लेकर कांग्रेस की हुंकार, बिशू भगत कॉलेज में रणनीतिक बैठक सम्पन्न

# आतंकी हमले में मृतकों को दी गई श्रद्धांजलि

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेड़ो :** मांडर विधानसभा कांग्रेस कमिटी की एक अहम बैठक बुधवार को बिशू भगत इंटर कॉलेज, केशा मोड़ में भारी उत्साह और गंभीरता के साथ संपन्न हुई। यह आयोजन कांग्रेस पार्टी द्वारा चलाए जा रहे 'संगठन सृजन-2025' एवं 'संविधान बचाओ' अभियान के तहत किया गया, जिसमें पार्टी के वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल हुए। कार्यक्रम की गरिमा तब और बढ़ गई जब झारखंड सरकार की कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की और पूर्व मंत्री बंधु तिर्की ने विशेष रूप से भाग लिया। बैठक की शुरुआत जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए निर्दोष नागरिकों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए दो मिनट के मौन से की गई। इस मौके पर पूर्व मंत्री बंधु तिर्की ने घटना की कड़ी निंदा करते हुए कहा, यह बर्बर हमला मानवता पर कलंक है। 26 निर्दोष लोगों की निर्मम हत्या हमें अंदर तक झकझोर देती है। मुख्य सत्र में संगठन सृजन-2025 अभियान को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। पार्टी नेताओं ने संगठन को जमीनी स्तर पर सशक्त बनाने, कार्यकर्ताओं को पुनः सक्रिय करने तथा आगामी विधानसभा और लोकसभा चुनावों के लिए ठोस रणनीति बनाने पर ज़ोर दिया। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा, अब समय आ गया है जब हमें नई ऊर्जा के साथ कांग्रेस को राज्यभर में पुनर्स्थापित करना होगा। पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुँचाना हमारा लक्ष्य है। पूर्व मंत्री बंधु तिर्की ने सभी मोर्चा अध्यक्षों को निर्देशित किया कि वे शीघ्र ही अपनी-अपनी कमेटियों का पुनर्गठन सुनिश्चित करें, ताकि संगठनात्मक ढांचे में नई जान फूंकी जा सके। इस विशेष बैठक में प्रो. करमा उरांव, उप प्रमुख मुदस्सिर हक, मजकुर आलम सिद्दीकी, वरिष्ठ नेता मो. मजेबुल्ला, नवल सिंह, अबू माज़, समीम अख्तर, मंगा उरांव, इश्तियाक अंसारी, रमेश महली, जयंत बरला, मांगलेश्वर उरांव, अजित सिंह, सुजीत साही, संभु बैठा, बिरशु तिर्की, पंचू मिंज, मो. फहीम समेत मांडर विधानसभा क्षेत्र के सभी प्रखंड अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष, प्रकोष्ठ अध्यक्ष और पंचायत अध्यक्ष उपस्थित रहे। बैठक में संगठन को मजबूत करने, नीतिगत दिशा तय करने और जनसंपर्क बढ़ाने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। सभी कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर आने वाली राजनीतिक चुनौतियों से निपटने का संकल्प लिया।



### महिला संवाद से मिल रहा महिलाओं को खुलकर अपनी बात करने का मंच

# महिला सशक्तिकरण को नयी दिशा देने का हो रहा प्रयास : नीतू देवी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** खिजरी विधानसभा के सक्रिय नेत्री सह जमुई जिला के पर्यवेक्षक नीतू देवी के नेतृत्व में जमुई जिला के सिकंदरा विधानसभा के कैथा पंचायत के तेलार गांव में बिहार के नीतीश सरकार में महंगाई,बेरोजगारी, पलायन,भ्रष्टाचार को लेकर जीविका दीदी,सेविका सहिया और आशा दीदी महिलाओं की बात कांग्रेस के साथ,महिला संवाद ग्राम संगठनों के माध्यम से महिला संवाद कार्यक्रम का आयोजना किया गया.वहीं शेष पंचायतों में ग्राम संगठनों के माध्यम से कार्यक्रम का आयोजन किया गया. भीषण गर्मी में भी महिलाओं ने कार्यक्रम में सक्रिय भागीदारी दिखाई पड़ी.नीतू देवी ने कहा कि कैथा पंचायत के सभी गांवो में कार्यक्रम हो रहा है. इन कार्यक्रमों के माध्यम से गांव की महिलाओं को स्थानीय समस्याओं को लेकर अपनी बात करने का खुला मंच मिला है. महिला सशक्तिकरण को नयी दिशा देने का हो रहा प्रयास अखिल भारतीय महिला कांग्रेस ने बिहार में महिला सशक्तिकरण को नयी दिशा देने के उद्देश्य से महिला संवाद कार्यक्रम का आयोजित किया जा रहा है. इस संवाद का उद्देश्य महिलाओं को जागरूक करना,उनकी आवाज को बुलंद करना और उनके सामाजिक,आर्थिक तथा राजनैतिक सशक्तिकरण को सुनिश्चित करना है. कार्यक्रम में इस बात पर चर्चा की जा रही है कि महिलाओं के समग्र विकास के लिए और किन-किन प्रयासों की जरूरत है. समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाया जा सकता है. महिला संवाद ने जमुई की महिलाओं को एक मंच प्रदान किया, जहां वे अपनी समस्याओं को साझा कर सकें और उनके समाधान की दिशा में कदम बढ़ा सकें.



## खेल और पर्यटन को बढ़ावा देने को लेकर उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला खेल एवं पर्यटन संवर्धन समिति की बैठक संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** जिले में खेल और पर्यटन क्षेत्र के समग्र विकास को लेकर उपायुक्त लोकेश मिश्रा की अध्यक्षता में जिला खेल एवं पर्यटन संवर्धन समिति की बैठक समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में आयोजित की गई। बैठक में संबंधित अधिकारियों के साथ जिला में संचालित योजनाओं की प्रगति की गहन समीक्षा की गई एवं आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

बैठक में जिला खेल पदाधिकारी ने बताया कि माननीय मंत्री, पर्यटन, कला-संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग के निर्देशानुसार जिले में मिनी स्टेडियम निर्माण हेतु कार्यकारी एजेंसी एनआरईपी द्वारा प्राक्कलन तैयार किया जा रहा है। साथ ही, खूंटी के आवासीय हॉकी प्रशिक्षण केंद्र (बालक) के प्रशिक्षुओं के लिए भोजन आपूर्ति हेतु निविदा प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है अड़की प्रखंड के चलकद स्थित राजकीय उच्च विद्यालय में डे-बोर्डिंग हॉकी प्रशिक्षण केंद्र स्थापित करने हेतु विभाग को प्रस्ताव भेजा गया है। वहीं, बीते दिनों तेज बारिश, ओलावृष्टि और आंधी-तूफान के कारण क्षतिग्रस्त बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम के गैलरी शेड की मरम्मत के लिए भी एनआरईपी द्वारा प्राक्कलन तैयार किया जा रहा है इसके अतिरिक्त, बिरसा मुंडा एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम के क्षतिग्रस्त एस्ट्रोटर्फ मैदान की मरम्मत हेतु विभाग को पत्र भेजा गया है। बैठक में खूंटी जिले में एक मेगा स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स निर्माण तथा खूंटी हेल्थ क्लब को नगर पंचायत से जिला खेल कार्यालय को हस्तांतरित करने पर भी विचार-विमर्श किया गया पर्यटन क्षेत्र की समीक्षा के दौरान जिला पर्यटन पदाधिकारी ने उपायुक्त को जानकारी दी कि डोम्बारी बुरु, पेरवाघाघ, रीमिक्स जलप्रपात एवं दशम फॉल के सौंदर्यीकरण का कार्य प्रगति पर है। उपायुक्त ने इन कार्यों को समयबद्ध ढंग से पूर्ण करने का निर्देश दिया। साथ ही यह भी अवगत कराया गया कि रानी फॉल में बोरिंग और शौचालय के जीर्णोद्धार का कार्य पूर्ण हो चुका है।

बैठक में जिला खेल पदाधिकारी, जिला पर्यटन पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।



## साई मंदिर लापुंग में धूमधाम से मनाया गया 32वां स्थापना दिवस

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेड़ो :** लापुंग स्थित प्रसिद्ध साई मंदिर में बुधवार को 32वां स्थापना दिवस श्रद्धा, आस्था और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। पूरे दिन चले धार्मिक आयोजनों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और मंदिर परिसर भक्ति-भाव से सराबोर रहा। आयोजन में सजीवता और भव्यता ने कार्यक्रम को अविस्मरणीय बना दिया। कार्यक्रम की शुरुआत अलसुबह 5ः15 बजे बाबा की ककड़ आरती से हुई, जिसके बाद श्रद्धालुओं का तांता लग गया। सुबह 10ः00 बजे क्षेत्र की 251 महिलाओं ने पारंपरिक परिधानों में कलश यात्रा निकाली, जो मंदिर परिसर से शुरू होकर लापुंग बाजार का भ्रमण करती हुई पुनः मंदिर लौटी। इस दृश्य ने पूरे क्षेत्र को आध्यात्मिक रंग में रंग दिया। कलश यात्रा के उपरांत 11ः00 बजे साई बाबा का अभिषेक विधिपूर्वक किया गया और दोपहर 12ः00 बजे मध्यान्ह आरती सम्पन्न हुई। इसके पश्चात दोपहर 1ः00 बजे पंच देवता पूजन, नवग्रह पूजन एवं जग का शुभारंभ पंडित राजकुमार पाठक एवं पंडित विकास पाठक के नेतृत्व में पाँच विद्वान पंडितों द्वारा मंत्रोच्चार और वैदिक विधियों से सम्पन्न हुआ। शाम 5ः00 बजे हवन और 6ः00 बजे धूप आरती के साथ संध्या काल की धार्मिकता ने भक्तों को अध्यात्म से जोड़ दिया। रात 10ः00 बजे बाबा की सेज आरती के साथ दिनभर चले कार्यक्रम का समापन भक्ति की गहराई में डूबे भावपूर्ण वातावरण में हुआ। इस धार्मिक आयोजन का समापन 24 अप्रैल को सुबह 11ः00 बजे विसर्जन कार्यक्रम के साथ होगा। आयोजन को सफल बनाने में मनोज उरांव, सत्येंद्र भगत, पवन साहू, प्रसन्न जी, आदित्य कुमार पांडे, हीरालाल शेखर सिंह, राजधन शेखर सिंह, विजय महतो, नपिंदर सिंह, नाथूराम भगत, गुंदर तिर्की एवं संतोष चौरसिया की सराहनीय भूमिका रही, जिन्होंने आयोजन की हर बारीकी का ख्याल रखा ।



# गुलशन डुंगडुंग बने बीसा मिनी मैराथन दौड़ के विजेता

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**अनगड़ा :** अमर बलिदानी जीतराम बेदिया के 169वीं बलिदान दिवस के मौके पर बुधवार को बीसा में 5 किमी का मिनी मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। दौड़ गेतलसूद चौक से बीसा स्थित जीतराम चौक तक हुई। मुख्य अतिथि भाजपा के पूर्व रांची जिलाध्यक्ष जैलेन्द्र कुमार ने हरी झंडी दिखाकर दौड़ को रवाना किया। मिनी मैराथन के विजेता रांची के गुलशन डुंगडुंग रहे। इन्होंने 14.17 मिनट में अपनी दौड़ पूरी की। दूसरे स्थान पर रामगढ् के छोटेलाल महतो व तीसरे स्थान पर चतरा के सतीश कुमार महतो रहे। दौड़ के टाप 20 धावकों को मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। विजेता को पांच हजार, उपविजेता को 31 सौ व तीसरे स्थान के प्रतिभागी को 2100 नकद राशि देकर पुरस्कृत किया गया। पिछले तीन सालों से जयराम स्पोर्टस क्लब बीसा मिनी मैराथन दौड़ का आयोजन कर रहा है। मुख्य अतिथि भाजपा के पूर्व रांची जिलाध्यक्ष जैलेन्द्र कुमार ने पुरस्कार वितरण किया। अतिथि के रूप में नवागढ़ मुखिया भुवनेश्वर बेदिया, बीसा मुखिया मंजोती देवी, पंसस मानेश्वर मुंडा, समाजसेवी सत्येन्द्र मुंडा, गंधिया करमाली थे। जैलेन्द्र कुमार ने कहा कि इस तरह के आयोजन की तैयारी प्रतिभागी सालभर करते है। सालभर की जानेवाले तैयारी के कारण प्रतिभागी नकारात्मक विचार से दूर रहकर सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ते है। स्वस्थ् तन में ही स्वस्थ मन बसता है। और अपने लक्ष्य को पाने के लिए स्वस्थ शरीर होना पहली शर्त है। विजेता गुलशन डुंगडुंग ने बताया कि प्रतिदिन सुबह में दो घंटा दौड़ की प्रैक्टिश करते आये है। सालोंभर की मेहनत का नतीजा ही आज का परिणाम है। पहली बार दौड़ में भाग लेने पहुंचे है। आयोजन को सफल बनाने में जयराम स्पोर्टस क्लब बीसा के अध्यक्ष जयराम बेदिया, जोन्हा पंचायत समिति दिलीप बेदिया रामदेव बेदिया, सोनाराम बेदिया, रोहित बेदिया, पिकेश्वर बेदिया, संतोष बेदिया, सोहित बेदिया, जुकेशवर बेदिया, दीपक बेदिया, प्रेम बेदिया, धीरज लोहरा, सुमित मुण्डा, अनिल बेदिया, गोविंद बेदिया, बालकिशोर बेदिया, दिलबर बेदिया, सहीराम बेदिया, विभीषण बेदिया आदि का योगदान रहा।



## 1857 की क्रांति के वीर योद्धा, अमर शहीद जीतराम बेदिया को मंत्री संजय सेठ ने की श्रद्धांजलि अर्पित

**ओरमांझी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र के गगारी और खटंगा गाँव के बीच स्थित घोड़ागढ़ा (शहीद स्थल) पर केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ पहुंचे। जहाँ 1858 में अंग्रेजों से लोहा लेते हुए महान स्वतंत्रता सेनानी शहीद जीतराम बेदिया ने अपने प्राणों की आहुति दी थी।केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीण जनों के साथ शहीद की स्मृति पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। मौके पर उन्होंने कहा कि 1857 की स्वतंत्रता संग्राम में जब अंग्रेजी सत्ता कांप रही थी, तब शेख भिखारी, टिकैत उमरांव सिंह,और जीतराम बेदिया जैसे महावीरों ने चुटुपालु घाटी में अंग्रेजों के दाँत खट्टे कर दिए।शहीद जीतराम बेदिया की वीरता, रणनीति और मातृभूमि के प्रति समर्पण हमें सदैव प्रेरणा देता रहेगा। और उन्होंने आगे कहा कि उनकी शहादत को प्रणाम करते हुए हम सब संकल्प लेते हैं कि उनके दिखाए मार्ग पर चलकर राष्ट्रसेवा और समाजसेवा में तत्पर रहेंगे। मौके पर मुख्य रूप से किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष अमरनाथ चौधरी, पूर्व उप प्रमुख सह वरिष्ठ समाजसेवी जयगोविंद साहू उर्फ लालू साहू,दिलीप मेहता,राजेश गुप्ता,मुखिया दीपक बडाईक,उप मुखिया संतोष गुप्ता,शशि मेहता,विक्रांत तिवारी और सैकड़ो कार्यकर्ता मौके पर उपस्थित थे।

## मांडर प्रखंड के सभी पंचायत भवन के प्रज्ञा केंद्र मे विवाह निबंधन की प्रक्रिया शुरू

**मांडर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मांडर प्रखंड के सभी पंचायत भवन के प्रज्ञा केंद्र मे विवाह निबंधन की प्रक्रिया सुरु कर दी गईं है प्रखंड प्रमुख फिलिप सहाय एक्का ने बताया की अब इसके लिए लोगो को कचहरी का चक्कर नही लगाना होगा आज मांडर प्रमुख कार्यालय मे पहला विवाह प्रमाण पत्र सरिता खलखो पति अनमोल नियोन एक्का को प्रमुख फिलिप सहाय एक्का सीताराम साहू और अंजनी ज्योति टोप्पो के हाथो द्वारा दिया गया,विवाह पंजीकरण के लिए आवश्यक दस्तावेज दूल्हे का आधार कार्ड, और पहचान पत्र, दुल्हन का आधार कार्ड और पहचान पत्र,दूल्हे एंव दुल्हन का पासपोर्ट साइज फोटो दूल्हे एंव दुल्हन का हस्ताक्षर, लेटर पेड पर मुखिया द्वारा प्रमाणित हस्ताक्षर एवं मुहर, तीन फोटो शादी का जोड़े का, 3 गवाह का आधार एंव पहचान पत्र, 3 गवाह का पासपोर्ट फोटो 3 गवाह का हस्ताक्षर आवश्यक होगा, विवाह निबंधन कराने के बाद कन्यादान हेतु बाल विकास कार्यालय से सम्पर्क किया जा सकता है। मौक़े पर प्रखंड पंचायती पदाधिकारी सीताराम साहू, अंजनी ज्योति टोप्पो, कृति कुमारी, प्रेम साहू, फिरोज अन्सारी मौजूद थे।

## मुखिया ने साप्ताहिक बाजार में सार्वजनिक शौचालय एवं स्नानागार का किया उद्घाटन

**ओरमांझी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखण्ड क्षेत्र के ओरमांझी पंचायत के ओरमांझी साप्ताहिक बाजार टांड़ में कृषि उत्पादन बाजार समिति रांची के सौजन्य से निर्मित सार्वजनिक शौचालय एवं स्नानागार का उद्घाटन मुखिया दीपक बड़ाईक व उप मुखिया संतोष कुमार गुप्ता ने संयुक्त रूप से किया।इसमें तीन शौचालय पुरुष के लिए व तीन शौचालय महिलाओं के लिए बनाया गया है। प्रखण्ड क्षेत्र में यह पहला सामुदायिक शौचालय बनाया गया है । उद्घाटन के समय मौजूद मुखिया दीपक बड़ाईक ने बताया कि इस शौचालय से साप्ताहिक बाजार में आने वाले लोगों को लाभ मिलेगा। वहीं उन्होंने स्वच्छता के महत्व पर प्रकाश डाला कहा कि हम अपने जीवन में स्वच्छता को अपनाएंगे तो हम स्वयं को ही नहीं आसपास के वातावरण को भी शुद्ध एवं स्वच्छ रखेंगे। इसमें स्वचालित जलापूर्ति व्यवस्था और प्रकाश की व्यवस्था की गई है। शौचालय को रख रखाव के लिए एक आदमी एवं न्यूनतम शुल्क निर्धारित किया गया है। मौके पर ग्राम प्रधान दीनदयाल लोहार मुंडा,वार्ड सदस्य मीना देवी, दुर्गा शंकर साहू व ग्रामीण उपस्थित थे।

## झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन जोनल कमेटी की बैठक में शामिल हुए पिपरवार के लोग

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखण्ड कोलियरी मजदूर यूनियन की जोनल कमेटी की बैठक मांडु के हेसागढा संपन्न हुई।इस बैठक में झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन पिपरवार क्षेत्रीय समिति के कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता भी शामिल हुए।यूनियन के पिपरवार क्षेत्रीय सचिव इकबाल हुसैन ने बताया कि बैठक मे संगठन की मजबूती,सदस्यता अभियान चलाने,20 मई को प्रस्तावित हड़ताल को सफल बनाने, यूनियन की होने वाले अधिवेशन की तैयारी में लग जाने सहित विस्थापितों और मजदूरों की समस्याओं का समाधान करने हेतु संघर्ष तेज करने, कोयला उत्पादन डिस्पैच,संगठित और असंगठित मजदूरों के कल्याणकारी कार्य जैसे कई अहम मुद्दों पर गहन चिंतन मंथन किया गया।मजदूरों एवं विस्थापितों के मुद्दो पर सभी एरिया के महाप्रबंधक एंव परियोजना पदाधिकारियों को ज्ञापन सौपने का निर्णय लिया गया। बैठक में मजदूरों की समस्याओं का समाधान नहीं होने पर यूनियन के द्वारा उग्र आंदोलन करने की चेतावनी दी गई।बैठक मे एनके एरिया,पिपरवार,आम्रपाली चन्द्रगुप्त, मगध संघमित्रा, कुजू,अरगडडा,कथारा, सहित सभी एरिया के अध्यक्ष व सचिव शामिल हुए।बैठक मे मुख्य रूप से यूनियन के जोनल अध्यक्ष फागु बेसरा,जोनल सचिव जयनारायन महतो, राजकुमार महतो,इकबाल हुसैन,मनोज चंद्रा,रंथु उरांव, जगरनाथ महतो,मोहम्मद अफजल,तुलसी भोक्ता, मोहम्मद कुर्बान,अकल उरांव,इकबाल अहमद,शंकर पासवान गुरदयाल साव सहित कई लोग शामिल हुए।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर पुरानीराय में मनाया गया वीर कुंवर सिंह की जयंती

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** कोयलांचल क्षेत्र के सरस्वती शिशु विद्या मंदिर पुरानीराय में बुधवार को वीर कुंवर सिंह की जयंती मनाई गई।इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक योगेंद्र ठाकुर ने वीर कुंवर सिंह के तस्वीर पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।मौके पर विद्यालय के शिक्षक योगेंद्र ठाकुर ने वीर कुंवर जी के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वीर कुंवर सिंह जिन्हें बाबू कुंवर सिंह कहा जाता है।इनका जन्म बिहार के भोजपुर जिला जगदीशपुर नामक गांव में 13 नवम्बर 1777 ई को हुआ था।इन्होंने 1857 के विद्रोह में भाग लिया था।बड़े ही हिम्मत और साहस के साथ अंग्रेजों को धूल चटाई थी।वीर कुंवर सिंह जी इतने वीर योद्धा थे कि 80 वर्ष के उम्र में भी यह युद्ध करने तथा विजय प्राप्त करने के लिए जाने जाते थे। 23 अप्रैल के दिन उन्होंने अंग्रेजों को जगदीशपुर से भगाकर विजय प्राप्त किया था।इसी कारण आज के दिन को विजय दिवस के रूप में मनाया जाता है।उनकी मृत्यु 26 अप्रैल 1858 में हुआ था।उन्होंने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि हमलोग को कभी भी हिम्मत नहीं हारनी चाहिए और अपने जीवन में सफलता प्राप्ति के लिए तत्पर रहना चाहिए।वर्तमान मे उनके दिखाएं मार्ग पर चलकर उनके अधूरे सपनों को साकार करने की जरूरत है।इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक एंव बच्चे मौजूद थे।

## दूरसंचार सलाहकार समिति सदस्य बनने पर अंसार खान ने बब्बन मियां को दी बधाई



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** भारत सरकार की दूरसंचार सलाहकार समिति के सदस्य बनने पर पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमेटी के जिला उपाध्यक्ष अंसार खान ने अपने मित्र डॉक्टर जुबेदुर रहमान उर्फ बब्बन मियां का बाराबस्ती स्थित उनकी कोठी पर फूलों का गुलदस्ता देकर स्वागत किया। अंसार खान ने कहा कि भले ही वे कांग्रेस पार्टी से जुड़े हैं और बब्बन मियां केंद्र सरकार के विभिन्न अहम पदों पर कार्यरत हैं, लेकिन दोनों के बीच कभी भी पार्टी के आधार पर मतभेद नहीं होते। बब्बन मियां को उनके सामाजिक कार्यों के लिए कई प्रतिष्ठित पुरस्कार मिल चुके हैं, जिनमें सिंगापुर का लिगेसी इंटरनेशनल अवार्ड और भारत गौरव अवार्ड शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, बब्बन मियां ने 120 गायों की देखभाल कर उनका दूध गरीबों की शादियों में बांटा है।

## कुचाई में 19 लाभुकों के बीच बकरी-बकरा वितरण



**खरसावां (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** खरसावां के कुचाई प्रखंड मुख्यालय में मंगलवार को मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत 19 लाभुकों के बीच बकरी-बकरा का वितरण किया गया। वैष्णवी एंटरप्राइज, रांची के माध्यम से आयोजित इस कार्यक्रम में बारूहातु पंचायत की मुखिया रेखामनी उरांव एवं पशुपालन पदाधिकारी डॉ. मोनिका मार्डी ने लाभुकों को चार बकरी और एक बकरा प्रदान किया। मुखिया ने इसे ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में राज्य सरकार का सशक्त प्रयास बताया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन गरीबों के उत्थान हेतु प्रतिबद्ध हैं और पशुधन आधारित योजनाएं इस दिशा में मददगार साबित हो रही हैं। डॉ. मार्डी ने बताया कि राज्य सरकार किसानों की आय वृद्धि के लिए विभिन्न योजनाएं चला रही है। मौके पर प्रभास महतो, करमी महतो, शुभम साहु समेत कई लोग मौजूद थे।

## विश्व पृथ्वी दिवस पर सेंट्रल करीमिया +2 विद्यालय में पर्यावरण जागरूकता सेमिनार



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) ।** सेंट्रल करीमिया +2 विद्यालय के भूगोल विभाग ने 23 अप्रैल 2025 को विश्व पृथ्वी दिवस पर एक सेमिनार का आयोजन किया। कार्यक्रम की शुरुआत कहकशां जबीन ने पृथ्वी दिवस के महत्व को बताकर की। शफाक सिद्दीकी ने भूगोल की परिभाषा प्रस्तुत की, जबकि खुशी मोदक और टीकाराम नायक ने उदाहरणों सहित पृथ्वी दिवस की जानकारी दी। +2 विभाग की इंचार्ज नुजहत नेसार ने इसके इतिहास पर प्रकाश डाला। भूगोल विभाग की प्रमुख डॉ. आले अली ने अपशिष्ट प्रबंधन की उपयोगिता पर विचार रखे। इस अवसर पर प्राचार्य एस. के. कुतुबुद्दीन अंसारी, प्रभारी प्राचार्य वहीदा मैम सहित शिक्षकगण उपस्थित रहे। नैला मैम ने धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम का समापन पृथ्वी संरक्षण की शपथ के साथ हुआ।

## सोना देवी विश्वविद्यालय में गूगल ऑनलाइन टेस्ट : फार्मेसी छात्रों ने मारी बाजी




**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) ।** सोना देवी विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग एण्ड टेक्नोलॉजी विभाग ने बुधवार को पहली बार गूगल ऑनलाइन टेस्ट का आयोजन किया, जिसमें 30 छात्रों ने हिस्सा लिया। यह टेस्ट कंप्यूटर के बेसिक ज्ञान पर आधारित था। फार्मेसी विभाग के छात्रों ने परीक्षा में बेहतरीन प्रदर्शन किया, जिसमें नेहा ठाकुर ने पहला, कौशलेन्द्र कुमार यादव ने दूसरा और साध्बी कुमारी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। कुलाधिपति श्री प्रभाकर सिंह ने विजेताओं को सम्मानित किया। कुलसचिव डॉ. गुलाब सिंह आजाद और सहायक कुलसचिव अर्चना सिंह ने प्रमाण पत्र वितरित कर छात्रों को आगे बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष पूजा तिवारी, सहायक प्राध्यापक दानिया अशरफ और अन्य फैकल्टी सदस्य उपस्थित थे।

## भालुबासा में श्याम महोत्सव की तैयारी को लेकर बैठक सम्पन्न



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) ।** श्री श्याम भक्त मंडल भालुबासा द्वारा 11 मई (रविवार) को आयोजित होने वाले भव्य श्याम महोत्सव की तैयारी को लेकर मंडल कार्यालय में बैठक सम्पन्न हुई। अध्यक्ष मुरारी अग्रवाल ने बताया कि सुबह 8 बजे से अखंड ज्योति पाठ और रात 8ऱ30 बजे से संकीर्तन होगा। संयोजक पवन अग्रवाल ने सामूहिक प्रयास का आह्वान किया। महिला शाखा की रिंकू अग्रवाल (अध्यक्ष) व उषा गुप्ता (सचिव) को पाठ की जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक में बजरंग केलवालका, अरुण अग्रवाल, राजू खंडेलवाल, बसंत अग्रवाल, कमलेश अग्रवाल, वेद प्रकाश उपाध्याय, नितिन चौधरी, मालीराम अग्रवाल, अंकित अग्रवाल, वर्गिस अग्रवाल, हैप्पी अग्रवाल, विकास अग्रवाल सहित कई सदस्य उपस्थित थे।

## कुचाई : सांसद प्रतिनिधि ने गोदाम निर्माण में अनियमितता पकड़ी



**खरसावां (प्रभात मंत्र संवाददाता) ।** कुचाई के तोडांगडीह में साहकारिता विभाग द्वारा बन रहे गोदाम के निर्माण कार्य में अनियमितता उजागर हुई हैं। सांसद प्रतिनिधि मान सिंह मुंडा के नेतृत्व में कांग्रेसी नेताओं ने निर्माण स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि श्रमिकों को निर्धारित मजदूरी से कम भुगतान किया जा रहा है। महिला कर्मी (रेजा) को 250 रुपये और कुली को 300 रुपये मजदूरी मिल रही है, जबकि सरकारी दर 443 रुपये है। इसके अलावा, योजना से संबंधित डिस्प्ले बोर्ड भी नहीं लगाया गया। सांसद प्रतिनिधि ने मामले की जांच की मांग की और कहा कि जब तक श्रमिकों को उचित मजदूरी और गुणवत्ता में सुधार नहीं होगा, तब तक निर्माण कार्य जारी नहीं होना चाहिए।

## पृथ्वी दिवस पर बच्चों की रैली और नुक्कड़ नाटक




**चांडिल (प्रभात मंत्र संवाददाता) ।** चांडिल अनुमंडल में पृथ्वी दिवस के अवसर पर डीएमपीएस स्कूल के विद्यार्थियों ने पर्यावरण जागरूकता के लिए रैली और नुक्कड़ नाटक किया। छात्र-छात्राओं ने चांडिल बाजार में पोस्टर के साथ पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। प्रधानाचार्य सम्पा बैनर्जी ने प्रदूषण रोकने और हरियाली बढ़ाने की अपील की। बच्चों ने नाटक के ज़रिए जल संरक्षण और पौधारोपण के महत्व को रेखांकित किया। दलमा में प्रभात रैली चाकुलिया से शुरू होकर चेक नाका तक पहुँची। फॉरेस्टर सागर कुमार श्रीवास्तव ने बच्चों को बताया कि पृथ्वी दिवस पर्यावरण संरक्षण के लिए वैश्विक प्रयास है। मौके पर वनरक्षी अचिंत कुमार राणा, हरी प्रसाद अग्रवाल सहित विभागीय कर्मी उपस्थित थे।

# सरकारी स्कूलों के बच्चों को निजी कंपनियों में मिलेगा एक्सपोजर, 8 मई को होगा भ्रमण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**जमशेदपुर ।** सरकारी स्कूलों के बच्चों को अब किताबों से बाहर निकलकर हकीकत की दुनिया से रूबरू होने का मौका मिलेगा। जिला प्रशासन ने प्रोजेक्ट अन्वेषण 2.0 के तहत जिले के 25 सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों को शहर की प्रमुख कंपनियों और संस्थानों का शैक्षणिक भ्रमण कराने का निर्णय लिया है। इसको लेकर उपायुक्त अनन्य मित्तल की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में एक अहम बैठक हुई, जिसमें उप विकास आयुक्त अनिकेत सचान समेत कंपनियों के प्रतिनिधि शामिल हुए। गर्मी को देखते हुए भ्रमण की पूरी रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई। बच्चों की यात्रा, भोजन, सुरक्षा और समय प्रबंधन को लेकर निर्देश दिए गए। 8 मई को प्रस्तावित इस भ्रमण कार्यक्रम में कक्षा 9वीं से 12वीं तक के छात्र-छात्राएं भाग लेंगे। बच्चों को जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, शूटिंग रेंज, टाटा मोटर्स, सीएसआईआर-एनएमएल, रूसी मोदी सेंटर ऑफ एक्सेलेंस, एनटीटीएफ, टाटा स्टील यूटिलिटीज, जेएन टाटा वोकेशनल इंस्टीट्यूट, आईडीटीआर-कमिंस और जूलॉजिकल पार्क जैसे संस्थानों का दौरा कराया जाएगा। इस पहल से बच्चों को खेल, विज्ञान, तकनीक, पर्यावरण और व्यावसायिक कौशल की दुनिया को नजदीक से समझने का मौका मिलेगा। वे औद्योगिक प्रक्रियाओं, अनुसंधान कार्यों, शहरी सेवाओं और वन्यजीव संरक्षण जैसे विषयों से रूबरू होंगे। प्रशासन का मानना है कि इस तरह के एक्सपोजर विजिट बच्चों के भीतर नवाचार और करियर के प्रति जागरूकता बढ़ाएंगे और उन्हें बेहतर भविष्य के लिए प्रेरित करेंगे।

## वक्फ कानून 2025 के खिलाफ पर्सनल लॉ बोर्ड की आमसभा एक मई को




### - पहलगाम घटना की निंदा करते हुए मृतकों को दी श्रद्धांजलि

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर ।** ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड की ओर से बुधवार को होटल एशियन इन में प्रेस वार्ता आयोजित की गई। कार्यक्रम की शुरुआत पहलगाम में हुई गोलीबारी की घटना में मृतकों को श्रद्धांजलि देकर की गई। बोर्ड के संयोजक रियाज शरीफ ने बताया कि केन्द्र सरकार द्वारा पारित वक्फ कानून 2025 समुदाय विशेष के अधिकारों की अनदेखी कर लाया गया है। इसमें 44 संशोधन ऐसे हैं, जिससे वक्फ संपत्तियों की हिफाजत मुश्किल हो जाएगी। उन्होंने बताया कि इस कानून के विरोध में एक मई को होटल ब्लू डाइमंड (बिष्टुपुर) में शाम पांच बजे से आमसभा होगी। इसमें मौलाना खालिद सैफुल्ला रहमानी, डॉ. इरफान अंसारी, सांसद डॉ. मोहम्मद जावेद, मौलाना उबैदउल्लाह आजमी सहित कई प्रमुख वक्ता शामिल होंगे। प्रेस वार्ता में मुफ्ती निशात अहमद, मौलाना हबीबी, शाहिद अख्तर सहित कई गणमान्य मौजूद थे।

## टाटानगर बासुकीनाथ मंडली धर्मशाला की आमसभा सम्पन्न, नई कार्यकारिणी गठित



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) ।** टाटानगर बासुकीनाथ मंडली धर्मशाला की वार्षिक आमसभा सिंहभूम चेम्बर भवन में सम्पन्न हुई। महासचिव सुरेश हरनाथका ने कार्य रिपोर्ट तथा कोषाध्यक्ष राधेश्याम अग्रवाल ने आय-व्यय विवरण प्रस्तुत किया। अध्यक्ष इन्दर अग्रवाल ने संस्था की सेवाओं को विस्तार देने की बात कही। चुनाव पदाधिकारी सत्यनारायण खंडेलवाल ने सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी की घोषणा की। नई समिति मेंऱ अध्यक्ष - इन्दर अग्रवाल, उपाध्यक्ष - संतोष खेतान, राजकुमार संघी, महासचिव - सुरेश हरनाथका, उपसचिव - अनील गोयल, सुशील खीरवाल, कोषाध्यक्ष - राधेश्याम अग्रवाल। सदस्यऱ रामअवतार अग्रवाल, दिनेश सिंघानिया, विठ्ठल अग्रवाल, प्रकाश मोदी, मनोज चौधरी, रवि पटेल, संतोष अग्रवाल, प्रवीण गुटगुटीया, रीतेष अग्रवाल, विनय अग्रवाल, उत्तम नरेडी, नन्दलाल अग्रवाल, ललीत सरायवाला, मनोज चेतानी।

## जमशेदपुर महिला समिति ने धूमधाम से मनाया नववर्ष



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) ।** जमशेदपुर महिला समिति ने बुधवार को पारंपरिक उल्लास के साथ नववर्ष समारोह मनाया। कार्यक्रम की शुरुआत अध्यक्ष ज्योत्सना डे द्वारा सभी को शुभकामनाएं देकर हुई। सचिव दीप्ति सरकार ने स्वागत भाषण दिया। रवीन्द्रनाथ ठाकुर के गीत आनन्द लोके मंगला लोके की भावपूर्ण प्रस्तुति माला, कलि, झुमा, संघमित्रा, आमेरी, प्रीतिलेखा, पूर्वी और शुभ्रा ने दी। संघमित्रा और समृद्धि तलपात्रो के नृत्य ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। काजल और माला ने कविता पाठ किया, जबकि झरना कर ने बंगाली समाज की परंपराओं पर अपने विचार रखे। पूर्वी घोष ने भी अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम का संचालन प्रीतिलेखा राय ने किया। सभी सदस्यों ने पारंपरिक व्यंजनों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का आनंद उठाया।

## पहलगाम आतंकी हमले की कड़ी निंदा, देश देगा मुंहतोड़ जवाब : संजीव सरदार



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता)।** विधायक संजीव सरदार ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा कि यह हमला कायरता की चरम सीमा है और देश की एकता व शांति पर सीधा प्रहार है। पूरा देश इस घटना से आहत है, लेकिन हम एकजुट होकर आतंक का मुंहतोड़ जवाब देंगे। विधायक ने शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना प्रकट करते हुए केंद्र सरकार से आतंकियों और उन्हें पनाह देने वालों पर सख्त कार्रवाई की मांग की। उन्होंने कहा कि देशवासियों की सुरक्षा सर्वोपरि है और अब निर्णायक कदम उठाने का समय है। श्री सरदार ने सुरक्षाबलों की बहादुरी को सलाम करते हुए कहा कि देश को अपने जवानों पर गर्व है। उन्होंने कहा कि आतंक के खिलाफ लड़ाई में राजनीतिक मतभेद भुलाकर पूरे देश को एक साथ खड़ा होना होगा।

## करीम सिटी कॉलेज में प्लेसमेंट ड्राइव, 18 छात्रों का चयन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**जमशेदपुर :** करीम सिटी कॉलेज में 23 अप्रैल, 2025 को उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक द्वारा कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित किया गया। इस अवसर पर बी.कॉम (ऑनर्स) एवं बीबीए के कुल 35 विद्यार्थियों ने साक्षात्कार में भाग लिया, जिनमें से 18 विद्यार्थियों का चयन हुआ। बैंक की भर्ती टीम में राहुल झा, नीरज और साकेत कुमार सिंह शामिल थे। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. मोहम्मद रियाज ने चयनित विद्यार्थियों को बधाई दी। यह कार्यक्रम डॉ. अनवर शाहाब (प्रमुख समन्वयक, एम्प्लॉयबिलिटी एनहांसमेंट यूनिट) के निर्देशन में संपन्न हुआ। डॉ. जी. विजयलक्ष्मी (कोऑर्डिनेटर, प्लेसमेंट सेल), डॉ. रश्मि अख्तर, डॉ. आफताब आलम और डॉ. फौजिया तबस्सुम की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

## कांग्रेस की कुचाई में संगठन सृजन 2025 को लेकर अहम बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**खरसावां ।** कांग्रेस पार्टी द्वारा बुधवार को कुचाई आम बगान में प्रखंड अध्यक्ष फागु मुंडा की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में संगठन सृजन 2025 अभियान को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। इस अवसर पर मुख्य रूप से प्रखंड पर्यवेक्षक कैलाश महतो एवं सांसद प्रतिनिधि मानसिंह मुंडा उपस्थित थे। सांसद प्रतिनिधि मानसिंह मुंडा ने कहा कि संगठन सृजन का उद्देश्य कांग्रेस पार्टी को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत बनाना है। पंचायत और वार्ड स्तर तक समिति गठन करते हुए सभी वर्गों की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। कार्यक्रम को व्यापक रूप से सफल बनाने के लिए स्थानीय कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियाँ सौंपी जाएंगी। बैठक के दौरान प्रखंड समिति का विस्तार करते हुए करन हेंब्रम एवं सुमित महतो को उपाध्यक्ष तथा नाजिर मुंडा, मनोज कुमार मुंडा, राजीव महतो, दांसर बोदरा, सोनाराम बोदरा, जोहन पुर्ति, बागुन मुंडा, सचिन सुंडी एवं ठाकुर प्रमाणिक को महासचिव मनोनीत किया गया। विस्तारित समिति का अनुमोदन जिला समिति से लिया जाएगा। बैठक में सांसद प्रतिनिधि मान सिंह मुंडा सहित कृष्णा चंद्र सोय, गोपाल चंद्र सोय, देवेंद्र सोय, रतन मुंडा, श्याम लाल सोय, महेश्वर उरांव, गुलाव मुंडा सहित कई कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## विद्या भारती स्कूल का छात्र दीपांकर ने जेईई मेन में हासिल किया 96 परसेंट

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**जमशेदपुर :** नुआग्राम निवासी भास्कर चंद्र डे के पुत्र दीपंकर डे ने जेईई मेन परीक्षा में 96 परसेंट हासिल कर एडवांस के लिए क्वालीफाई किया है। दीपंकर ने विद्या भारती इंग्लिश स्कूल हाता से अपनी शिक्षा प्राप्त की है। वह एक मध्य वित्त परिवार से आते हैं और उनकी सफलता उनके कठिन संघर्ष का परिणाम है। इस सफलता पर उन्हें उनके परिवार, शिक्षक और समाज के अन्य सदस्यों से ढेर सारी शुभकामनाएं प्राप्त हो रही हैं। उनके बड़े चाचा सुनील कुमार डे, शिक्षाविद शंकर चंद्र गोप, डॉक्टर अरविंद कुमार लाल, विश्वामित्र खंडायत, और कई अन्य प्रतिष्ठित व्यक्तियों ने उन्हें बधाई दी और उज्जवल भविष्य की कामना की।

## परीक्षा परिणाम से पहले 'जीवन' ने बढ़ाया हौसला




**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बोर्ड परीक्षा परिणामों की उलटी गिनती शुरू होते ही छात्र तनाव में हैं और अभिभावकों की चिंता भी बढ़ गई है। ऐसे समय में 'जीवन' आत्महत्या निवारण केंद्र ने विद्यार्थियों और उनके माता-पिता को मानसिक संबल देने के उद्देश्य से सकारात्मक संदेश जारी किया है। संस्था ने कहा है कि परीक्षा का परिणाम जीवन का अंतिम पड़ाव नहीं, बल्कि एक नया मोड़ है। छात्रों को आत्म-स्वीकृति और वैकल्पिक करियर विकल्पों की ओर देखने की सलाह दी गई है। अभिभावकों से अपील की गई है कि वे तुलना के बजाय बच्चों की भावनाओं को समझें और उनका साथ दें। संस्था ने संदेश दिया– हर परिणाम एक मौका है, हार नहीं। सहायता के लिए जीवन से 9297777499 या 9297777500 पर संपर्क किया जा सकता है या बिस्टुपुर स्थित केंद्र पर आकर परामर्श लिया जा सकता है।

## नरभेराम स्कूल में अंग्रेजी भाषा दिवस पर शेक्सपियर को दी श्रद्धांजलि



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) ।** नरभेराम हंसराज इंग्लिश स्कूल में मंगलवार को अंग्रेजी भाषा दिवस मनाया गया। इस अवसर पर कक्षा 1 से 8 तक के विद्यार्थियों के लिए पुस्तक पठन सत्र आयोजित किए गए। विद्यार्थियों ने रोचक कहानियों का वाचन कर न केवल अपनी भाषा दक्षता को निखारा, बल्कि कल्पनाशक्ति और सोचने की क्षमता को भी विस्तार दिया। कार्यक्रम के दौरान अंग्रेजी साहित्य के महान रचनाकार विलियम शेक्सपियर को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। उनकी रचनाओं के माध्यम से विद्यार्थियों ने मानवीय भावनाओं और विचारों की गहराई को समझा। प्राचार्या परमिता रॉय चौधरी ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि नियमित पठन से न केवल शब्द भंडार बढ़ता है, बल्कि यह संवेदनशीलता और सहानुभूति जैसे गुणों का भी विकास करता है।

# औद्योगिक विकास की मिसाल बनी टाटा स्टील की सीआरएम

### *रतन टाटा ने किया था उद्घाटन, जापानी तकनीक से बनी थी अत्याधुनिक इकाई*

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**जमशेदपुर ।** जमशेदपुर स्थित टाटा स्टील की कोल्ड रोलिंग मिल (सीआरएम) की स्थापना भारतीय इस्पात उद्योग के इतिहास में मील का पत्थर मानी जाती है। इस अत्याधुनिक इकाई का उद्घाटन 24 अप्रैल 2000 को टाटा समूह के चेयरमैन रतन टाटा ने किया था। महज 26 महीने और 15 दिन में तैयार हुई इस इकाई की वार्षिक उत्पादन क्षमता 1.2 मिलियन टन है, जो अपने आप में एक रिकॉर्ड है। सीआरएम का निर्माण जापान की विश्वविख्यात कंपनियों–निप्पॉन स्टील कॉर्पोरेशन और हिताची कॉर्पोरेशन लिमिटेड–के तकनीकी सहयोग से किया गया। यह संयंत्र विशेष रूप से उच्च गुणवत्ता वाले कोल्ड रोल्ड और कोटेड उत्पादों के निर्माण के लिए जाना जाता है, जिनका उपयोग ऑटोमोबाइल, निर्माण, घरेलू उपकरण, फर्नीचर और सामान्य इंजीनियरिंग जैसे विविध क्षेत्रों में होता है। रतन टाटा ने उद्घाटन के अवसर पर कहा था कि यह मिल केवल एक औद्योगिक इकाई नहीं, बल्कि टाटा परिवार की उस दूरदर्शिता का प्रतीक है, जिसमें वे आधुनिक भारत के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाना चाहते थे। सीआरएम ने वैश्विक स्तर पर भारतीय इस्पात उत्पादों की गुणवत्ता और विश्वसनीयता को स्थापित किया है। आज, 25 वर्ष बाद भी यह इकाई नवाचार, गुणवत्ता और उत्पादन क्षमता के मामले में देशभर में मिसाल बनी हुई है।

## जादूगोड़ा के रोहित कुमार गौरव ने यूपीएससी में 518वीं रैंक प्राप्त की

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**जादूगोड़ा ।** जादूगोड़ा के परमाणु ऊर्जा केंद्रीय विद्यालय के छात्र रोहित कुमार गौरव ने यूपीएससी परीक्षा में 518वीं रैंक हासिल की है। इस सफलता से उनका परिवार, जिसमें पिता रमेश सिंह (यूसिल लेखा अधिकारी), मां ललिता देवी और बहन रौशनी शामिल हैं, गर्वित है। रोहित ने अपनी शैक्षिक यात्रा वीआईटी वेल्लूर से इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स में बीटेक और आईआईएम रायपुर से एमबीए की डिग्री प्राप्त की। इसके बाद 29 लाख के पैकेज पर स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक, यूके में काम किया। 2018 से यूपीएससी की तैयारी करते हुए छह साल की मेहनत के बाद सफलता प्राप्त की। रोहित की इच्छा विदेश सेवा में जाने की है, ताकि वह देश की सकारात्मक छवि को वैश्विक स्तर पर प्रस्तुत कर सकें।

# विचार प्रवाह

संपादकीय

## व्हाइट हाउस का घेराव

**अमरीका** में राष्ट्रपति आवास 'व्हाइट हाउस' का घेराव किया गया है। यह वाकई चौंका देने वाली, दुर्लभ घटना है। यह अमरीका में नागरिक आंदोलन की पराकाष्ठा है और राष्ट्रपति ट्रंप के सत्तावादी रवैये का घोर विरोध है। वैसे अमरीका में ही प्रदर्शनकारियों ने 'कैपिटल भवन' (संसद) पर हमला बोल दिया था। उसके भीतर घुस कर जबरदस्त तोड़-फोड़ की थी। उस प्रकरण में ट्रंप को 'खलनायक' करार दिया गया था, क्योंकि वह विपक्ष में थे और जो बाइडेन देश के राष्ट्रपति थे। अब अमरीका के सभी 50 राज्यों में 50 विरोध-प्रदर्शन किए जा रहे हैं, लेकिन आंदोलन एक ही है, लिहाजा उसे '50501' नाम दिया गया है। ट्रंप जनवरी, 2025 में ही अमरीका के राष्ट्रपति चुने गए। सिर्फ तीन माह में ही जनता का सामूहिक विरोध और मोहभंग के भाव स्पष्ट होने लगे हैं। बेशक यह आश्चर्यजनक है। इसके कई कारण हो सकते हैं। समझ नहीं आ रहा है कि राष्ट्रपति ट्रंप इस कार्यकाल के दौरान क्या करना और क्या हासिल करना चाहते हैं? उन्होंने संयुक्त राष्ट्र संघ, विश्व स्वास्थ्य संगठन, विश्व व्यापार संगठन आदि अंतरराष्ट्रीय महत्व के संस्थानों की 'आर्थिक मदद' पर पाबंदी लगा दी। यही नहीं, हार्वर्ड विश्वविद्यालय की 2.3 अरब डॉलर की फंडिंग पर विराम लगा दिया। दलील दी गई कि यह विश्वविद्यालय वामपंथी और विघटनकारी छात्रों की नस्लें तैयार कर रहा है। अमरीका ही नहीं, दुनिया भर में बौद्धिक संपदा के निर्माण में इस शैक्षिक संस्थान का अमूल्य तथा अप्रतिम योगदान रहा है। शायद राष्ट्रपति ट्रंप को यह तथ्य ब्रीफ नहीं किया गया कि अमरीका के 16 राष्ट्रपति (ट्रंप नहीं) हार्वर्ड के ही छात्र थे और सबसे अधिक 161 नोबेल पुरस्कार विजेता भी इसी विश्वविद्यालय ने दिए हैं। सवाल अमरीकी राष्ट्रपति से किए जाते रहे हैं कि जिन्हें अमरीकी प्रशासन परंपरागत रूप से वित्तपोषित करता रहा है, उनकी आर्थिक मदद छीन कर क्या होगा? क्या राष्ट्रपति ट्रंप अपने निर्णय पर प्रायश्चित करने की मुद्रा में हैं? कमोबेश कोई भी संगठन, संस्थान या यूनिवर्सिटी इस तरह बंद नहीं होते। अचरज जताया जा रहा है कि ट्रंप ने जो 'टैरिफ नीति' घोषित की थी और साझा कारोबार करने वाले प्रमुख देशों पर कर का बोझ लाद दिया था, क्या उससे अमरीका में नई फैक्टरियां खुलेंगी अथवा अमरीका अधिक समृद्ध देश बनेगा और महंगाई, बेरोजगारी की समस्याएं कम होंगी? इसके अलावा, राष्ट्रपति के खास सलाहकार, दुनिया के सर्वोच्च उद्योगपति एलन मस्क ने जिस योजना के तहत सरकारी नौकरियां छीनने की कवायद की है, क्या उससे अमरीका में सामाजिक सुरक्षा मजबूत और व्यापक होगी? अमरीका नागरिक स्वतंत्रता, वैचारिक स्वतंत्रता, मानवाधिकार, लोकतंत्र, सामाजिक सुरक्षा सरीखे मूल्यों की बुनियाद पर टिका है। इन मूल्यों के लिए वहां कई सार्वजनिक संघर्ष किए गए हैं। अब प्रदर्शन के दौरान बैनर-पोस्टरों पर लिखा है-ट्रंप को अल सल्वाडोर की जेल में डिपोर्ट कर दिया जाए। राष्ट्रपति पर नागरिक स्वतंत्रता और कानून के शासन को कमजोर करने के आरोप लगाए जा रहे हैं। 'व्हाइट हाउस' के अलावा मस्क की 'टेस्ला कार' के शोरूम का भी घेराव किया जा रहा है। उनमें आगजनी की घटनाएं हुई हैं। आंदोलनकारी दलील दे रहे हैं कि हमारा मकसद ट्रंप प्रशासन के तहत बढ़ते सत्तावादी और तानाशाहीपूर्ण रवैये से लोकतंत्र को बचाना है। आंदोलन अहिंसक ही रहेगा। इन विरोध-प्रदर्शनों में कई राजनीतिक दल भी शामिल हैं, लिहाजा ट्रंप के लिए नागरिक और राजनीतिक चुनौतियां दोनों ही हैं।

> अमरीका ही नहीं, दुनिया भर में बौद्धिक संपदा के निर्माण में इस शैक्षिक संस्थान का अमूल्य तथा अप्रतिम योगदान रहा है। शायद राष्ट्रपति ट्रंप को यह तथ्य ब्रीफ नहीं किया गया कि अमरीका के 16 राष्ट्रपति (ट्रंप नहीं) हार्वर्ड के ही छात्र थे और सबसे अधिक 161 नोबेल पुरस्कार विजेता भी इसी विश्वविद्यालय ने दिए हैं। सवाल अमरीकी राष्ट्रपति से किए जाते रहे हैं कि जिन्हें अमरीकी प्रशासन परंपरागत रूप से वित्तपोषित करता रहा है, उनकी आर्थिक मदद छीन कर क्या होगा? क्या राष्ट्रपति ट्रंप अपने निर्णय पर प्रायश्चित करने की मुद्रा में हैं? कमोबेश कोई भी संगठन, संस्थान या यूनिवर्सिटी इस तरह बंद नहीं होते।

आप का नजरीया

## सजातीय मीडिया

**विज्ञापन** के वृक्ष तले सियासी हरीतिमा खोज रहीं पार्टियों के लिए अब मसला एक समान हो गया है। यहां कांग्रेस का विज्ञापन, भाजपा के विज्ञापन के करीब हो गया या इस पैमाइश की जिरह में हिमाचल का अपना मीडिया कमजोर हो गया। आश्चर्य यह कि मीडिया से बड़ी विज्ञापन की शख्सियत हो गई है। दोनों ओर से दी जा रही चुनौतियों के बीच एक रिवायत सी दिखाई दे रही है, जो विज्ञापन का निर्यात करती है। सवाल यह नहीं कि कांग्रेस ने किसको क्या दिया या भाजपा ने किसे विज्ञापन के कितने गहने पहनाए, बल्कि यह जरूर है कि कई रास्ते हैं और जहां से गुजर जाते हैं अपनों के वास्ते। अंततः मीडिया की परिभाषा खुद से सवाल कर रही है। क्या सत्ता का कोई सजातीय मीडिया भी होता है। अगर यह दस्तूर है तो बहन भाजपा और मियां कांग्रेस को क्यों एक दूसरे पर मीन मेख निकालने का गुरूर। आश्चर्य यह कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने हिमाचली विज्ञापन से कीड़े निकाल दिए, लेकिन वायरस तो उनकी सरकार के दौर में भी पैदा हुआ। सरकारों के विशेषाधिकार, रिवायतें और तौर तरीके जिस तरह बजट को खिलौना बनाती हैं, वहां इस तू तू-मैं मैं से शायद निकलेगा कुछ नहीं। इस व्यवहार में भी एक रोशनी है कि सरकारें चाहें तो मीडिया नीति बना सकती हैं। मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार नरेश चौहान के आंकड़े भाजपा का किस हद तक मुंह बंद कर पाते हैं, लेकिन उन्हें अपनी सरकार की विज्ञापन नीति को बेहतर बनाने के लिए कुछ और उदाहरण भी सामने लाने होंगे। विज्ञापनों का चि_ा जब खुलता है, तो सवा दो करोड़ बनाम तीन करोड़ की पैमाइश नहीं, बल्कि संदेह यह है कि कहीं स्थानीय मीडिया की मेहनत, आधार, श्रम, साधना और राज्य के प्रति सरोकारों का आकलन कमजोर न हो जाए। हिमाचल में ही हर तरह का मीडिया शिरकत कर रहा है। अखबारें हैं, तो कुछ राज्य की भूमिका में श्रेष्ठ, कुछ राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य में उज्ज्वल, तो कुछ स्थानीय परिदृश्य में एकलव्य हैं। इसी तरह कुछ इलेक्ट्रोनिक माध्यम और उनकी वकालत में राज्य का पक्ष जब किसी राष्ट्रीय सम्मेलन के मंच पर गूंजता है, तो उनके संदर्भों का खाका मजबूत होता है। अब नए और डिजिटल मीडिया के दौर में हर नेता का अपना सोशल मीडिया नेटवर्क है, तो दर्जनों पत्रकारों का अपना-अपना सुरूर है। यह मीडिया अगर हिमाचल के न्यूज चैनल के स्वरूप में चलें, तो मेहनत और मशक्कत का दस्तूर दिखाई देता है, वरना वीडियो चैनल के जाल में कौन किस तालाब में मछली और कौन तालाब की मछलियां पकड़ रहा है, इसका अंदाजा लगाने के लिए हिमाचल को मीडिया नीति में व्यवस्था परिवर्तन का ठोस आधार खोज कर लाना होगा। राज्य के संसाधनों में मीडिया का सशक्त होना, नागरिक समाज व लोकतांत्रिक अपेक्षाओं के लिए आवश्यक है। अगर हिमाचल के विश्वविद्यालयों तथा महाविद्यालयों में मीडिया की पढ़ाई का पाठ्यक्रम चल रहा है, तो युवाओं को आगे बढ़ाने के लिए अखबारों, चैनलों और डिजिटल मीडिया का भी अहम रोल है। प्रदेश में मीडिया के आवरण में प्रत्यक्ष और परोक्ष रोजगार का जिक्र करें, तो करीब पांच हजार लोग इससे पारिश्रमिक, पगार या व्यवसाय चलाते हैं। ऐसे में सरकारों की भूमिका में अगर विज्ञापन का आबंटन ईमानदारी से होता है, तो राज्य के युवाओं को रोजगार देने में सहायक होता रहेगा। बहरहाल हिमाचल की आर्थिक स्थिति के वर्तमान में राज्य को संवारने की अहमियत होनी चाहिए। यह चाहे सार्वजनिक व्यय में कटौतियों को लेकर हो या आवश्यक खर्च के लिए संसाधन बचाने के लिए हो, लेकिन वित्तीय जवाबदेही के हर पहलू पर निगहबानी होनी चाहिए। हिमाचल के मंदिरों की आय, सांस्कृतिक समारोहों के आयोजन और पारंपरिक मेलों के प्रबंधन में इतना कौशल तो होना चाहिए कि राज्य मंदिर व सांस्कृतिक आर्थिकी के जरिए अपने कलाकारों को व्यवस्थित रोजगार दे सके। ऐसे में बहस यह नहीं कि किस पार्टी ने अपनी सत्ता के दौरान कितनी फिजूलखर्ची की, बल्कि यह है कि राज्य की व्यवस्था में पारदर्शिता के लिए मजबूत नीतियों का पदार्पण हो।

**हिंदी का मराठी या अन्य किसी भाषा से कोई झगड़ा नहीं। क्या यह विचित्र नहीं कि हिंदी का विरोध उस महाराष्ट्र में हो रहा है, जिसकी राजधानी हिंदी फिल्म उद्योग का गढ़ है? हिंदी फिल्म उद्योग ने मुंबई को न केवल प्रतिष्ठित किया है**

## हिन्दी विरोध की संकीर्ण राजनीति के दंश

ललित गर्ग

> महाराष्ट्र में हिन्दी का विरोध आश्चर्यकारी है। हिन्दी दुनिया का तीसरी सर्वाधिक बोली जाने वाली भाषा बनने की ओर अग्रसर है। हिन्दी विदेशों में सम्मान पा रहे हैं और अपने ही देश में उपेक्षा एवं विवाद का शिकार बन रही है। महाराष्ट्र और अन्य गैर हिंदी भाषी राज्यों में हिंदी की स्वीकार्यता इसलिए बढ़ रही है, क्योंकि उसकी उपयोगिता सिद्ध हो रही है। हिंदी का मराठी या अन्य किसी भाषा से कोई झगड़ा नहीं। क्या यह विचित्र नहीं कि हिंदी का विरोध उस महाराष्ट्र में हो रहा है, जिसकी राजधानी हिंदी फिल्म उद्योग का गढ़ है? हिंदी फिल्म उद्योग ने मुंबई को न केवल प्रतिष्ठित किया है, बल्कि महाराष्ट्र के लोगों को लाभान्वित भी किया है।

**हिंदी** को लेकर तमिलनाडु की राजनीति का आक्रामक होना कोई नयी बात नहीं है लेकिन तमिलनाडु के बाद महाराष्ट्र में हिंदी का विरोध यही बताता है कि संकीर्ण राजनीतिक कारणों से किस तरह भाषा को हथियार बनाया जा रहा है। विभिन्न राजनीतिक दल भारतीय जनता पार्टी एवं केन्द्र सरकार को घेरने के लिये जिस तरह भाषा, धर्म एवं जातियता को लेकर आक्रामक रवैया अपनाते हुए देश में अशांति, अराजकता एवं नफरत को फैला रहे रहे हैं, यह चिन्ताजनक है। महाराष्ट्र में हिन्दी का विरोध आश्चर्यकारी है। हिन्दी दुनिया का तीसरी सर्वाधिक बोली जाने वाली भाषा बनने की ओर अग्रसर है। हिन्दी विदेशों में सम्मान पा रहे हैं और अपने ही देश में उपेक्षा एवं विवाद का शिकार बन रही है। महाराष्ट्र और अन्य गैर हिंदी भाषी राज्यों में हिंदी की स्वीकार्यता इसलिए बढ़ रही है, क्योंकि उसकी उपयोगिता सिद्ध हो रही है। हिंदी का मराठी या अन्य किसी भाषा से कोई झगड़ा नहीं। क्या यह विचित्र नहीं कि हिंदी का विरोध उस महाराष्ट्र में हो रहा है, जिसकी राजधानी हिंदी फिल्म उद्योग का गढ़ है? हिंदी फिल्म उद्योग ने मुंबई को न केवल प्रतिष्ठित किया है, बल्कि महाराष्ट्र के लोगों को लाभान्वित भी किया है। क्या राज ठाकरे, उद्धव ठाकरे आदि हिंदी फिल्म उद्योग का भी विरोध करेंगे? ऐसा करके वे अपने राज्य के लोगों के पैरों पर कुल्हाड़ी मारने का ही काम करेंगे। यह किसी से छिपा नहीं कि हिंदी विरोध के नाम पर लोगों की भावनाएं भड़काने का काम अपना राजनीतिक उल्लू सीधा करने के लिए किया जाता है। यह और कुछ नहीं, राष्ट्रीय एकता एवं अखण्डता को कमजोर करने और लोगों में वैमनस्य पैदा करने वाली क्षुद्र राजनीति है। त्रिभाषा फार्मूले में केन्द्र सरकार चाहती है कि भारत में प्रत्येक छात्र को तीन भाषाएँ सीखनी चाहिए, जिनमें से दो मूल भारतीय भाषाएँ होनी चाहिए, जिसमें एक क्षेत्रीय भाषा शामिल होनी चाहिए और तीसरी अंग्रेज़ी होनी चाहिए। यह सूत्र सरकारी और निजी दोनों स्कूलों पर लागू होता है और शिक्षा का माध्यम तीनों भाषाओं में से कोई भी हो सकता है। नेशनल एजुकेशन पॉलिसी के त्रिभाषा फार्मूले के तहत मराठी और अंग्रेजी के साथ हिंदी को पढ़ाए जाने के महाराष्ट्र सरकार के निर्णय पर विपक्षी दलों की राजनीतिक आक्रामकता का कारण वोट की राजनीति एवं भाजपा के बढ़ते वर्चस्व को विराम लगाने की स्वार्थी मानसिकता है। त्रिभाषा फार्मूले पर सबसे पहले महाराष्ट्र नवनिर्माण



सेना के राज ठाकरे ने आपत्ति उठाई। यह वही राज ठाकरे हैं, जो हिन्दुत्व का झंडा हाथ में लेकर स्व-संस्कृति की वकालत करते रहे हैं। इस पर हैरानी नहीं कि उद्धव ठाकरे भी राज ठाकरे के सुर में सुर मिला रहे हैं। उनकी शिवसेना ने एक समय दक्षिण भारतीयों को मुंबई से भगाने का अभियान छेड़ा था, फिर उसके निशाने पर उत्तर भारतीय आ गए थे। हैरानी इस बात की है कि शरद पवार की राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के नेता भी त्रिभाषा फार्मूले के तहत हिंदी पढ़ाए जाने का विरोध कर रहे हैं और इसके पीछे साजिश देख रहे हैं। अच्छा होता कि मराठी अस्मिता की रक्षा के बहाने हिंदी को निशाने पर ले रहे ये नेता यह बताते कि तीसरी भाषा के रूप में हिंदी का विरोध करने के क्या कारण है? केवल मोदी सरकार ने इसे प्रस्तुत किया है, इस कारण इसका विरोध मानसिक दिवालियापन का द्योतक है। तीसरी भाषा के रूप में हिंदी का चयन इसलिए सर्वथा उपयुक्त है, क्योंकि एक तो वह आधिकारिक राजभाषा एवं सबसे प्रभावी संपर्क भाषा है और दूसरे, महाराष्ट्र में बड़ी संख्या में हिंदी बोलने-समझने वाले हैं। ये वे लोग हैं, जो काम-धंधे के सिलसिले में महाराष्ट्र गए और फिर वहीं बस गए। इन्होंने महाराष्ट्र के विकास में योगदान भी दिया है। इसकी अनदेखी करते हुए हिंदी का विरोध करना एक तरह का नस्लवाद ही है, एक तरह की संकीर्ण एवं स्वार्थी मानसिकता है। संचार और सूचना क्रांति तथा तेज आवागमन के चलते भाषायी स्तर पर तमिलनाडु एवं महाराष्ट्र आदि गैर हिन्दी भाषी राज्यों की स्थिति तीन-चार दशक पहले जैसी नहीं है। वहां हिंदी बोलने वालों की संख्या भले कम हो, पर उसे समझने और हिंदी में आने वाले सवालों का जवाब देने वालों की तादाद बढ़ी है। चाहे तमिलनाडु का निवासी हो या फिर महाराष्ट्र या फिर गैर हिन्दी भाषी राज्य का, उसके हाथ में यदि फोन है, उसमें इंटरनेट का कनेक्शन है, तो तय है कि उसकी अंगुलियों के नियंत्रण में हिंदी और अंग्रेजी ही नहीं, दुनियाभर की भाषाएं हैं, इसलिए हिंदी ही नहीं, किसी भी भाषा का विरोध अब दुनिया के किसी भी कोने में पूरी तरह न तो सफल हो सकता है और न ही कोई दीवार उसे रोक सकती है। फिर हिन्दी तो हिन्दुस्तान की अस्मिता एवं अस्तित्व से जुड़ी भाषा है। दुनिया में जहां कहीं भी लोग अन्यत्र जाकर बसते हैं, वे अपने साथ अपनी संस्कृति और भाषा भी ले जाते हैं। यदि कोई यह चाहता है कि ऐसा न हो तो ऐसा होने वाला नहीं है। महाराष्ट्र के विपक्षी दल इसका विरोध कर रहे हैं, तमिलनाडू में इसके रोकने के प्रयास हो रहे हैं, वहीं आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने एक अलग नजरिया दिया। उन्होंने हिंदी सहित कई भाषाओं की शिक्षा की वकालत की है। नायडू ने कहा कि भाषा केवल संचार का एक साधन है। आप सभी जानते हैं कि तेलुगु, कन्नड़, तमिल और अन्य भाषाएं विश्व स्तर पर चमक रही हैं। नॉलेज अलग है, भाषा अलग है। हिंदी भी देश में कम्युनिकेशन लैंग्वेज के तौर पर जरूरी है। हिन्दी हमारी मातृभाषा के साथ-साथ राजभाषा होने के बावजूद उसको उचित सम्मान न मिलना या हिन्दी के नाम पर विध्वसंक राजनीति होना अनेक प्रश्नों को खड़ा करती है, सर्वाधिक वैज्ञानिक भाषा भी हिन्दी ही है। गूगल के अनुसार हिन्दी दुनिया की ऐसी भाषा है जिसमें सर्वाधिक कंटेंट (पाठ्य सामग्री) का निर्माण होता है। सर आइजेक पिटमैन ने कहा है कि संसार में यदि कोई सर्वांग पूर्ण लिपि है तो वह देवनागरी है। निश्चित ही सशक्त भारत-विकसित भारत निर्माण एवं प्रभावी शिक्षा के लिए हिन्दी में शिक्षा की सर्वाधिक महत्वपूर्ण भूमिका है। तथ्य यह भी है कि उत्तर भारत के अलावा देश के अन्य राज्यों से जो राजनेता प्रधानमंत्री बने, उन्होंने कभी हिंदी का विरोध नहीं किया। दक्षिण भारत से पहले प्रधानमंत्री बने पी वी नरसिंह राव धाराप्रवाह हिंदी बोलते थे। कर्नाटक के नेता एच.डी. देवेगौड़ा जब पीएम बने तो उन्होंने लालकिले से हिंदी में ही अपना भाषण दिया था। हिन्दी राष्ट्रीयता एवं राष्ट्र का प्रतीक है, उसकी उपेक्षा एक ऐसा प्रदूषण है, एक ऐसा अंधेरा है जिससे छांटने के लिये ईमानदार प्रयत्न करने होंगे। क्योंकि हिन्दी ही भारत को सामाजिक-राजनीतिक-भौगोलिक और भाषायिक दृष्टि से जोड़नेवाली भाषा है। हिंदी को दबाने की नहीं, ऊपर उठाने की आवश्यकता है। भारत की गरिमा एवं गौरव की प्रतीक राष्ट्र भाषा हिन्दी को हर कीमत पर विकसित करना हमारी प्राथमिकता होनी ही चाहिए।

कुछ अलग

## बदलेगा मनरेगा

**भले** ही मौजूदा केंद्रीय सरकार में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना यानी मनरेगा को लेकर उत्साहजनक प्रतिसाद नजर न आता हो, लेकिन बदलते वक्त में पैदा चुनौतियों में भी इसकी प्रासंगिकता कम नहीं हुई है। कोरोना काल ने इस योजना की उपयोगिता को साबित किया है। देश के ग्रामीण अंचल में जहां एक ओर लाखों श्रमिकों व महिलाओं को रोजगार मिला, वहीं अन्य राज्यों के लिये होने वाले पलायन पर रोक लगी। सही मायनों में देश के आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिये एक उम्मीद बनकर उभरा है मनरेगा। खासकर अकुशल श्रमिकों को अपने घर के आसपास काम मिलने से लाखों घरों के चूल्हे जलते रहे हैं। लंबे समय से इस योजना के लिये धन आवंटन तथा काम के दिन व मजदूरी बढ़ाने की मांग होती रही है। जिस पर संसद की स्थायी समिति ने मोहर लगा दी है। दरअसल हाल ही में संपन्न बजट सत्र के अंतिम सप्ताह में संसदीय समिति ने मंदी की आहट व ग्लोबल वार्मिंग के प्रभावों के चलते श्रम दिवसों की संख्या डेढ़ सौ दिन करने के साथ मजदूरी चार सौ रुपये प्रतिदिन करने की सिफारिश की है। निस्संदेह, बढ़ती महंगाई व अदृश्य बेरोजगारी दूर करने में ये बदलाव लाभकारी साबित हो सकते हैं। मौजूदा दौर में कम मजदूरी में जीवन-यापन लगातार कठिन होता जा रहा है। यदि ये बदलाव सिरे चढ़ते हैं तो योजना के सार्थक परिणाम सामने आएंगे। जिसे मूर्तरूप देने हेतु मनरेगा के लिये आवंटित धन में वृद्धि भी जरूरी है। इसमें दो राय नहीं कि मनरेगा को लेकर अनेक विसंगतियां भी सामने आई हैं। इसमें भ्रष्टाचार और फर्जी प्रमाणपत्रों के जरिये लाभ उठाने के मामले हैं। लेकिन मानना चाहिए कि ग्रामीण इलाकों में कम पढ़े-लिखे लोगों व ऑनलाइन सेवाओं का उपयोग न कर पाने से भी कई तरह की विसंगतियां सामने आ सकती हैं। इसमें ठेकेदारों की मनमानी व अनियमितताओं की भी भूमिका हो सकती है।

देश दुनीया से

## सतत विकास ही पृथ्वी दिवस का ध्येय

**मानव** जीवनयापन के दृष्टिकोण से पृथ्वी, सौरमंडल का सबसे उपयुक्त ग्रह है। पृथ्वी ब्रह्मांड का एक बिंदु मात्र है। खगोलविदों की मानें तो ब्रह्मांड का उद्भव आज से लगभग 13.8 अरब वर्ष पूर्व, बिग बैंग विस्फोट के कारण हुआ। बिग बैंग सिद्धांत के अनुसार ब्रह्मांड की उत्पत्ति एक बिंदु से हुई, जो आज भी फैलता जा रहा है। ब्रह्मांड इतना विस्तृत एवं विशाल है जिसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती। सौरमंडल ब्रह्मांड का एक छोटा अंश है। सौरमंडल जैसे न जाने कितनी आकृतियां ब्रह्मांड में समा जाती हैं। सौरमंडल का एक महत्वपूर्ण ग्रह है पृथ्वी। पृथ्वी, सौरमंडल की वह स्थलाकृति है जहां मनुष्य जीवन के लिए अनुकूल परिस्थितियां उपलब्ध हैं जो अन्य ग्रहों में नहीं हैं। यहां जल, वायु एवं अनुकूल वातावरण सहित न जाने कितने ऐसे घटक हैं जो मनुष्य जीवन को दूसरे ग्रहों से आरामदायी एवं बेहतर बनाते हैं। इतना ही नहीं, पृथ्वी सौरमंडल का एकमात्र ग्रह है जिसकी सतह ठोस, तरल एवं गैस के अलावा वायुमंडल, बादल और मौसम जैसी अद्भुत क्रियाएं भी मौजूद हैं। इन प्राकृतिक सुख-सुविधाओं को मानव सदैव भोगता चला आ रहा है। आदिमानव से लेकर वर्तमान रोबोट के युग तक आते-आते मनुष्य ने न जाने कितने आयाम स्थापित किए हैं। ये आयाम मूलतः मनुष्य के विकास की गाथा को भी बयां करते हैं, ऐसा कहने में किंचित संशय नहीं किया जा सकता। लेकिन विकास की इस अंधी दौड़ में हमने कुछ पाने के उद्देश्य से बहुत कुछ खो दिया। यद्यपि परिवर्तन प्रकृति का नियम है, लेकिन परिवर्तन प्राकृतिक हो तो शोभनीय एवं लाभप्रद होता है। पिछले 500 से 600 वर्षों में होने वाले परिवर्तनों की तरफ यदि नजर दौड़ाएं तो जो परिवर्तन हम देखते हैं, वे भले ही विकास की गाथा




के द्योतक रहे होंगे, लेकिन कहीं न कहीं प्रकृति द्वारा तय मानकों पर खरे नहीं उतरते। परिणामस्वरूप, आज सम्पूर्ण विश्व की पृथ्वी के संरक्षण के प्रति एक सांझी समझ बनी है। चाहे पर्यावरण संरक्षण से संबंधित अंतरराष्ट्रीय पहल हो या जल एवं जलवायु परिवर्तन संरक्षण, ये चिंताएं वैश्विक मंच पर चर्चा का मुख्य मुद्दा बनी हुई हैं। इस वैश्विक चिंता एवं चर्चा के चलते ही 22 अप्रैल का दिन पूरे विश्व में पृथ्वी दिवस के रूप में मनाया जाता है। यह शुरुआत संयुक्त राज्य अमेरिका के एक सीनेटर गेलार्ड नेल्सन ने वर्ष 1970 में की। उन्होंने पहली बार विश्व पर्यावरण संबंधी मुद्दों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए पूरे देश में रैलियों का आयोजन किया। उन्होंने न केवल पर्यावरण संरक्षण अपितु मानव एवं अन्य जीवित प्राणियों के बीच पारिस्थितिकी संतुलन को बनाने हेतु जनजागरण के लिए प्रयत्न किए। नतीजतन अमेरिकी सरकार ने इसी वर्ष पर्यावरण संरक्षण एजेंसी का गठन किया। इसी एक प्रयास के चलते ही वर्ष 1990 तक पृथ्वी दिवस का आयोजन विश्व के 140 देशों में होने लगा। भारत में पर्यावरण संरक्षण का यह बीड़ा अनेकों पर्यावरणविदों ने अनेक आंदोलन चलाकर उठाया। बल्कि, भारत में पर्यावरण संरक्षण का इतिहास काफी पुराना है। यहां पहला संगठित आंदोलन वर्ष 1730 में राजस्थान में खेजड़ी के पेड़ों को कटने से बचाने के लिए देखने को मिलता है जिसमें बिश्नोई समाज के 363 लोगों ने अपनी जान की बाजी लगा दी थी, जिसके कारण इसे बिश्नोई आंदोलन के नाम से जाना जाता है। वर्ष 1973 का उत्तराखंड राज्य में सुंदर लाल बहुगुणा का चिपको आंदोलन, साइलैंट वैली बचाओ आंदोलन, मेधा पाटकर का नर्मदा बचाओ आंदोलन व कर्नाटक के एपिको आंदोलन सहित न जाने कितने आंदोलन वनों को काटने से रोकने हेतु चलाए गए। हिमाचल प्रदेश की पर्यावरणविद व समाजसेवी किंकरी देवी का पर्यावरण संरक्षण हेतु आंदोलन कौन भूल सकता है, जिन्होंने वर्ष 1985 में पर्यावरण संरक्षण की लड़ाई आरंभ की और जीवनपर्यन्त इसे जारी रखा। उन्होंने न केवल पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक किया, बल्कि इसके अतिरिक्त खनन माफिया के प्रति भी जंग जारी रखी। पृथ्वी जिन कारकों के कारण मानव जीवन के लिए उपयुक्त ग्रह माना जाता है, वे सभी घटक एवं कारक आज कहीं न कहीं खतरे की जद में हैं। वर्तमान वायु प्रदूषण, जल प्रदूषण व मृदा प्रदूषण मानव स्वास्थ्य व पर्यावरण दोनों को अपने आगोश में लिए हुए हैं। देश एवं प्रदेश में कैंसर, श्वास एवं हृदय संबंधी रोगियों की संख्या में निरंतर वृद्धि इस बात की पुष्टि करता है। पृथ्वी सदैव ही अपनी समृद्ध जैव विविधता के लिए जानी जाती है। जैव विविधता परिस्थितिकी तंत्र की महता किसी से छुपी नहीं, यह मनुष्य का आश्रय, खाद्य श्रृंखला व अन्य आवश्यक वस्तुओं का प्राकृतिक स्रोत है। परंतु आज हमारी पृथ्वी का पारिस्थितिकी असंतुलन व समृद्ध जैव विविधता का भी पतन हो रहा है, जो निश्चित तौर पर नीतिकारों के समक्ष गहन चिंतन का विषय है।

भारत की विरासत

## मध्य प्रदेश

## सांची स्तूप



*मध्य प्रदेश में स्थित सांची स्तूप में भगवान बुद्ध के अवशेष रखे हुए हैं और यह जगह बौद्ध धर्म का पालन करने वालों के लिए सबसे अहम धार्मिक स्थलों में से एक है। इस प्रसिद्ध ऐतिहासिक स्थल का निर्माण 3 शताब्दी ईसा पूर्व सम्राट अशोक ने करवाया था। इस स्तूप का गुंबद कानून के पहिए को सूचित करता है। साथ ही माना जाता है कि यह स्तूप बुद्ध के जीवन और मृत्यु से आजादी के नियम का भी प्रतीक है।*

दृष्टि कोण

## बदलती जीवन शैली से संकटमय पशु आबादी

**पालतू** पशुओं की संख्या कम होने का बड़ा कारण यह है कि लोग गांव छोड़कर शहरों की तरफ या विदेश जा रहे हैं। ऐसे में जब युवा ही नहीं होंगे साथ में तो पशुओं की देखभाल कौन करे। निःसंदेह, इनकी देखभाल में काफी समय और मेहनत भी लगती है। इनके रहने के लिए अतिरिक्त जगह भी चाहिए। शहरों के फ्लैट सिस्टम में तो दुधारू पशु पाले ही नहीं जा सकते। हां, सालों पहले कोलकाता में एक आदमी ने अपने आठवीं मंजिल के फ्लैट में गाय पाली थी। पशुओं की हो रही कमी सिर्फ पंजाब की ही बात नहीं है, पूरे भारत की बात है। रिपोर्ट चाहे कुछ भी कहती हो, पशु पालने में बहुत मेहनत लगती है। एक बार पंजाब के लोगों का ही एक साक्षात्कार पढ़ रही थी, जिसमें बताया गया था कि अब ग्रामीण क्षेत्रों में भी जो महिलाएं विवाह करके आती हैं, उनकी रुचि खेती के कामों में नहीं है। हम जानते ही हैं कि पशुओं की देखभाल, उनकी सानी-पानी, उनका दूध दुहना आदि का काम बड़ी संख्या में महिलाएं ही करती रही हैं। लेकिन अब महिलाओं की यह पीढ़ी खत्म होने के कगार पर है। पढ़ी-लिखी लड़कियों की इस काम में इतनी दिलचस्पी भी नहीं। न ही उनमें इतनी मेहनत करने की ताकत है। उत्तर प्रदेश में भी यही हाल है। बल्कि कहें कि पूरे देश में ही अब घरों में पशु पालने का चलन कम होता जा रहा है। हालांकि उत्तर प्रदेश के बारे में कहा जाता है कि वहां सबसे अधिक पशु हैं। पशुओं को धन कहा गया है। गो धन, गज धन, बाज धन। यानी कि गाय, हाथी और घोड़े धन जैसे ही होते हैं। गाय के दूध से ही दही, मक्खन, छाछ मिलता है। पहले खेती के कामों के लिए बछड़े भी देती थी, जिनकी इन दिनों दुर्दशा है। ट्रैक्टर के आने के बाद चूंकि बैलों की जरूरत नहीं रही, तो अब वे मारे-मारे फिरते हैं। कोई उन्हें नहीं पालता। वैज्ञानिकों ने भी बैलों की पूरी प्रजाति को खत्म करने की ठान ली है। कुछ साल पहले बताया गया था कि वैज्ञानिकों ने ऐसी प्रविधि विकसित कर ली है, जिनमें गायें अब बस बछियों को ही जन्म देंगी। हमारे देखते-देखते एक पूरी प्रजाति नष्ट हो जाएगी। सिर्फ म्यूजियम्स में बचेगी। मनुष्य की स्वार्थपरता का यह एक नमूना भर है। दूसरे नम्बर का धन गज धन यानी कि हाथी। हाथी युद्ध से लेकर बहुत से कार्य में काम आता था। अमीर लोग अपनी अमीरी का प्रदर्शन करने के लिए दरवाजे पर हाथी बांधते थे। और घोड़े, उनकी उपयोगिता के तो कहने ही क्या। वे युद्ध में तो काम आते ही थे, परिवहन का साधन भी थे। माल की ढुलाई भी करते थे। लेकिन बदलते वक्त के साथ अब बहुत कम लोग पशु पालना चाहते हैं। एक-दो किलो दूध के लिए कौन इन्हें पाले। जब आने-जाने के इतने त्वरित साधन मौजूद हों, तो भला घोड़े की क्या जरूरत। जैसा कि पंजाब की रिपोर्ट में बताया गया कि पशुओं की संख्या कम होने के बावजूद देश में दूध की कमी नहीं है।



इसका बड़ा कारण यह भी है कि अपने यहां 1970 में ही दूध का उत्पादन बढ़ाने के लिए नेशनल डेयरी डेवलपमेंट बोर्ड की स्थापना की गई थी। इससे जुड़े डॉ. वर्गीज कुरियन का मुख्य उद्देश्य दूध के उत्पादन को बढ़ाकर भारत को इस मामले में आत्मनिर्भर बनाना था। यह दुनिया का सबसे बड़ा दुग्ध उत्पादन प्रोग्राम था। गुजरात से शुरू हुआ यह प्रोग्राम पूरे भारत में छा गया था। डॉ. वर्गीज कुरियन को मिल्कमैन आफ इंडिया भी कहा जाता था। उन्होंने न केवल गुजरात में बनाए दूध और उससे जुड़े तमाम उत्पादों को भारत के घर-घर पहुंचाया बल्कि इस आंदोलन से किसानों और विशेषकर स्त्रियों को भी बहुत लाभ हुआ। उनकी आय बढ़ी। इसे अमूल का नाम दिया गया था। आज भी बहुत से लोग इन उत्पादों का उपयोग करते हैं। अमूल के विज्ञापन भी बहुत चर्चित रहते आए हैं। इसका मालिकाना हक भी दूध उत्पादन करने वालों के पास था। इसी विषय पर उन दिनों श्याम बेनेगल ने मंथन नाम से फिल्म बनाई थी। इसमें स्मिता पाटिल ने शानदार अभिनय किया था। इसके बाद तो बहुत-सी अन्य डेयरियां भी खुलीं। भारत की दस प्रमुख डेयरियों में अमूल (गुजरात), मदर डेयरी (दिल्ली), मिल्मा (केरल), दूधसागर (मेहसाणा, गुजरात), नंदिनी (कर्नाटक), पराग (महाराष्ट्र), स्त्रीबर (अमेरिका), वेरका (पंजाब) आवनि, (तमिलनाडु) आदि शामिल हैं। हालांकि, 1930 में ही अमूल के आने से पहले पोलसन ने भारत में दूध सप्लाई करने का काम किया था।

# प्रेमिका को धोखा देकर प्रेमी ने की दूसरी शादी, गिरफ्तार

➲प्रेमिका ने की शिकायत, कहा- शादी कर दो वर्ष बनाए शारीरिक संबंध
➲रिसेप्शन के दौरान आ गई पुलिस, शादी वाले गेस्ट हाउस में मची अफरातफरी
➲दूल्हे को रिसेप्शन से खींचकर ले गई पुलिस, प्रेमिका की बहादुरी की हो रही तारीफ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** हंटरगंज में अपनी प्रेमिका को धोखा देकर दूसरी युवती से शादी करने वाले युवक को हंटरगंज थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। प्रेमिका ने मंगलवार को इसकी शिकायत हंटरगंज थाने में की थी। युवक पर शादी कर दो साल शारीरिक संबध बनाने का आरोप लगाया था।शिकायत के आलोक में हंटरगंज थाना प्रभारी प्रभात कुमार दल बल के साथ युवक के घर पहुंचे जहां रंगारंग कार्यक्रम रिसेप्शन पार्टी का आयोजन हुआ था पुलिस को घर पर पहुंचते ही शादी वाले गेस्ट हाउस में अफरातफरी मच गई। इधर थाना प्रभारी ने तत्परता दिखाते हुए दूल्हे को रिसेप्शन से खींच कर हंटरगंज थाने ले आई। राजस्थान के अजमेर जिला के आदर्श नगर थाना क्षेत्र अन्तर्गत मखुरा हटूंडी रोड़ जोधपुर की रहने वाली युवती का हंटरगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत गोसाईडीह निवासी युवक चंदन कुमार से दो साल से प्रेम प्रसंग चल रहा था। प्रेमिका का आरोप है कि चन्दन ने सितम्बर 2023 को अजमेर के एक मंदिर में मेरे साथ शादी की और उसका शारीरिक शोषण लगभग दो साल तक किया इस दौरान नवंबर 2023 में गर्भपात करवाया। उसके बाद युवक 6 अप्रैल 2025 को मुझसे यह बोलकर दिल्ली आया था की कुछ दिन के लिए भैया पास जा रहा हूं . उसके बाद कुछ दिन के घर जाऊंगा मेरे रिश्तेदार की शादी है। जब मैं 20 अप्रैल को उसकी भतीजी के इंस्टाग्राम आईडी पर देखा की चन्दन दूसरी लड़की से शादी रचा ली है मेरे पैरों तले जमीन घिसक गई। हैरत की बात है कि अभी तक प्रेमिका के लिए जीने मरने की कसम खाने वाला प्रेमी भी अपने परिजनों के पक्ष में चला गया और दूसरी शादी रचा ली। युवक चन्दन ने प्रेमिका से चोरी छिपे दूसरी युवती से 20 अप्रैल को बिहार के गया जिला के बाराचट्टी थाना क्षेत्र अंतर्गत लय गांव में शादी रचा ली। जब प्रेमिका को इसकी जानकारी लगी तो उसके पैरों तले जमीन खिसक गई। प्यार में धोखा मिलने के बाद प्रेमिका आनन - फानन में राजस्थान से हंटरगंज थाने पहुंची जहां मामले की शिकायत पुलिस से की। हंटरगंज पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज की। रिपोर्ट दर्ज करने के बाद हंटरगंज थाना पुलिस उसकी धरपकड़ में लग गई।हंटरगंज थाना प्रभारी प्रभात कुमार दल बल के साथ युवक के घर पहुंचे जहां रंगारंग रिसेप्शन पार्टी से पुलिस ने आरोपी प्रेमी को गिरफ्तार किया। मेडिकल परीक्षण कराने के बाद पुलिस ने उसे जेल भेज दिया। हंटरगंज थाना प्रभारी प्रभात कुमार ने बताया कि आरोपी भागने की फिराक में था। उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। प्रेमी की गिरफ्तारी न होने तक युवती काटती रही थाना की चक्कर प्रेमिका की शिकायत के बाद पुलिस ने तुरंत आरोपी युवक चन्दन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। शिकायत के बाद से ही प्रेमिका हंटरगंज थाना में जमी थी। प्रेमी के गिरफ्तार कर जेल भेजे जाने के बाद वह चैन से बैठी। बुधवार को आरोपी चन्दन को जेल भेजे जाने के दौरान युवती चतरा कोर्ट में ही मौजूद रही। इधर इस संबध में आरोपी के मां उर्मिला देवी ने बताई की इस संबध में हम सभी परिजन को कोई जानकारी नहीं थी जब अचानक पुलिस मेरे घर और लड़की थाना पहुंची तब हम लोगो को इसकी जानकारी हुई वही आगे उन्होंने बताया हमलोग पर जो भी युवती के द्वारा आरोप लगाया जा रहा है हम सभी परिवार को इसके संबध में कोई जानकारी नहीं है।

# सामाजिक अंकेक्षण दल के लोगों ने पंचायत प्रतिनिधियों साथ किया बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड पंचायत भवन में बुधवार को सामाजिक अंकेक्षण दल ने मुखिया, पंचायत सचिव, रोजगार सेवक, वार्ड सदस्य एवं ग्रामीणों के साथ बुधवार को बैठक किया। बैठक सामाजिक अंकेक्षण दल के कार्यकर्ता अंकित कुमार यादव, रविंद्र कुमार यादव के नेतृत्व में किया। इस दौरान उन्होंने बताया कि सामाजिक अंकेक्षण के तहत बीते 22 अप्रैल से आगामी 28 अप्रैल तक पंचायत में विकास की योजनाओं की समीक्षा करेंगे। पंचायत के विभिन्न गांवों में बैठक कर मनरेगा योजनाओं से संचालित योजनाओं का स्थल का निरीक्षण कर भौतिक सत्यापन किया जाएगा। बैठक में मुख्य निर्मला देवी पंचायत सचिव दिगंबर पांडे, रोजगार सेवक सत्येंद्र कुमार वर्मा, वार्ड सदस्य कैलाश दांगी, स्वयंसेवक मुनेश्वर दांगी, उपेंद्र दांगी, मुकेश दांगी समेत ग्रामीण मौजूद थे।

# बाबू वीर कुंवर सिंह की जन्म जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातु :** प्रखंड मुख्यालय स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बारियातू में बाबू वीर कुंवर सिंह जी के जन्म जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत प्रधानाचार्य जितेन्द्र राम वरिष्ठ आचार्य शशि कुमार, लक्ष्मी मंडल ने कार्यक्रम में भैया /बहनें को संबोधित करते हुए बाबू वीर कुंवर सिंह जी की जीवनी पर विस्तार से प्रकाश डाला। प्रधानाचार्य जितेन्द्र राम ने भैया/ बहने को संबोधित करते हुए कहा कि बाबू वीर कुंवर सिंह जी के सम्मान में भारत सरकार ने एक डाक टिकट जारी किया और बिहार में वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय की स्थापना की गई। ब्रिटिश इतिहासकार होम्स ने उनके बारे में लिखा है कि उस बूढ़े राजपूत ने ब्रिटिश सत्ता के विरुद्ध अद्भुत वीरता और आन-बान शान के साथ लड़ाई लड़ी। धन्यवाद ज्ञापन आचार्य शशि कुमार सिंह ने किया। कार्यक्रम में सभी आचार्य जी/दीदी जी एवं भैया /बहने उपस्थित थे। कार्यक्रम की समापन वंदे मातरम के साथ की गई।

# तैलिक साहु समाज ने मनाया दानवीर भामाशाह की जयंती



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टंडवा :** प्रखंड क्षेत्र के रक्सी गांव एवं भामाशाह चौक गाड़ीलौंग में अखिल भारतीय तैलिक साहु समाज के द्वारा दानवीर भामाशाह की जयंती समारोह पूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत रक्सी गांव में स्थापित दानबीर भामाशाह की प्रतिमा में माल्यार्पण तथा पुष्प अर्पित कर मनाया गया। इस दौरान लोगो ने अपने अपने विचार रखे। कहा कि आज का दिन ऐतिहासिक दिन है,हमारे पूर्वज भामाशाह ने मुगल शासकों से देश की आजादी के लिए तीन हजार स्वर्ण मुद्राएं दान में दे दिया था। दानवीर भामाशाह द्वारा दिए गए धन से ही महाराणा प्रताप ने अपने सैनिकों के संसाधन जुटाए थे और आगे की लड़ाई लड़ी तथा जंग जीत कर मुगल शासकों को देश से खदेड़ दिया था। लेकिन देश के इतिहास कारो ने दानबीर भामाशाह को इतिहास के पन्ने पर जगह नही दिया। वक्ताओं ने सरकार से सरकारी जयंती मनाने की मांग पर जोर दिया। इस मौके पर पूर्व जीप सदस्य दुलारचंद साहु, जीवन राम, चन्द्रदेव साहु, मनोज साव, महाबीर साव, सुगन साव, राजेन्द्र साव, शंकर साव, गोविंद साव, अशोक साव, जयप्रकाश साहु, शंकर कुमार, झालिया देवी, बेबी देवी, खुशबू, सुनीता, मंजू देवी समेत काफी संख्या में महिला पुरुष ग्रामीण उपस्थित थे।

# खबर का दिखा असर, 24 घंटा से पहले पहुंचे जांच कर्ता, दो दिन के अंदर जलमिनार बनाने को कहा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड पंचायत के सलगा गांव के चबूतरा समीप 14 वें वित्त से लगे जल मीनार पिछले एक वर्ष से खराब था। जिसे लेकर मंगलवार को खबर प्रकाशित किया गया। खबर का असर दिखते हीं 24 घंटा से पहले जांच करने बुधवार को पेयजल स्वच्छता विभाग के सहायक अभियंता अरविंद कुमार सिंह, कनीय अभियंता मंगल सिंह, मुखिया निर्मला देवी व पंचायत सचिव दिगम्बर पांडेय जलसहिया पुष्पा देवी पहुंचे। जांच के दौरान जल मीनार में लगे स्टाटर की चोरी हो गई है।साथ ही दो दिनों में पंचायत एजेंसी से जल मीनार चालू कर दिया जाएगा। मालूम हो कि बीते मंगलवार को सलगा गांव के चबूतरा समीप लगे जल मीनार की एक वर्षो से खराब पड़े होने की ग्रामीणों ने विरोध किया था। जिससे लेकर प्रभात मंत्र अखबार में खबर विस्तार से छपा था।खबर के असर से 24 घंटे के अंदर पेयजल स्वच्छता विभाग व पंचायत प्रतिनिधियों ने संज्ञान ले दो दिन में जल मीनार चालू करने की आश्वाशन ग्रामीणों को दिया है।

# विश्व पृथ्वी दिवस पर जागरूकता शिविर का किया गया आयोजन

## पृथ्वी और पर्यावरण के महत्व को लेकर दी गई जानकारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुंदा :** विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर कुंदा में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस मौक़े अमौना, काशीलौंग, नवादा गाँव समेत अन्य स्थानों पर आयोजित शिविर में उपस्थित लोगों को पृथ्वी और पर्यावरण के महत्व के बारे में बताया गया। बताया गया की विश्व पृथ्वी दिवस हर वर्ष 22 अप्रैल को मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य पृथ्वी और पर्यावरण की सुरक्षा के लिए जागरूकता फैलाना है। इस अवसर पर लोगों को बताया गया कि पृथ्वी और पर्यावरण के संरक्षण के लिए हमें क्या-क्या कदम उठाने होंगे। लोगों को बताया गया कि जंगलों के अंधाधुंध दोहन और प्राकृतिक संसाधनों के दुर्पयोग को रोकना चाहिए वही भूमिगत जल को सुरक्षित रखने के लिए अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने की आवश्यकता है। वही शिविर मे अधिकार मित्र संजय कुमार चौधरी, मुन्ना दास, अजित कुमार, प्रवीण पासवान, किरण कुमारी समेत कई लोग उपस्थित थे।

# वालवाटिका-3 के बच्चों का स्वागत उत्साहपूर्वक किया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** जिला मुख्यालय स्थित केंद्रीय विद्यालय में वालवाटिका-3 कक्षा के नन्हें बच्चों का प्रथम दिवस के अवसर पर विद्यालय परिसर में स्नेहपूर्वक स्वागत किया गया। बच्चों को पढ़ाई से जुड़ी सामग्री, चॉकलेट और फ्रूटी भेंट कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय में एक छोटा स्वागत कार्यक्रम भी आयोजित किया गया जिसमें बच्चों को विद्यालय आने के लिए प्रोत्साहित किया गया।विद्यालय के शिक्षकों और स्टाफ ने मिलकर बच्चों के पहले दिन को यादगार बनाने का प्रयास किया। विद्यालय का वातावरण पूरी तरह से बालमनोविज्ञान के अनुकूल सजाया गया ताकि बच्चे सहजता से नए माहौल में घुल-मिल सकें।प्राचार्य शैलेंद्र सिंह ने कहा- वालवाटिका-3 के नन्हें बच्चों का विद्यालय में स्वागत हमारे लिए गर्व की बात है। हम प्रयास कर रहे हैं कि बच्चों को ऐसा माहौल मिले जहाँ वे खेल-खेल में सीख सकें और विद्यालय को अपने घर जैसा महसूस करें। चॉकलेट और पढ़ाई की सामग्री देकर हम उन्हें शिक्षा के प्रति प्रेरित करना चाहते हैं। हमारा उद्देश्य है कि बच्चे प्रतिदिन उत्साह से विद्यालय आएं और उनका सर्वांगीण विकास सुनिश्चित हो। कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त शिक्षकगण एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# बीएस कॉलेज में पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम का किया गया समापन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** राष्ट्रीय सेवा योजना बनवारी शाहू महाविद्यालय लातेहार झारखंड के तत्वाधान में बुधवार को 8 अप्रैल 2025 से 23 अप्रैल 2025 तक चलने वाले पोषण पखवाड़ा का समापन महाविद्यालय परिसर में किया गया।मौके पर नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय मेदिनीनगर के पूर्व कुल सचिव डॉ मृत्युंजय कुमार एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के पूर्व समन्वयक डॉ विवेश चौबे कार्यक्रम में उपस्थित रहे। अतिथियों के द्वारा कार्यक्रम की सराहना की गई। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रदीप कुमार तिवारी ने पोषण पखवाड़ा में महाविद्यालय के स्वयंसेवकों के द्वारा किए गए कार्यों में संतोष व्यक्त किया कार्यक्रम पदाधिकारी नवल किशोर प्रसाद ने विस्तृत रूप से जानकारी दी एवं सभी को धन्यवाद दिया। इस अवसर पर महाविद्यालय के डॉक्टर नरेश पांडे, प्रोफेसर सीमा एवं स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

# सहायक अध्यापकों को आपदा में सरकारी लाभ नहीं मिलना दुर्भाग्यपूर्ण : शकील खां



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** बुधवार को सहायक अध्यापक संघ प्रखंड इकाई बरवाडीह के अध्यक्ष शकील खां के अगुवाई में सहायक अध्यापकों ने दिवंगत सहायक अध्यापक बलराम प्रसाद यादव उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय तेतर टोला के आश्रित परिजनों से मिलकर उन्हें सहायक अध्यापक परिवार की ओर से 44700 रुपए की सहयोग राशि दी गई। इस दौरान सहायक अध्यापकों ने सरकार के उदासीन रवैया के प्रति आक्रोश दिखाते हुए दुख व्यक्त किया। मौके पर शकील खां ने कहा कि दिन-प्रतिदिन एक एक सहायक अध्यापक काल के गाल में समा जा रहे हैं जोकि 22 वर्षो से लगातार नन्हे बच्चों के भविष्य सुधारने का काम कर रहे हैं लेकिन हमारी आपदा की स्थिति में किसी भी प्रकार की सरकारी सुविधाएं नहीं दी जा रही है जो कि बड़ी दुर्भाग्यपूर्ण है। वहीं प्रदेश महासचिव बबलू सिंह के साथ सहायक अध्यापक संघ ने सरकार से तत्काल स्व बलराम प्रसाद यादव के एक परिजन को अनुकंपा के तहत सरकारी नौकरी एवं मुआवजे के तौर पर 7 लाख रुपए की मांग रखी है। मौके पर प्रखंड कोषाध्यक्ष अनुज कुमार सिन्हा, अनिल सिंह, कुमार सौरव अमीत कुमार, बालेश्वर यादव, हरिशंकर यादव, राजदेव यादव, विजय प्रसाद, दिनेश कुमार, बलराम सिंह, मुकेश कुमार, बिनोद कुमार लाल बिहारी यादव, शशिकांत मंडल, राकेश कुमार समेत अन्य सहायक अध्यापक मौजूद रहे।

# बिजली बचाने की आदत डालें : अभियंता मेहता



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** विद्युत कार्यपालक अभियंता राजदेव मेहता ने लोगों से बिजली बचत की आदत अपनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि छोटे-छोटे उपायों से बिजली की अधिक खपत रोकी जा सकती है, जिससे देश की ऊर्जा संपदा की भी रक्षा होती है। उन्होंने सलाह दी कि उपयोग नहीं होने पर उपकरणों को मुख्य स्विच से बंद करें, सीएफएल की जगह एलईडी बल्ब लगाएं, और नाइट बल्ब में 2 वाट के एलईडी का उपयोग करें। उन्होंने बताया कि एलसीडी टीवी, प्लाज्मा टीवी की तुलना में कम बिजली खर्च करते हैं। एयर कंडीशनर को 24 डिग्री पर सेट करने, कंप्यूटर व प्रिंटर को स्लीप मोड में रखने और कम कपड़े होने पर वॉशिंग मशीन न चलाने की सलाह दी।उन्होंने अपील की कि ट्यूब, फ्रिज, एसी, पंखे जैसे उपकरण खरीदते समय स्टार रेटिंग अवश्य देखें, ताकि कम बिजली में अधिक कार्य हो सके और देश की ऊर्जा क्षमता बढ़े।

# 18 मई को होगा प्रखड पड़हा समिति का पुनर्गठन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातु :** प्रखड मुख्यालय स्थित नचना पड़हा भवन मे प्रखड स्तरीय पारंपरिक स्वशासन व्यवस्था (आदिवासी का समाजिक, न्यायिक, धार्मिक, परंपरागत रुढी प्रथा, एवं शासन व्यवस्था) की पुनर्गठन को लेकर तेतर उरांव के अध्यक्षता में बैठक की गयी. बैठक में प्रखड पड़हा समिति के पुनर्गठन से संबन्धित बिषय पर परिचर्चा की गयी. बैठक को संबोधित करते हुए जगदिश उरांव ने कहा कि हमारे पारंपरिक आदिवासी स्तीत्व की रक्षा करने के लिए बारियातु प्रखड मे 27 पड़हा गठित है, प्रखड स्तरीय पड़हा समिति की पुनर्गठन के लिए बनाए गए नियम के अनुसार , सभी गांव के महतो, पाहन, ओहदार, कोटवार, पड़हा वेल, दीवान,पुजार की उपस्थिति अनिवार्य है। बनाए गए नियम के अनुसार गणपुर्ति नही होने के कारण आज समिति के पुनर्गठन का कार्य स्थगित किया गया है। वही अनुज उरांव ने भारतीय संविधान के अनुच्छेद 13 (क ) मे उल्लेखित परंपरागत रुढी प्रथा के तहत आदिवासी स्वशासन व्यवस्था की बात कही. वहीं सर्वसम्मति से तय किया गया कि 18 मई 2025 दिन रविवार को प्रखड स्तरीय पड़हा भवन नचना मे पारंपरिक विधिविधान से प्रखड पड़हा समिति का पुनर्गठन किया जाएगा. मौके पर दिगंबर टाना भगत, प्रमोद उरांव, नरेश उरांव, सुखदेव उरांव, प्रधान उरांव, रामेश्वर उरांव, शिबा पाहन. शंकर उरांव, महेन्द्र भगत ,मुनेश्वर पाहन, बालेश्वर पाहन ,विशेष वार उरांव कपिलेश उरांव सहित दर्जनो आदिवासी समुदाय के लोग मौजूद थे।

# जिले भर में जयंती के अवसर पर याद किए गए बाबू वीर कुंवर सिंह

## एसएसवीएम में कुंवर सिंह जयंती समारोह धूमधाम से मनाया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** सदर प्रखंड के बाजकुम स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर स्टेशन के विधालय परिसर में भारत माता के सच्चे सपूत और स्वतंत्रता संग्राम के महानायक बाबू वीर कुंवर सिंह की जयंती समारोह हर्षोल्लास एवं गरिमा के साथ मनाई गई।समारोह की शुरुआत दीप प्रज्वलन एवं वीर कुंवर सिंह के चित्र पर माल्यार्पण के साथ हुई। विद्यालय के प्रधानाचार्य राजबल्लम शर्मा ने माल्यार्पण कर समारोह का शुभारंभ किया एवं संचालन का दायित्व धीरजन राम आचार्य को सौंपा गया। विद्यालय के भैया-बहनों द्वारा वीर कुंवर सिंह की जीवनी एवं उनके साहसिक कार्यों की मनोहारी प्रस्तुति दी गई। विद्यार्थियों ने न केवल उनके संघर्षों को रेखांकित किया, बल्कि उनके आदर्शों से भी प्रेरणा लेने का आह्वान किया। समारोह में विद्यालय के आचार्यों ने भी वीर कुंवर सिंह के जीवन, बलिदान एवं समर्पण की व्याख्या की और विद्यार्थियों को उनके पदचिह्नों पर चलने हेतु प्रेरित किया। समारोह के अंत में प्रधानाचार्य राजबल्लम शर्मा ने वीर कुंवर सिंह की अदम्य साहस की गाथा को एक सुंदर भाषण के माध्यम से प्रस्तुत किया और उनके समर्पण को वीरता की मिसाल बताया।समारोह को सफल बनाने में विद्यालय के सभी आचार्यों, दोदी जी एवं कर्मचारियों की सराहनीय भूमिका रही।

**वीर कुंवर सिंह जयंती उत्साहपूर्वक मनाई गई**

सरस्वती विद्या मंदिर,धर्मपुर पथ, लातेहार में भारत के महान स्वतंत्रता सेनानी वीर कुंवर सिंह जी की जयंती वंदना सभागार में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के अध्यक्ष राजीव रंजन पांडे, प्रभारी आचार्य सुरेश ठाकुर तथा जयंती प्रमुख फूलचंद कुमार सिंह द्वारा दीप प्रज्वलन व माल्यार्पण से हुई।भैया-बहनों ने वीर कुंवर सिंह की वीरता व जीवन पर प्रेरणादायक प्रस्तुतियाँ दीं। कक्षा 10 के आशुतोष कुमार, शुभम कुमार, आरूषी कुमारी (कक्षा 6) एवं अंजली कुमारी (कक्षा 7) ने वीरता की गाथा प्रस्तुत की। आचार्य कपिल देव प्रमाणिक ने बलिदान के महत्व को रेखांकित किया, जबकि प्रभारी आचार्य ठाकुर ने उनके जीवन से प्रेरणा लेने की बात कही। अध्यक्ष पांडे ने वीरता को अनुकरणीय बताया। कार्यक्रम में सभी आचार्य, दीदी जी एवं भैया-बहन उपस्थित रहे।

# यूपीएससी में 354वीं रैंक प्राप्त करने वाली आस्था शरण का मुखिया संघ बरही ने किया भव्य स्वागत





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** यूपीएससी परीक्षा 2024 में 354 वीं रैंक हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन करने वाली जरहिया की रहने वाली आस्था शरण का उनके आवास पर मुखिया संघ द्वारा भव्य स्वागत किया गया। इस सम्मान समारोह का आयोजन मुखिया संघ अध्यक्ष एवं मलकोको पंचायत के मुखिया विजय यादव की अगुवाई में किया गया। इस अवसर पर धनवार मुखिया राजेन्द्र प्रसाद, पंचमाधव बसरिया की मुखिया नीलम देवी, करियातपुर मुखिया मनोज कुमार, बरसोत मुखिया मोतीलाल चौधरी, करसो मुखिया प्रतिनिधि मुकेश राम, पंचमाधव मुखिया प्रतिनिधि हरेंद्र गोप, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि विकास यादव और सामाजिक कार्यकर्ता जितेंद्र यादव उर्फ मंटू यादव सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। मुखिया संघ की ओर से आस्था शरण को शॉल ओढ़ाकर एवं बुके देकर सम्मानित किया गया। साथ ही धनवार मुखिया राजेन्द्र प्रसाद ने उन्हें डायरी भेंट की। मुखिया संघ अध्यक्ष विजय यादव ने कहा कि आस्था शरण ने अपनी मेहनत, लगन और संकल्प के बल पर यह सफलता हासिल की है। यह हम सभी के लिए गर्व का क्षण है। उनके जैसे होनहार युवाओं से आने वाली पीढ़ियों को प्रेरणा मिलेगी।धनवार मुखिया राजेन्द्र प्रसाद ने भी आस्था की सराहना करते हुए कहा कि आस्था ने यह सिद्ध कर दिया है कि गांव की बेटियां भी अगर ठान लें तो किसी भी ऊंचाई तक पहुंच सकती हैं। हम सभी को उन पर गर्व है। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने आस्था शरण के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# जला विधिक सेवा प्राधिकार के द्वारा लोक अदालत सह कानूनी जागरूकता अभियान चलाया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** प्रखंड सभागार में जिला विधिक सेवा प्राधिकार हजारीबाग के द्वारा चलंत लोक अदालत सह कानूनी जागरूकता अभियान चलाया गया। झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण ( झालसा) के निर्देश अनुसार प्रचार प्रसार किया गया है। जिसमें अधिवक्ता ओसिता कीर्ति रंजन, अस्सिटेंट एलएडीसी मोहम्मद मोयेजम मेडिएटर के द्वारा विभिन्न तरह के कानून से संबंधित लोगों को विस्तार रूप से जानकारी दिया गया। मुख्य रूप से मोटर दुर्घटना में घायल एवं मृतक को वित्तीय बीमा सहायता एवं चिकित्सा से संबंधित एक्ट के बारे में बताया गया। बताया गया दुर्घटना होने पर प्रत्यक्ष लोग को यह दायित्व होना चाहिए की सबसे पहले उस पीड़ित को अस्पताल तक पहुंचाने का काम करें ताकि समय रहते घायल का समुचित इलाज हो सके। मौके पर विधानसभा सांसद सह प्रतिनिधि कृष्ण राम ने कहा कि कानूनी जागरूकता नहीं होने से सभी तरह के सुविधाओं से लोगों को वंचित रहना पड़ता है , इसलिए कानूनी जागरूकता अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सांसद सह प्रतिनिधि पंचायत समिति सदस्य कृष्ण राम, उपेन्द्र प्रसाद पंसस, विकास कुमार पी एल डब्लू, ममता कुमारी, हिना तिर्की, गीता कुमारी, उमाशंकर महतो पी एल बी, सूरज कुमार रवि, प्रशांत कुमार, आशीष पासवान, मो इस्तियाक, दीपक कुमार, रवींद्र साव, भास्कर कुमार, प्रकाश कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे ।

# जिला उद्योग केंद्र हजारीबाग में उद्यम रजिस्ट्रेशन-कम-जागरूकता शिविर का आयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** जिला उद्योग केंद्र, हजारीबाग के द्वारा बुधवार को जिला उद्योग केंद्र में उद्यम रजिस्ट्रेशन कम-जागरूकता शिविर का आयोजन आज बुधवार को किया गया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य सूक्ष्म,लघु एवं मध्यम उद्यम के पंजीकरण को बढ़ावा देना और उद्यमिता को प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम में जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक शंभु शरण बैठा ,जिला अग्रणी प्रबन्धक राकेश आजाद,ईओडीबी मैनेजर श्याम कुमार गुप्ता,चैंबर ऑफ कॉमर्स हजारीबाग के अध्यक्ष शंभु नाथ अग्रवाल एवं प्रतिनिधि तारिक राजा,आर सेटी के साथ-साथ विभिन्न जगहों से बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। मौके पर श्याम कुमार गुप्ता जिला उद्योग केंद्र द्वारा क्रियान्वित योजनाओं और उद्यमिता को बढ़ावा देने वाली पहल पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि उद्यम रजिस्ट्रेशन, पीएमइजीपी, पीएम एफ एम ई और माइक्रो इंटरप्राइजेज डेवलपमेंट जैसी योजनाएं छोटे व्यवसायों को बढ़ावा देने और स्वरोजगार को प्रोत्साहित करने में अहम भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने कहा कि उद्यमियों को उद्यम रजिस्ट्रेशन , प्रधामनंत्री रोजगार सृजन योजना और प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के तहत फॉर्म भरने में भी उद्यमियों को सहयोग दिया जाएगा। महाप्रबंधक ने लोगों को छोटे-छोटे उद्योगों से जुड़कर रोजगार करने की अपील की। जिला अग्रणी प्रबन्धक बैंक से संबंधित सरकार द्वारा चलाए जा रहे हैं विभिन्न प्रकार के योजनाओं के विषय में विस्तार से बताया और कहा कि लोग घर पर ही रहकर के स्वरोजगार कर सकते हैं। चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष ने हजारीबाग में उद्योग से संबंधित संभावनाओं को बताया शिविर के दौरान उद्यमियों को ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया,वित्तीय सहायता और सरकारी योजनाओं के लाभों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। यह कार्यक्रम में स्थानीय लोगों से कहा गया कि उद्यमियों के लिए एक महत्वपूर्ण मंच साबित होगा। जिससे वे अपने व्यवसाय को औपचारिक रूप से पंजीकृत कर सरकारी लाभ प्राप्त कर सकते हैं। डीआईसी के महाप्रबंधक ने सभी इच्छुक उद्यमियों से अपील किया कि वे इन योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाएं और अपने व्यवसाय को सशक्त बनाएं। इस कार्यक्रम में कुल 50 लोगों को ऑन द स्पॉट उद्यम रजिस्ट्रेशन किया गया और 50 लोगों को उद्यम रजिस्ट्रेशन के लिए दस्तावेज लिए गए। कार्यक्रम में लगभग 140 लोग शामिल हुए। इस कार्यक्रम में रजिस्ट्रेशन निशुल्क किया गया।

# परसाबेड़ा कोनार विस्थापितो को राहत मिलने के दिखने लगे आसार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** कोनार जलाशय परियोजना की वजह से करीब सात दशकों से विस्थापन का दंश झेल रहे कोनार विस्थापितो परसाबेड़ा ,नावाटांड़ के ग्रामीणों के लिए एक राहत भरी खबर मिली। ज्ञात हो कि 30 दिसम्बर 2024 को विष्णुगढ़ अंचलाधिकारी नित्यानंद दास ने कोनार विस्थापित नावाटांड़ के ग्रामीणों ने बैठक कर कहा था,कि डीवीसी के अधिकारियों,विस्थापितो और मैं बैठक कर इस जटिल मुद्दे के समाधान को लेकर बैठना होगा तभी इस समस्या का समाधान निकलेगा। इसी के तहत अंचल कार्यालय में बुधवार की बैठक में निदेशक पुनर्वास एवं भूअर्जन दाधानी राजेश कुमार पाठक,भूमि परामर्शी डीवीसी राकेश रौशन,डीवीसी विस्थापित एवं स्थानीय समन्वयक समिति महासचिव उत्पल चक्रवर्ती,सुधीर कुमार ने कहा कि कोनार डैम परियोजना दामोदर घाटी निगम (डीवीसी) के निर्माण के लिए उनके वासस्थान और कृषि भूमि के अधिग्रहण के कारण मौजा परसाबेडा, प्रखंड विष्णुगढ़, जिला हजारीबाग (झारखंड) से विस्थापित किया गया था,साथ हीं पुनर्वास के लिए डीवीसी द्वारा अधिग्रहित नीचे उल्लेख किया गया है / पर्चा संख्या 56 में दर्ज (संलग्न और डीएलआरए, हजारीबाग द्वारा सत्यापित) निम्नलिखित भूखंडों और भूमि के क्षेत्र पर मौजा बनासो, ब्लॉक विष्णुगढ़, जिला हजारीबाग (झारखंड) में पुनस्थापित किया गया था। अंचल अधिकारी विष्णुगढ़ नित्यानंद दास से आग्रह है कि उपरोक्त भूमि जो डीवीसी के नाम पर अभिलेख में दर्ज है से घटा कर नाम पर स्थानांतरित करने तथा उन्हें उक्त भूमि का उस भूमि को डीवीसी के खाते से काटकर विस्थापितो मालिकाना हक दिलाने की दिशा में जाँच-परख कर करें। आज की बैठक में सकारात्मक चर्चा पर कोनार विस्थापितो ने इसकी सराहना करते हुए खुशी का इजहार किया। इस मौके पर मुख्य रूप से बनासो मुखिया चंद्रशेखर पटेल, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि राजकुमार महतो, जेएलकेएम केंद्रीय संगठन मंत्री महेंद्र प्रसाद महतो उर्फ माही पटेल, भारतीय मजदूर संघभवन निर्माण जिलाध्यक्ष सुरेश राम, कर्मचारी मुकेश यादव अन्य विस्थापित मौजूद थे।

# ब्लॉक मोड एवं दैनिक बाजार में जल मीनार खराब, लोग परेशान





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** प्रखंड मुख्यालय के सामने ब्लॉक मोड़ के पास विगत एक माह से एवं बड़कागांव दैनिक बाजार में 15 दिनों से जल मीनार खराब पड़ा है जिसके कारण ग्रामीणों को पेयजल की समस्या से जुझना पड़ रहा है। ब्लॉक मोड़ के पास स्कूल, कॉलेज, ब्लॉक व अन्य कार्य से आवागमन कर रहे राहगीरों के लिए वहीं दैनिक बाजार में सैकड़ो लोग सब्जी खरीदने एवं कारोबार करने वालों के लिए पेयजल की समस्या उत्पन्न हो गई है। भीषण गर्मी को देखते हुए भाजपा के वरिष्ठ नेता ज्ञानेश्वर शर्मा ने प्रशासन से प्रखंड में बंद पड़े जल मीनारो को मरम्मत करवा कर पानी चालू करवाने की मांग की है। मामले को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार मंडल से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि पीएचडी विभाग से बात कर बनाने का प्रयास किया जाएगा।

# भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर ने मनाया वीर कुंवर सिंह की जयंती व विजयोत्सव



**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बरही भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, बरही के वंदना सभा मे वीर कुंवर सिंह की जयंती एवं विजयोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रभारी प्रिंस कुमार तथा वरिष्ठ आचार्य संजीव के द्वारा उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया गया।इस अवसर पर आचार्य संजीव ने स्वतंत्रता संग्राम मे वीर कुंवर सिंह के योगदान को विस्तार पूर्वक बताया तथा कहा कि उनके बलिदान से हमे प्रेरणा लेनी चाहिए-मातृभूमि से बढ़कर जीवन मे कुछ नही है। सुनीता ने कहा कि आजादी की जंग लडने के लिए -किसी उम्र तथा किसी अवस्था की जरूरत नही होती सिर्फ जरूरत होती है तो देशभक्ति की जज्बों की। सुरेन्द्र ने कहा कि उनका संघर्ष तथा कृतित्व सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। राजू ने छात्रो को देशभक्ति के लिए उत्साहित किया तथा जीवन मे आगे बढने के लिए वीर कुंवर सिंह के पद्म चिन्हों पर चलने के लिए प्रेरित किया। सप्तम ब की बहन आरुषि,अस्मिता, आरोही तथा स्मिता ने वीर कुंवर सिंह के जीवनी पर प्रकाश डाला। मौके पर सभी आचार्य, दीदीजी उपस्थित थे।

# संकीर्ण बेनी पुल पर बोलेरो हादसा : शादी से लौट रहे 5 लोग घायल, बड़ा हादसा टला



**टाटीझरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता) ।** थाना क्षेत्र के संकीर्ण बेनी पुल के पास मंगलवार की अहले सुबह 5 बजे बोलेरो (डब्ल्यूबी 38 वी 0176) अनियंत्रित होकर पुल के क्षतिग्रस्त गार्डवाल से जाकर टकरा गया। दुर्घटना में बोलेरो सवार पांच लोग घायल हो गए हैं। घटना एनएच-522 टाटीझरिया थाना क्षेत्र के हजारीबाग-बगोदर मुख्य मार्ग की है। बताया जाता है कि बोलेरो से परिवार के लोग सिमरिया चतरा से शादी समारोह से रूपनारायणपुर वर्द्धमान लौट रहे थे, मंगलवार की अहले सुबह 5 बजे जैसे ही बोलेरो चालक संकीर्ण बेनी पुल के पास क्रॉस कर रहा था तभी सामने से आ रहे एक अज्ञात ट्रक ने चकमा दे दिया। उससे बचने के लिए चालक ने बोलेरो को पुल के क्षतिग्रस्त गार्डवाल में वाहन को चढा दिया। गनीमत रहा कि बोलेरो पुल के नीचे नहीं गिरी अन्यथा बडी दुर्घटना होने से इंकार नहीं किया जा सकता था। इस दुर्घटना में बोलेरो सवार 5 लोग घायल हो गएं हैं। इसमें रूपनारायणपुर वर्द्धमान निवासी एसके सिराज (42 वर्ष), डॉली प्रवीण (27 वर्ष), हीना खातून (18 वर्ष), गया बिहार निवासी मो. सकील अहमद (55 वर्ष) और सिमरिया चतरा निवासी चालक मो. अकील (32 वर्ष) शामिल हैं। सभी का ईलाज मां सती आरोग्य अस्पताल टाटीझरिया में किया जा रहा है। बोलेरो में बच्चे समेत कुल 11 लोग सवार थे। ज्ञात हो कि एनएच-522 मुख्य मार्ग का संकीर्ण बेनी पुल दुर्घटना संभावित स्थान है। यहां आएदिन सडक हादसे होते हैं। जिससे कि इसका गार्डवाल भी क्षतिग्रस्त हो गया है। एनएच विभाग की ओर से लंबे समय से गार्डवाल मरम्मति किए जाने की दिशा में पहल नहीं की गई है।

# हजारीबाग जिला कांग्रेस कार्यकारणी की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** जिला कांग्रेस कार्यालय कृष्ण बल्लभ आश्रम में जिला कांग्रेस कार्यकारणी की महत्वपूर्ण बैठक जिला कांग्रेस के अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार यादव के अध्यक्षता में की गई। बैठक में मुख्य रूप से जिला पर्यवेक्षक पूर्व मंत्री जलेश्वर महतो और जिला के प्रभारी रामगढ़ की विधायक ममता देवी उपस्थिति रही । कार्यक्रम का संचालन जिला उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता निसार खान और धन्यवाद ज्ञापन महानगर कांग्रेस अध्यक्ष मनोज नारायण भगत ने किया । कांग्रेस पार्टी संगठन सृजन कार्यक्रम जो पूरे भारत में चल रहा है उसी कड़ी में बैठक हुई। जिला

पर्यवेक्षक पूर्व मंत्री जलेश्वर महतो ने बताया कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी के निर्देश पर जिला कमेटी को साथ ही जिला के अध्यक्ष को और सशक्त बनाया जाएगा। प्रखंड कमेटी को विस्तार करने को लेकर आवश्यक निर्देश दिया। जिला कांग्रेस की बैठक 1 से 15 तारीख हर महीने बैठक करना है और कार्य करने के सभी सदस्यों की उपस्थिति अनिवार्य की गई है इसी प्रकार हजारीबाग जिला के सभी प्रखंडों में 5 तारीख को बैठक की जाएगी। जिसमें प्रखंड के प्रभारी मुख्य रूप से उपस्थित रहकर प्रखंड में सृजन कार्यक्रम को आगे बढ़ाएंगे । अप्रैल से जून तक 3 महीना या 100 दिनों का एक निश्चित कार्यक्रम दिया गया है। कार्यकर्ता ईमानदारी से अपने कार्य पूरा करेंगे। आने वाले दिनों में संविधान बचाओ अभियान भी चलाई जाएगी और लोगों को जोड़ते हुए एक बड़ी रैली 29 अप्रैल को की जाएगी। जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार यादव ने सभी प्रखंड अध्यक्षों प्रखंड के प्रभारी को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए पांच तारीख को हर प्रखंड में बैठक करने और लोगों की समस्याओं को सुनने पार्टी के संगठन सृजन को आगे बढ़ाने और पार्टी के कार्यक्रमों को सही दिशा देने का आग्रह किया। राहुल गांधी और राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़गे द्वारा दिए गए कार्यक्रमों को जन-जन तक पहुंचाना कार्यकर्ताओं का दायित्व है। इस अवसर पर जिला के विधायक प्रभारी ममता देवी ने कहा की वर्तमान परिस्थितियों में पार्टी को संगठित कर मजबूत करना और राहुल गांधी के हाथ को मजबूत करना बहुत आवश्यक है। भारतीय जनता पार्टी जिस प्रकार से लगातार असंवैधानिक कानून को बना कर और संविधान को क्षति पहुंचाने का काम कर रही है। उसको रोकने के लिए कांग्रेस का संगठित होना और लोगों को जोड़ना आवश्यक है। सरकार के योजना का लाभ अंतिम वर्ग तक पहुंचाना है इसके लिए संगठन के माध्यम से लोगों को जागरूक करना है और कार्यकर्ताओं को सशक्त और मजबूत करना हमारा उद्देश्य है। कार्यक्रम के पश्चात कश्मीर पहलगाम में आंतकी हमले में मारे गए निर्दोष लोग तथा कोडरमा लोकसभा से दो बार सांसद चुने गए तिलकधारी सिंह के निधन पर दो मिनट का मौन रखा गया । महत्वपूर्ण बैठक में प्रदेश महासचिव बिनोद कुशवाहा पर्यवेक्षकों में अवधेश कुमार सिंह, दिगम्बर प्रसाद मेहता, शशि मोहन सिंह, शारदा रंजन दुबे, ज्ञानी प्रसाद मेहता, राजीव मेहता, सुरजीत नागवाल, साजिद हुसैन, रेणु कमारी, अजय कुमार गुप्ता, कुमारी बाखला, कैलाश पति देव, डॉ.प्रकाश कुमार, रजी अहमद, संतोष देव प्रखंड अध्यक्षों में रविन्द्र गुप्ता, अजित कुमार सिंह, नरसिंह प्रजापति, मो. नौशाद, गोवर्धन गंझू, मो.मोइनुद्दीन, सत्यनारायण प्रसाद, अब्बास अंसारी, गौतम कुमार मेहता, विजय कुमार, लाल मोहन रविदास, बैजू गलहोत के अतिरिक्त जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष प्रकाश कुमार यादव, महिला कांग्रेस की अध्यक्ष बेबी देवी, सेवादल के अध्यक्ष गुड्डू सिंह, प्रदेश युवा कांग्रेस महासचिव कोमल कुमारी वरिष्ठ कांग्रेसजन, कार्यकारिणी सदस्य, प्रदेश प्रतिनिधिगण, अल्पसंख्यक सेल, ओबीसी, जवाहरलाल बाल मंच, एसी सेल, इंटक के जिला अध्यक्ष जिला कांग्रेस के पदाधिकारीगण नगर कांग्रेस के पदाधिकारीगण सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

# श्रीदस स्कूल के छात्रों ने आईएएस आस्था शरण से की भेंट



**- बेटी आस्था बनीं प्रेरणा का स्रोत, आईएएस बनने की छात्रों में जगाई नई उम्मीद**

**- उनकी संघर्षमयी यात्रा आज के हर छात्र-छात्रा के लिए प्रेरणा की जीवंत मिसाल है : प्राचार्य**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** श्रीदस स्कूल के लिए यह अत्यंत गर्व और गौरव का क्षण रहा, जब विद्यालय परिवार यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा 2024 में ऑल इंडिया रैंक 354 प्राप्त करने वाली आस्था शरण से उनके गाँव जरहिया स्थित निवास पर मिलने पहुंचे। वे बरही के एक छोटे से गाँव से निकलकर, कठिन परिश्रम और दृढ़ निश्चय की मिसाल बनीं आस्था ने न केवल अपने परिवार, बल्कि पूरे झारखंड का नाम रोशन किया है। इस मुलाकात के दौरान छात्रों ने उत्सुकता से विभिन्न प्रश्न पूछे, जिनका उत्तर आस्था ने बड़े ही धैर्य और स्नेह के साथ दिया। यह देखकर हर किसी को यह अनुभूति हुई कि बेटियाँ वाकई में अब सशक्त अधिकारी बनकर देश का नेतृत्व करेंगी। विद्यालय के प्राचार्य रोहित सिंह ने कहा कि आस्था शरण की सफलता इस बात का प्रमाण है कि यदि लगन, संघर्ष और अनुशासन को अपना जीवन मंत्र बना लिया जाए, तो कोई भी सपना अधूरा नहीं रहता। उनकी संघर्षमयी यात्रा आज के हर छात्र-छात्रा के लिए प्रेरणा की जीवंत मिसाल है।÷आस्था जैसी बेटियाँ हमारे सपनों की सच्चाई हैं और हमें विश्वास है कि श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल से और भी कई आस्थाएं निकलेगीं, जो भारत का भविष्य बनेंगी। आस्था ने अपनी तैयारी के दौरान आए संघर्षों, अनुभवों, और सफलता के पीछे छुपे रहस्यों को विस्तार से साझा किया। उन्होंने बताया कि कैसे कठिनाइयों को पार करते हुए उन्होंने अपने लक्ष्य को प्राप्त किया और कैसे गाँव के परिवेश ने उन्हें मजबूत और आत्मनिर्भर बनाया। इस विशेष मौके पर विद्यालय के कई शिक्षकगण भी उपस्थित थे, जिन्होंने आस्था शरण को सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दीं।

# अलपीटो मुखिया समेत अन्य पर सरकारी राशि गबन के आरोप में प्राथमिकी दर्ज

## प्रखंड विकास पदाधिकारी, विष्णुगढ़ ने दर्ज कराई प्राथमिकी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** ग्राम पंचायत अलपीटो विष्णुगढ़ प्रखंड में 15वें वित्त योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2021-22 में विभिन्न योजनाएं क्रियान्वित की गई थी। एमआईएस रिपोर्ट के आधार पर क्रियान्वित की गई सभी 16 योजनाओं यथा पेवर्स ब्लॉक पथ निर्माण, पुलिया निर्माण,श्मशान घाट निर्माण, चापानल की मरम्मती, जल नल कनेक्शन आदि में विभागीय दिशा निर्देशों की अवहेलना करते हुए 23लाख 80 हजार रुपए का अवैध रूप से भुगतान कर गबन करने का मामला संज्ञान में आने पर विष्णुगढ़ प्रखंड विकास पदाधिकारी श्री अखिलेश कुमार के द्वारा जांच क्रम में इस कार्य में संलग्न अलपीटो मुखिया सुमिता देवी, मुखिया पति धनेश्वर यादव नारायण यादव मुखिया का संबधी तथा तत्कालीन पंचायत सचिव सरयू पासवान की संलिप्तता पाई गई है। उक्त सभी योजनाओं का भुगतान अलग-अलग लाभुक समिति के नाम से होना था। प्रखंड विकास पदाधिकारी, विष्णुगढ़ ने इस पर कार्रवाई करते हुए अवैधकर्ताओं द्वारा सरकारी राशि का गबन एवं दुरुपयोग, वित्तीय अनियमित तथा सरकारी नियम परिनियम की अवहेलना,पद का दुरुपयोग करना, साक्ष्य मिटाना एवं अन्य अनियमितताओं के संदर्भ में भारतीय न्याय संहिता के सुसंगत धाराओं के तहत विष्णुगढ़ थाना में अभियुक्तों पर प्राथमिकी की दर्ज कराई गई है।

**इन योजनाओं के भुगतान में हुई गड़बड़ी :** बीडीओ का कहना कि योजना के तहत करवाए गए निर्माण कार्यो का भुगतान अलग-अलग लाभुक समिति के नाम होनी चाहिए थी। ऐसी 16 योजनाओ को चिह्नित किया गया। इसका भुगतान मार्गनिर्देशिका के विपरीत किया गया है। इसमें हेठली बोदरा में रामदेव यादव के घर से बालेश्वर यादव के घर तक फेवर्स ब्लांग पथ -60 हजार, हेठली बोदरा में पीसीसी पथ से प्रसादी यादव के घर तक फेवर्स ब्लाग पथ एक लाख 90 हजार, चौथा में महावीर यादव के घर से छोटे यादव के घर तक फेवर्स ब्लाग पथ-एक लाख 90 हजार, गुंडरो में मनोज ठाकुर के घर से प्रकाश ठाकुर के घर तक फेवर्स ब्लाग पथ-एक लाख 90 हजार रूपये, गुंडरो में पारटांड मंदिर से डेगलाल सिंह के घर तक फेवर्स ब्लाग पथ-एक लाख 2 हजार रूपये, गुंडरो में मनोज सिंह के घर से महेंद्र सिंह के घर तक फेवर्स ब्लाग पथ-एक लाख, अलपीटो में छतरटांड मंदिर से देवकी यादव के घर तक पेवर्श ब्लाग पथ एक लाख, हेठली बोदरा के मुकेश यादव के घर से पास पुलिया निर्माण -90 हजार, चौथा में बाराघाट में श्माशान घाट निर्माण, 50 हजार रुपए, अलकोपी में चापाकल मरम्मत एक लाख 90 हजार रुपए, उपरैली बोदरा में जलनल कनेक्शन एक लाख 90 हजार, चौथा में 20 घरों में जल नल पाइप कनेक्शन एक लाख 90 हजार, अलपीटो में पंडित टोला में 10 घरों में जल नल कनेक्शन-एक लाख 90 हजार, हेठलीबोदरा में पाठक टोला में जल नल कनेक्शन एक लाख 50 हजार अलपीटो में घटाटांड में जल नल पाइप कनेक्शन, -एक लाख 90 हजार, हेठली बोदरा में सिंह टोला में जलनल पाइप कनेक्शन एक लाख 90 हजार रुपए का भुगतान किया गया है। इन योजनाओ का अभिलेख एवं अन्य आवश्यक दस्तावेज से संबंधित साक्ष्य मिटाने के लिए अलपीटो पंचायत में चोरी की घटना घटी, जो जांच का विषय है। इस संबंध में थाने में मामला दर्ज किया गया है।

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com




## सद्भावना समिति सयाल के बैनर तले बाबू वीर कुंवर सिंह कि जंयती मनाई गई

# बाबू वीर कुंवर सिंह ने 1857 के विद्रोह क्रांतिकारी स्वतंत्रता संग्राम के महानायक थे : रमेन्द्र कुमार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**उरीमारी :** सयाल के हिल व्यू स्टेडियम में सद्भावना समिति सयाल के बैनर तले बुधवार को बाबू वीर कुंवर सिंह कि जंयती विजय दिवस के रूप में मनाई गई। जिसमें मुख्य अतिथि एटक राष्ट्रीय अध्यक्ष सह जेबीसीसीआई सदस्य कामरेड रमेन्द्र कुमार व विशिष्ट अतिथि सीसीएल बरकासयाल क्षेत्र के महाप्रबंधक अजय सिंह मौजूद रहे। वहीं इस मौके पर सद्भावना समिति सयाल के द्वारा सभी अतिथियों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। वहीं इस



मुख्य अतिथि कामरेड रमेन्द्र कुमार ने कहा कि बाबू वीर कुंवर सिंह ने 1857 के विद्रोह क्रांतिकारी स्वतंत्रता संग्राम के महानायक थे। बहुत अन्याय विरोधी व स्वतंत्रता प्रेमी बाबू कुंवर सिंह कुशल सेना नायक थे। इनको 80 वर्ष की उम्र में भी लड़ने तथा विजय हासिल करने के लिए जाना जाता था। वहीं कामरेड रमेन्द्र कुमार ने यह। भी कहा कि सयाल सद्भावना समिति बहुत ही अच्छा काम कर रही है। वहीं उन्होंने सयाल महाप्रबंधक अजय सिंह को भी कोयला उत्पादन पर मिली उपलब्धि पर बधाई दी। साथ ही सयाल के विकास पर जोर देने को कहा। वहीं विशिष्ट अतिथि जीएम अजय सिंह ने कहा कि वीर कुंवर सिंह का जन्म 13 नवम्बर 1777 को बिहार के भोजपुर जिले के जगदीशपुर गांव के एक क्षत्रिय जमीनदार परिवार में हुआ था। वीर कुंवर सिंह भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के एक प्रमुख सेनानी थे। वे 1857 के स्वतंत्रता संग्राम के दौरान एक दिल्ली के राजकुमार थे जो ब्रिटिश शासन के खिलाफ खड़े हुए थे। वहीं दूसरी ओर सयाल के मार्डन चिल्ड्रेन स्कूल के बच्चीयो द्वारा अतिथियों का स्वागत गान से स्वागत किया गया। वहीं अतिथियो में सतीश सिन्हा,एनके सिंह,जगत प्रसाद, बिनोद कुमार, अजय प्रसाद, राजीव रंजन, लालन यादव, विजय सिंह, शत्रुघ्न प्रसाद, जसीम अंसारी वहीं सद्भावना समिति सयाल के सदस्यों में संरक्षक बिरेंद्र पासवान, ओमप्रकाश सिंह,अर्जुन सिंह, रामविलास यादव, समिति के अध्यक्ष सतेन्द्र यादव,सचिव पिन्टू सिंह, विनोद कुमार,संजय श्रीवास्तव, फूलन तिवारी,जेपीएन सिन्हा, राजीव सिन्हा, उदय मेहता, भूषण शर्मा ,संटू सिंह,अन्नू गुप्ता,, विक्की, रवि सिंह, अमित सिन्हा ,जगत प्रसाद, अरविंद सिंह,अजित सिंह, बिमलेश रजवार,टाइगर सिंह, दीपक पाण्डे आदि लोग मौजूद थे।

## विश्व मलेरिया दिवस को लेकर सिविल सर्जन की अध्यक्षता में हुई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** बुधवार को सिविल सर्जन, रामगढ़ डॉ महालक्ष्मी प्रसाद की अध्यक्षता में सिविल सर्जन कार्यालय स्थित सभाकक्ष में आगामी 25 अप्रैल 2025 को विश्व मलेरिया दिवस 2025 मनाने हेतु विभिन्न विभागों के साथ स्वास्थ्य विभाग का बैठक आयोजित किया गया जिसमें सिविल सर्जन रामगढ के द्वारा बताया गया कि मलेरिया एक जानलेवा बीमारी है जिसका जाँच एवं उपचार सही समय से किया जाना अतिआवश्यक है।जिला भी0बी0डी0 पदाधिकारी रामगढ के द्वारा बताया गया कि विश्व मलेरिया दिवस का उद्देश्य जन समुदाय को मलेरिया से सुरक्षा एवं बचाव के प्रति जागरुक करना और बेहतर स्वास्थ्य के लिए उनका व्यवहार परिवर्तन किया जाना है।जिला भी0बी0डी0 सलाहकार के द्वारा मलेरिया के बारे में उन्मूलीकरण किया गया इस बैठक में संबंधित विभाग यथा कैन्टोमेंट बोर्ड रामगढ कैन्ट, टाटा स्टील फाउन्डेशन एवं स्वास्थ्य विभाग के सिविल सर्जन डॉ0 महालक्ष्मी प्रसाद जिला भी0बी0डी0 पदाधिकारी डॉ अजय चौधरी, जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ0 स्वराज, जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी डॉ0 तुलिका रानी, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ0 रश्मी रोंगिला शांगा, डॉ0 धीरेन्द्र कुमार, डॉ राजकुमार चौधरी,आदि थे ।

## ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क जैसी बुनियादी सुविधाओं का विकास उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है ममता देवी

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** दुलमी प्रखंड के ग्राम भालू स्थित पुराने



स्कूल से प्रमोद महतो के घर तक बनने वाले पीसीसी पथ निर्माण कार्य का शुभ शिलान्यास बुधवार को विधायक ममता देवी, दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष शसुधीर मंगलेश एवं सांसद प्रतिनिधि विक्की महतो के कर-कमलों द्वारा किया गया। यह निर्माण कार्य जिला खनिज निधि ट्रस्ट मद के तहत कराया जा रहा है।शिलान्यास समारोह के दौरान विधायक ममता देवी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क जैसी बुनियादी सुविधाओं का विकास उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस पथ निर्माण से न केवल स्थानीय निवासियों को आवागमन में सुविधा मिलेगी, बल्कि ग्राम के समग्र विकास को भी नई गति मिलेगी। उन्होंने उपस्थित ग्रामीणों से विकास कार्यों में सक्रिय सहयोग की अपील करते हुए सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की भी जानकारी दी।कार्यक्रम में प्रदीप महतो, ठाकुरदास महतो, उत्तम महतो, रामप्रसाद महतो, सुमिता देवी बलराम महतो बलवंत मुंडा समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## मांडू में पानी की गंभीर समस्या को लेकर मांडू के जनप्रतिनिधि द्वारा रामगढ़ उपायुक्त को दिया गया आवेदन

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मांडू में पानी की गंभीर समस्या को



लेकर मांडू के जनप्रतिनिधि बहुत ही गंभीर है इसकी समस्या को लेकर बुधवार को रामगढ़ उपायुक्त एवं उसके गोपनीय शाखा प्रभारी से समस्याओं को अवगत कराया, और लिखित आवेदन दिया बताया गया कि विगत दो वर्षो से ठुद्ध33 में नल जल योजना पूर्ण रूप से बंद है और यहां की जनता पानी के लिए बेहाल है इसे जल्द से जल्द चालू कराया जाए नहीं तो उग्र आंदोलन होगा इस पर पहल करते हुए रामगढ़ उपायुक्त तत्काल दो-तीन टैंकर से प्रत्येक दिन मांडू चट्टी पंचायत एवं मांडू डीह पंचायत मैं पानी उपलब्ध कराया जाएगा और बहुत ही जल्द नल जल योजना को चालू कराया जाएगा आवेदन देने वालों में मुख्य रूप से मांडू चट्टी मुखिया अनीता देवी सांसद प्रतिनिधि विवेक गुप्ता, मांडू डीह मुखिया बैजनाथ राम, , मांडू चट्टी उप मुखिया पंकज कुमार गुप्ता, समाजसेवी एवं विधायक प्रतिनिधि मांडू बालेश्वर भूइया, मोहम्मद मिस्टर आलम उपस्थित थे।

## मारवाड़ी महिला समिति रामगढ़ शाखा की अप्रैल माह की मासिक सभा का आयोजित किया

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जैन भवन के सभागार में मारवाड़ी



महिला समिति रामगढ़ शाखा की अप्रैल माह की मासिक सभा का आयोजित किया। सर्वप्रथम सभा के आरंभ में अप्रैल माह में समिति की जिन बहनों के जन्म दिवस तथा वैवाहिक वर्षगांठ थी उन सभी बहनों को सम्मानित कर उनसे सामूहिक केक कटावाकर उनका सभी का अभिनंदन किया गया तथा इन अभिनंदित बहनों के समिति के प्रति योगदान को सराहा गया। पश्चात समिति की बहनों ने बैठक में समिति के भविष्य के क्रियाकलापों की रूपरेखा तय की गई। इस अवसर पर एक बालिका की पढ़ाई में आर्थिक सहयोग भी किया गया। इस अवसर पर समिति की अध्यक्षा निशा जैन, सचिव रिद्धि जैन, अरुणा जैन, रेनू मित्तल, मंजू गोयनका, मीनू मोदी, पुष्पा अग्रवाल,सुधा गोयल आदि बहनें मौजूद थी।

## स्वतंत्रता सेनानी जीतराम बेदिया की 167 वां शहादत दिवस बेदिया विकास परिषद टोंगी के द्वारा मनाया गया

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शहीद स्वतंत्रता सेनानी जीतराम बेदिया की



167 वां शहादत दिवस टोंगी जी एम औफिस चौक पर मनाया गया। इस मौके पर शहीद जीतराम बेदिया को याद करते हुए उन्के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया साथ ही उनके पदचिन्हों पर चलने का संकल्प लिया गया। मौके पर राजेश बेदिया अरुण कुमार बेदिया कार्तिक महतो प्रकाश बेदिया प्रदीप बेदिया महेंद्र बेदिया रामप्रसाद बेदिया आदि मौजूद थे।

## पावरलिफ्टिंग इंडिया स्टेट चैंपियनशिप में श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल के छात्र ने लहराया परचम

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल, रामगढ़ के कक्षा



12वीं कॉमर्स के छात्र भास्कर वर्मा ने अपने शानदार प्रदर्शन से न केवल अपना, बल्कि पूरे विद्यालय का नाम भी रोशन किया है।भास्कर वर्मा ने पावरलिफ्टिंग इंडिया स्टेट चैंपियनशिप में कुल 542.5 किलोग्राम भार तीन बार में उठाकर स्वर्ण पदक जीता। इसके साथ ही उन्होंने एकल वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त कर विजेता ट्रॉफी भी अपने नाम की।यह प्रतियोगिता 18 और 19 अप्रैल को रांची में आयोजित की गई थी, जिसमें भास्कर ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपने स्कूल का गौरव बढ़ाया।विद्यालय के प्राचार्य हरजाप सिंह ने भास्कर को इस बड़ी उपलब्धि पर बधाई दी, और हेड मिस्ट्रेस मधुश्री ने सम्मानित किया और उनकी मेहनत की सराहना की और भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दीं।विद्यालय प्रबंधन समिति ने भी भास्कर को बधाई देते हुए विद्यालय के खेल शिक्षकों की सराहना की, जिनके मार्गदर्शन में यह सफलता संभव हो सकी।

## जरजरा में शहीद जीतराम बेदिया का 167 वा शहादत दिवस मनाया गया

# शहीद जीतराम बेदिया ने अंग्रेजों के खिलाफ आदिवासी एकता कि अलख जगाई : संजीव बेदिया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**उरीमारी :** उरीमारी के जरजरा चौक स्थित ग्रामिण जागरूकता मंच के नेतृत्व में शहीद जीतराम बेदिया का 167 वा शहादत दिवस बुधवार को मनाया गया। वहीं पाहन हेंजरा बेदिया के द्वारा विधिवत पूजा अर्चना कराने के साथ ध्वजा रोहण किया गया। वहीं साथ ही शहीद जीतराम बेदिया के शिलालेख पर माल्यार्पण किया गया। वहीं यह कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झारखंड मुक्ति मोर्चा के हजारीबाग जिला अध्यक्ष संजीव बेदिया व विशिष्ट अतिथि विंध्याचल बेदिया रहे। वहीं पुजा के पश्चात ग्रामीणों में प्रसाद का वितरण किया गया। वहीं शहीद जीतराम बेदिया के शहादत दिवस के अवसर पर सुमन ग्रुप के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। वहीं झामुमो जिला अध्यक्ष संजीव बेदिया ने कहा कि शहीद जीतराम बेदिया ने अंग्रेजों के खिलाफ आदिवासी एकता की अलख जगाई और स्वतंत्रता संग्राम में प्राण न्योछावर किए। 23 अप्रैल 1858 को बंसैरगढ़ा में शहीद हुए। उनका बलिदान हमेशा हमें प्रेरित करता रहेगा। वहीं कार्यक्रम के पश्चात ग्रामीण जागरूकता मंच के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी बच्चों को



पुरस्कृत कर सम्मानित किया। वहीं इस मौके पर पंचायत समिति किशोर बेदिया,देवन बेदिया, राजेन्द्र बेदिया, सत्यनारायण बेदिया, संतोष बेदिया, राजेश बेदिया, सुजीत बेदिया, बालेश्वर बेदिया, बागेश बेदिया, राजेश बेदिया, फुलचंद बेदिया, जगमोहन बेदिया, जगरनाथ बेदिया, रामेश्वर बेदिया,हाकिम मांझी, रामलाल बेदिया,धनलाल बेदिया,मनीत बेदिया, जग्गू बेदिया आदि दर्जनों लोग मौजूद थे। वहीं नृत्य प्रस्तुत करने वालो में सुमन गुरूप कि सुमन, सुषमा, बबीता, रत्नी,माही, लाक्षो, रजन्ती, कार्तिक आदि दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

## सरस्वती विद्या मंदिर रजरप्पा में वीर कुंवर सिंह जयंती पर कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रजरप्पा :** रजरप्पा कोयलांचल स्थित सरस्वती विद्या मंदिर रजरप्पा प्रोजेक्ट में बुधवार वीर कुंवर सिंह की जयंती के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्रों और शिक्षकों ने कुंवर सिंह के जीवन और उनके योगदान को याद किया।कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रभारी मिथिलेश कुमार खन्ना एवं आचार्य अमरदीप के द्वारा वीर कुंवर सिंह के चित्र पर दीप प्रज्वलन एवं पुष्पांजलि के साथ हुआ। कार्यक्रम में भैया बहनों ने बड़े ही उत्साह के साथ वीर कुंवर सिंह की जीवनी, 1857 ई. की गौरव कथा,प्रेरक जीवन प्रसंग प्रस्तुत किया।प्रभारी मिथिलेश कुमार खन्ना ने वीर कुंवर सिंह को भारतीय स्वाधीनता संग्राम के पुरोधा, अतुलनीय पराक्रम एवं शौर्य का प्रतीक एक सच्चा राष्ट्रभक्त बताया। साथ ही उन्होंने वीर कुंवर सिंह के जीवन एवं प्रमुख रूप से 1857 ई. के स्वतंत्रता संग्राम में उनके योगदान को प्रमुखता से याद किया।कार्यक्रम में भैया बहनों के बीच भाषण प्रतियोगिता एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।जिसमे शिशु वर्ग भाषण प्रतियोगिता में प्रथम-धैर्यष झा,द्वितीय-आयुष कुमार,तृतीय-काव्या बक्शी तथा चित्रकला में प्रथम-आकांक्षा कुमारी,द्वितीय-स्मृति



कश्यप,तृतीय-नव्या श्री वही बाल वर्ग में भाषण प्रतियोगिता में प्रथम-सूर्यांश रंजन,द्वितीय-विभा भट्टाचार्य,तृतीय-देवांशु राज तथा चित्रकला में प्रथम-उषा गोराई,द्वितीय-प्रतिमा कुमारी,तृतीय-रीत कुमारी प्राप्त किये,जिन्हें पुरस्कृत करके सम्मानित किया गया।कार्यक्रम का संचालन आचार्या डॉ गायत्री कुमारी के द्वारा किया गया।इस आयोजन ने सभी उपस्थित लोगों में देशभक्ति की भावना का संचार किया और वीर कुंवर सिंह जैसे महान नायकों को याद करने का अवसर प्रदान किया।कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के आचार्य अमरदीप नाथ शाहदेव,शशि कान्त,सेखर कुमार,इंद्रजीत सिंह,गौतम कुमार,राकेश कुमार सहाय,ममता कुमारी,अंजली कुमारी,श्वेता पंडा आदि की प्रमुख भूमिका रही।

## रामगढ़ में अवैध कोयले का कारोबार चल रहा तेजी से मुकदर्शक बना जिला प्रशासन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** रामगढ़ जिला में इन दिनों अवैध कोयले का कारोबार बड़े ही जोर शोर से चल रहा है आपको बता दें कि बीती रात नईसराय मोड में स्थानीय युवकों ने अवैध कोयला लदा हाईवा को रोका। हाईवा को रुकते ही स्थानीय युवकों और अवैध कोयला कारोबारी के बीच झड़प शुरू हो गई। देखते ही देखते मामला तुल पकड़ लिया। मामले की जानकारी मिलते ही कई स्थानीय पत्रकार मौके पर पहुंची जहां कोयला माफिया के लोगों के द्वारा पत्रकारों से भी तू तू में में करते नहीं रुके। अवैध कोयला माफिया ने कहा। सभी को मैनेज करके धंधा किया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार सोमवार की रात लगभग 11 से 12 बजे के बिच स्थानीय लोगों ने अवैध लदा कोयला से भरा 22 चक्का हाईवा जिसका नंबर हृष्ठ09ड्ड 5837 को रोका। स्थानीय लोगों के पूछने पर ड्राइवर राकेश चौधरी ने बताया कि यह अवैध कोयला पुनू महुआ टांड़ से लोड लेकर अरगड्डा स्थित प्लांट में ले जाया जा रहा है इधर इसकी जानकारी रामगढ़ पुलिस को दी गई। जानकारी मिलते ही रामगढ़ पुलिस नईसराय मोड पहुंची और विवाद को मुकदर्शक बनकर देखती रही और कुछ देर के बाद वापस चली गई। स्थानीय युवकों ने बताया कि यहां विगत कई महीनों से अवैध रूप से कोयला का अवैध काम किया जा रहा है। इस अवैध कोयले के कारोबार से राजस्व का भी नुकसान हो रहा है। अब देखना यह है कि रामगढ़ पुलिस कोयला की अवैध कारोबार को रोक पाएगी या सिर्फ मुकदर्शक बनकर देखते रहना हैं।

## भाजपा ने पहलगाम में हुए हिंदू नरसंहार के विरोध में आक्रोश प्रकट कर मशाल जुलूस निकाला



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** भारतीय जनता पार्टी रामगढ़ जिला के तत्वाधान में बुधवार संध्या 6 बजे सुभाष चौक से जैन मन्दिर तक मसाल जुलूस? निकाल कर पहलगाम में हुए हिंदू नरसंहार के विरोध में आक्रोश प्रकट किया गया । नेतृत्व करते हुए जिला उपाध्यक्ष महेन्द्र प्रजापति ने कहा कि जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुई घटना स्पष्ट रूप से हिंदू नरसंहार है, न कि महज एक आतंकवादी घटना..! यह घटना अत्यन्त कायरापन और निन्दनीय है। इस घटना में संलिप्त लोगों को कठोर से कठोर कार्रवाई की मांग केन्द्र सरकार से करता हूं। उपस्थित भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने पाकिस्तान मुर्दाबाद, आतंकवाद मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए मसाल जुलूस के माध्यम से पहलगाम की शहीद हुए पुनित आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित की और धर्म व संप्रदाय की आड़ में हिन्दुओं के खिलाफ फैलने वाली नफ़रत के खिलाफ मसाल जलाकर अपना आक्रोश प्रकट किया। जिला महामंत्री राजू चतुर्वेदी ने कहा कि यह जघन्य अपराध है । इसकी घोर निन्दा करता हूं।यह समय समस्त लोगों को राष्ट्र के प्रति एकजुटता दिखाते हुए इस जघन्य हत्या के लिए पाकिस्तान के नापाक हरकतों को उसी के अंदाज में जवाब देना होगा। हमारी एकता ही हमारी असली ताकत है। वरिष्ठ भाजपा नेता रणजीत कुमार सिन्हा,रणंजय कुमार, डॉ संजय प्रसाद सिंह,महेन्द्र प्रजापति,राजू चतुर्वेदी विजय जायसवाल सरदार अनमोल सिंह राजीव पामदत्त भीम सेन चौहान, प्रो आलोक कुमार, सहदेव ठाकुर,महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष शीतल सिंह,सूर्यवंश श्रीवास्तव, संजय साह,सुरजीत सिंह छाबड़ा, मणिशंकर ठाकुर , राजेश ठाकुर, रमेश करमाली, रूपा देवी, सुशांत पांडे, आदि थे ।

## दानवीर भामाशाह जयंती समारोह का कार्यक्रम किया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** बुधवार को साहू भवन ट्रस्ट प्रांगण में दानवीर भामाशाह जयंती समारोह का कार्यक्रम किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व कृषि मंत्री योगेंद्र साव उपस्थित हुए एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में वैश्य समाज के केंद्रीय अध्यक्ष नंदकिशोर प्रसाद गुप्ता, समाजसेवी रणधीर गुप्ता, सत्र 2025 - 27 के मुख्य चुनाव प्रभारी दीनदयाल कुमार उपस्थित हुए, कार्यक्रम की अध्यक्षता साहू समाज के अध्यक्ष उपेंद्र प्रसाद गुप्ता और मंच संचालन शिव शंकर साहू के द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि योगेंद्र साव पूर्व कृषि मंत्री झारखंड सरकार ने कहा कि समाज में संगठित रहने की जरूरत है और समाज के लिए मैं हमेशा हर प्रकार से सहायता करने के लिए उपस्थित हूं समाज कैसे आगे बढ़े और राजनीतिक और शैक्षणिक भूमिका में अग्रणी रहने की जरूरत है। समाज को उपेक्षित करने वाले को हम लोग कतई बर्दाश्त नहीं करेंगे। समारोह में उपाध्यक्ष दीपक कुमार शाह, राजेश कुमार शाह, सचिव बलराम साहू ललन कुमार कोषाध्यक्ष प्रमोद कुमार शाह शंभू प्रसाद साह प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी संजीत साह बैजनाथ शाह अशोक कुमार साह धीरज साहू अरविंद कुमार गुप्ता अनूप कुमार गुप्ता श्याम कुमार शाह सरोज देवी रजनी देवी दुर्गा कुमारी रिया कुमारी चंद्रप्रभा देवी उषा देवी प्रथम अध्यक्ष पशुपति शाह, प्रदीप गुप्ता रामप्रवेश गुप्ता इत्यादि शामिल हुए महिलाओं एवं छोटे-छोटे बच्चों क्विज प्रतियोगिता, गुब्बारा प्रतियोगिता, कुर्सी रेस का आयोजन दिनांक 20/4/2025 को किया गया 7 विजय प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित किया गया।

## झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के प्रदेश मीडिया प्रभारी बने रमेश कुमार महतो



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के केन्द्रीय अध्यक्ष सह डुमरी विधायक जयराम कुमार महतो , केंद्रीय संगठन महामंत्री आदरणीय रवि कुमार , शीर्ष नेतृत्व एवं केंद्रीय पदाधिकारियों ने रमेश कुमार महतो जैसे एक साधारण कार्यकर्ता को प्रदेश मीडिया प्रभारी का दायित्व सौंपकर जो सम्मान दिया है, उसके लिए मैं हृदय से आभार प्रकट करता हूं। रमेश कुमार महतो ने कहा कि मैं संगठन के प्रति अपनी पूरी निष्ठा, ईमानदारी और लगन के साथ कार्य करने का संकल्प लेता हूं। मुझे पूर्ण विश्वास है कि मैं संगठन की उम्मीदों पर खरा उतरने का भरसक प्रयास करूंगा। झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा की विचारधारा, सिद्धांतों और नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने में मैं अपनी पूरी क्षमता से प्रयास करता रहूंगा। बधाई देने में मुख्य रूप से रवि कुमार, संतोष महतो,अरुण मेहता, लीलावती महतो , खतियानी सुमित महतो, प्रभुदयाल महतो, दीपक महतो, रविंद्र महतो, महादेव महतो , आरजे अभिजीत, विशाल कुमार ,सत्येंद्र कुमार अकेला, विजय कुमार ,विनोद कुमार, सनी कुमार, प्रकाश कुमार, मुकेश कुमार महतो, महेंद्र राज ,मोहम्मद नौशाद, पांचू महतो ,यशोदा राज ,राजेंद्र कुमार ,संतोष कुमार, मोहित पटेल, सत्येंद्र मूतरवार, अनिल कुमार ,प्रीतम कुमार महतो ,लालू कुमार, जितेंद्र कुमार, टेकलाल महतो ,अमित कुमार, जितेंद्र प्रसाद महतो, बृजेश महतो, प्रभु कुमार, शिवदयाल प्रसाद,आदि थे ।

## उप विकास आयुक्त की अध्यक्षता में हुई जिला गंगा समिति की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** बुधवार को उप विकास आयुक्त रामगढ़ रोबिन टोप्पो की अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में जिला गंगा समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान उप विकास आयुक्त ने सर्वप्रथम जिला गंगा समिति की पूर्व की बैठक में दिए गए निर्देश के आलोक में किए गए कार्यों की जानकारी समिति के सदस्यों से ली। मौके पर उप विकास आयुक्त ने मार्च महीने में गंगा स्वच्छता पखवाड़ा के तहत आयोजित कार्यक्रमों की जानकारी ली साथ ही उन्होंने कार्यक्रमों के माध्यम से आमजनों के व्यवहार में आए परिवर्तन की भी जानकारी ली। उप विकास आयुक्त के द्वारा गंगा स्वच्छता पखवाड़ा के तहत बेहतरीन कार्य करने के लिए सभी विभागों, एजेंसियों आदि की सराहना की गई। मौके पर जिला परियोजना पदाधिकारी नमामि गंगे योजना श्री चंदन कुमार के द्वारा उप विकास आयुक्त सहित बैठक में उपस्थित अन्य अधिकारियों को नमामि गंगे योजना के तहत मई माह में आयोजित किये जाने वाले गतिविधियों की विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। मौके पर उप विकास आयुक्त ने विभिन्न पर्यटन स्थलों पर नमामि गंगे योजना के उद्देश्यों, साफ-सफाई बनाए रखने एवं विभिन्न कॉलेजों के सहयोग से रंगोली एवं क्विज प्रतियोगिता आयोजित कर लोगों में जागरूकता लाने सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों को लेकर आवश्यक निर्देश दिए।

## श्री कृष्ण विद्या मंदिर में वीर कुंवर सिंह की जयंती मनाई गयी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** श्री कृष्ण विद्या मंदिर के विद्यालय परिसर में वीर कुंवर सिंह की जयंती मनाई गई। सर्वप्रथम कश्मीर के पहलगाम में कल हुए आतंकी हमले में मारे गए सैलानियों के प्रति हार्दिक संवेदना प्रकट की गई तथा उनलोगों की आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन रखा गया। सीमा पर प्रायोजित आतंकवादियों द्वारा किए गए अमानवीय नरसंहार की भर्त्सना की गई तथा ऐसे कुकृत्य को देश की शांति के लिये खतरा बताया गया। तत्पश्चात विद्यालय के शिक्षक - शिक्षिकाओं ने बच्चों को वीर कुंवर सिंह की जीवनी का परिचय कराया तथा स्वतंत्रता संग्राम में उनकी भूमिका पर व्याख्यान दिया। विद्यालय के शिक्षक मनोरंजन चौधरी, विक्रम सिंह एवं शिक्षिका उषा सिंह के नेतृत्व एवं देखरेख में बच्चों ने रामगढ़ के नईसराय चौक पर स्थित वीर कुंवर सिंह की प्रतिमा पर बच्चों ने माल्यार्पण किया। विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष आनंद अग्रवाल (अधिवक्ता) ने वीर कुंवर सिंह के साहस और पराक्रम को याद करते हुए विद्यालय में अध्यनरत बच्चों को उनके शौर्य पर गौरान्वित होने एवं जीवन में अन्याय के प्रति संघर्ष करने का संदेश दिया। कल कश्मीर में हुए आतंकी घटना में मारे गए पर्यटकों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करते हुए इस घटना को मानवता पर प्रहार बताया।

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com




## आतंकी हमला की घटना निंदनीय और शर्मनाक : अनुपमा सिंह



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: जम्मू कश्मीर के पहलगाम में कायरतापूर्ण आतंकी हमले की घटना हर दृष्टिकोण से निंदनीय और शर्मनाक कृत्य है। निहत्थे पर्यटकों पर हमला करना मानवता को शर्मसार करता है। कश्मीर घाटी में पर्यटकों पर आतंकी हमला किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाना चाहिए। कड़ी कार्रवाई की मांग करती हूं। आतंकवाद के खिलाफ देश एकजुट है। शोकाकुल परिवार के लिए गहरी संवेदनाएं प्रकट करती हूं तथा घायल सैलानियों के स्वास्थ्य लाभ कि कामना करती हूं। उक्त सारी बातें कांग्रेस नेत्री अनुपमा सिंह ने कही।

## एनीटाईम फिटनैस अपने नए जिम से धनबाद वासियों की कर रही स्वास्थ सेवा



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: दुनिया की सबसे तेज़ी से विकसित होती फिटनैस फ्रैंचाइज़ एनीटाईम फिटनैस ने सरायढेला, धनबाद में अपने नए जिम से लोगों की सफलतापूर्वक सेवा कर रही है। यह विस्तार समग्र हेल्थ एवं वैलनैस को देश भर में सुलभ बनाने के मिशन को और मजबूत बनाता है। इस अवसर पर एनीटाईम फिटनैस इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर विकास जैन ने कहा धनबाद में नए जिम के लॉन्च के साथ हम न सिर्फ पूर्वी भारत में अपना फुटप्रिन्ट बढ़ा रहे हैं बल्कि लोगो को स्वस्थ एवं सक्रिय जीवनशैली जीने में मदद भी करना चाहते हैं। विक्रान्त श्रीवास्तव जैसे पार्टनर के साथ जुड़ते हुए हमें बेहद गर्व का अनुभव हो रहा है, जिनकी सोच हमारे दृष्टिकोण से मैच करती है। वे सभी मेंबर्स के लिए फिटनैस का सुरक्षित, अनुकूल एवं प्रेरक माहौल बनाएंगे।धनबाद के नए जिम क्लब को विक्रांत श्रीवास्तव चलाएंगे। वे एक फिटनैस प्रशंसक एवं उद्यमी हैं जो क्षेत्र में स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देते रहे हैं। इस लॉन्च के साथ एनीटाईम फिटनैस ने लोगों को ऐसे टूल्स, सहयोग एवं प्रत्यास्थता उपलब्ध कराने की दिशा में एक और कदम बढ़ाया है, जो उनके स्वस्थ एवं खुशहाल जीवन जीने के लिए ज़रूरी हैं। आधुनिक स्मार्ट फिटनैस टेक्नोलॉजी, वर्कआउट के सुरक्षित एवं आधुनिक उपकरणों के साथ सर्टिफाईड पर्सनल ट्रेनर्स के मार्गदर्शन में धनबाद का यह क्लब 24/7 एक्सेस देता है। जिम के मेंबर ग्रुप फिटनैस क्लासेज़ में शामिल हो सकते हैं।

## टोल प्लाजा पर ड्यूटी के दौरान टोलकर्मी की हृदय गति रुकने से मौत

**मैथन(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: एनएच 19 पर स्थित टोल प्लाजा पर टोल शिफ्ट इंचार्ज 40 वर्षीय रितेश कुमार सिंह की मंगलवार को रात्रि डिप्टी के दौरान हृदय गति रुकने से मौत हो गई। वही बताया जाता है कि राकेश कुमार सिंह मंगलवार को ही अपने गांव बिहार के बक्सर जिला के डुमरांव से लौटे थे। डिप्टी नाइट शिफ्ट होने के कारण खाना खाने के बाद उन्हें उल्टी और दस्त हुई और थोड़ी देर बाद ही टेबल के सहारे गिर गए। आनन फानन में सहकर्मियों द्वारा मैथन के बीपी नियोजन अस्पताल में ले जाया गया जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर सुनते ही टोल कर्मियों में शोक की लहर दौड़ पड़ी। सुबह होते ही उनके गांव से परिजन मैथन पहुंचे। कागजी कार्रवाई करने के बाद पोस्टमार्टम में भेज दिया।

## मूलवासी को अवसर मिले नहीं तो होगा आंदोलन : सदानंद

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: झारखंड प्रदेश स्वास्थ्य विभाग के द्वारा फार्मा काउंसिल का रजिस्टर पद का चयन प्रक्रिया किया जा रहा है। इसमें पांच सदस्य कमेटी का भी चयन किया जाता रहा है। झारखंड अलग राज्य बने 24 वर्ष हो गए, लेकिन इस फर्मा विभाग में रजिस्टार से लेकर कमेटी सदस्य तक बिहार, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश आदि प्रदेशों यानी बाहरी लोगों का पदस्थापित होते रहे हैं। आज फिर से झारखंड प्रदेश में बहारियों का लॉबी बनाया जा रहा है। इसमें राज्य के मंत्री, विभागीय सचिव के सहयोग से विभाग में चयन होता रहा है। आजसू पार्टी जिला संगठन सचिव सदानंद महतो ने कहा कि झारखंड प्रदेश में आदिवासी मूलवासी की सरकार है। इस विभाग में 24 साल से प्रदेश के बाहरी लोगों का कब्जा रहा है। हम सरकार से मांग करते हैं कि चयन प्रक्रिया में प्रदेश के लोगों को मूलवासी को अवसर मिले, अन्यथा आजसू पार्टी चरणबद्ध आंदोलन को बाध्य होंगे।

## दो पक्षों ने एक दूसरे के खिलाफ की लिखित शिकायत

**झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: सुदामडीह थाना अंतर्गत चासनाला बस्ती 2 नंबर के रहने वाले रमजान अली ने सुदामडीह थाना में अनुज सिंह के खिलाफ रंगदारी ओर जान से मार देने की लिखित शिकायत दर्ज कराया है। शिकायत में उन्होंने कहा कि आज सुबह अनुज सिंह पाथरडीह रेलवे गेट के समीप मेरे गाड़ी को रोक कर चालक के साथ गाली-गलौज करने लगा। मैंने जब पूछा कि गाली-गलौज क्यों कर रहे हो तो उसने मुझे भी गाली-गलौज करते हुए कहा कि पिछले कई महिनो से दस हजार रुपया रंगदारी मांग रहा हुं। अगर अब नहीं दिया तो तुम्हारे सीने में 06 के 06 गोली दाग दूंगा। अनुज सिंह हमेशा अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त रहता है। इधर अनुज सिंह के पिता नागेंद्र सिंह सुदामडीह थाना में इमतियाज अली और रमजान अली के खिलाफ दुकान में घुसकर गल्ला से पैसा निकालने और जान मारने के संबंध में लिखित शिकायत दर्ज कराया है। सुदामडीह पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

## अतिक्रमण हटाने पहुंचा बुलडोजर, ग्रामीणों में आक्रोश

**झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: सिंदरी के गौशाला बाजार में न्यायालय के आदेश के बाद एफसीआई प्रबंधन की टीम जिला प्रशासन के साथ दुकान ओर घरों को तोड़ने के लिए डोजर लेकर पहुंचे तो ग्रामीणों का आक्रोश भड़क उठा। जहां प्रबंधन की टीम को स्थानीय लोगों के गुस्से का सामना करना पड़ा। दरअसल एफसीआई प्रबंधन ने प्लाट नंबर 987 पर अतिक्रमण हटाने की तैयारी पूरी कर ली है। यह प्लाट 100 से अधिक अवैध दुकानों और मकानों का स्थल है। एफसीआई के वित्तीय और संपदा सलाहकार, देवदास अधिकारी ने बताया कि न्यायालय के निर्देशों का पालन करते हुए अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान में बुलडोजर के उपयोग से गौशाला के निवासियों में रोष व्याप्त है। मौके पर सिंदरी अनुमंडल के पुलिस अधिकारी मौजूद रहे। एफसीआई प्रबंधन, धनबाद एसडीएम कोर्ट के मैजिस्ट्रेट और ग्रामीणों के बीच वार्ता भी हुई।

## आतंकी हमले के विरोध में एलआईसी शाखा एक ने किया प्रदर्शन

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: बीमा कर्मचारी संघ हजारीबाग मंडल, शाखा एक, बरटांड़ में कश्मीर के प्रमुख पर्यटन स्थल पहलगाम में निर्दोष पर्यटकों पर हुए वीभत्स आतंकवादी हमले के विरोध में हाथों में तख्तियां लिए कर्मचारियों ने प्रदर्शन किया एवं कड़ी निंदा की। संगठन के महासचिव ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि इस भयावह आतंकवादी हमले में 26 निर्दोष लोगों की जान चली गई, जिनमें भारतीय जीवन बीमा निगम के एक अधिकारी भी शामिल हैं। हम इस असहनीय समय में पीड़ित परिवारों के साथ अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हैं। यह कायरतापूर्ण हिंसक कृत्य शांति, मानवता और हमारे मूल्यों पर सीधा हमला है। हम केंद्र सरकार से आग्रह करते हैं कि इस अमानवीय कृत्य के दोषियों को शीघ्र और निर्णायक रूप से न्याय के कठघरे में लाया जाए। यह भयावह हमला इस दावे की सच्चाई को झुठलाता है कि कश्मीर में सब कुछ सामान्य है और वहां शांति बहाल हो चुकी है।


### पूर्व मध्य रेल
**ई–निविदा सूचना**

**ई–निविदा सूचना सं० एस०जी०/डी०एस०ई०/ओ०टी०/06/25** वरीय मंडल संकेत एवं दूर संचार अभियन्ता, पूर्व मध्य रेल, राष्ट्रपति के तरफ से ई–निविदा, अनुभवी ठेकेदार से निर्मित फार्म में नीचे दिए गए कार्यों के लिए आमन्त्रित करती है।
**1. कार्य का नाम एवं स्थान :** अल्टरेशन ईन सिमेन्स मेक ई.आई (इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग) सिस्टम एट 02 स्टेशन्स ईन कनेक्शन बिथ करेक्शन ईन यार्ड लेआउट वर्क एट (i) यार्ड रिमॉडलिंग एट सैयदराजा फॉर इनक्रिजिंग द सीएसएल ऑफ अप लूप लाईन एंड प्रोविजन ऑफ ओभर रन लाईन ईन डाउन लूप लाईन एंड (ii) प्रोविजन ऑफ ओभर रन लाईन ईन अप लूप लाईन एट गंज ख्वाजा स्टेशन। **2. कार्य का अनुमानित मूल्य :** ₹ 2,56,99,717.75/– (दो करोड़ छप्पन लाख निनान्वे हजार सात सौ सतरह रूपये एवं पचहत्तर पैसे मात्र)। **3. धरोहर राशि :** ₹ 2,78,500.00/– (दो लाख अठहत्तर हजार पाँच सौ रूपये मात्र)। **4. ई–निविदा बंद होने की तिथि एवं समय :** दिनांक 13/05/2025 को 12:30 तक। **5. वेबसाइट का पता जहाँ से ई–निविदा का पूर्ण विवरण देखा जा सकता है:** www.ireps.gov.in

मं०सं० एवं दू०सं० अभि०
पूर्व मध्य रेल, डी.डी.यू.
पीआर/0135/डीडीयू/एस&टी/टी/25–26/32


# असर्फी कैंसर संस्थान द्वारा धनबाद पब्लिक स्कूल में स्तन और सर्वाइकल कैंसर पर जागरुकता कार्यक्रम आयोजित

प्रभात मंत्र संवाददाता



**धनबाद :** असर्फी कैंसर संस्थान ने बुधवार को धनबाद पब्लिक स्कूल में स्तन और सर्वाइकल कैंसर पर एक जागरूकता व्याख्यान आयोजित किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को इन बीमारियों के लक्षण, रोकथाम और समय पर निदान के महत्व के बारे में जागरूक करना था।?मुख्य वक्ता कैंसर विशेषज्ञ डॉ. बिप्लव मिश्रा ने बताया कि कैंसर का समय पर इलाज शुरू करना रोगी के जीवन को बचाने में अत्यंत महत्वपूर्ण है। सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए 11 से 26 वर्ष की लड़कियों को एचपीवी वैक्सीन लेने की सलाह दी गई।? वहीं असर्फी हॉस्पिटल की स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. राधिका मोहन ने छात्राओं को स्तन और सर्वाइकल कैंसर के कारणों, प्रकारों और निदान के तरीकों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने स्व-परीक्षण के चरणों को समझाते हुए बताया कि यदि स्तन में दर्द, लालिमा, गांठ या निप्पल से किसी प्रकार का डिस्चार्ज हो, तो तुरंत जांच करानी चाहिए।असर्फी हॉस्पिटल के प्रेसिडेंट ग्रोथ एंड डेवलपमेंट, सुभांशु रॉय ने कहा कि वर्तमान समय में कैंसर तेजी से फैल रहा है, इसलिए इसकी रोकथाम के लिए सभी को इस बीमारी के बारे में जानकारी होना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि छात्राओं को इस बीमारी से जागरूक करने के लिए समय-समय पर ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, और कैंसर जांच और इलाज की सुविधाओं की जानकारी दी जाती है।?प्राचार्या सारदा महाजन ने छात्राओं से आग्रह किया कि वे इस कार्यक्रम से प्राप्त जानकारी को समाज में फैलाएं, ताकि स्तन और सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों से बचाव संभव हो सके। छात्राओं ने इस कार्यक्रम से प्राप्त जानकारी को महत्वपूर्ण बताया और इसे समाज में साझा करने का संकल्प लिया।

# शिक्षा ही सर्वधन है, इससे बढ़ कर कोई धन नहीं : अजय पासवान

प्रभात मंत्र संवाददाता



**धनबाद :** एगयरकुण्ड दक्षिण पंचायत स्थित मध्य विद्यालय एगयरकुण्ड के 383 छात्र/ छात्राओं के बीच बुधवार को विद्यालय किट वितरण किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि एगयरकुण्ड दक्षिण पंचायत के मुखिया अजय कुमार राम ने विद्यालय के छात्र - छात्राओं के बीच पेन, पेंसिल, रबर, कटर वितरित किए। मुखिया अजय कुमार राम ने बच्चों का हौसला बुलंद करते हुए बताया कि शिक्षा ही सर्वधन है, इससे बढ़ कर कोई धन नहीं होता है। उन्होंने कहा कि सरकार सभी बच्चों को निःशुल्क किटका वितरण कर रही है ताकि हमारा शिक्षा व्यवस्था दुरुस्त हो। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक प्रमोद कुमार झा ने छात्र छात्राओं से कहा कि सभी नियमित रूप से विद्यालय जाकर पठन-पाठन करें। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा छात्राओं के हित में देखते हुए मध्यान भोजन, छात्रवृत्ति, बैग, जूता, मोजा, स्वेटर, कॉपी, किताब देती है। रोजाना सभी छात्र छात्राएं विद्यालय जाकर विद्यालय में गुणवत्ता युक्त पठन पाठन का लाभ उठाकर विद्यालय का नाम रोशन करें। इस अवसर पर विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक प्रमोद कुमार झा, विदनमंडल, ज्योति कुमारी, कुमारी सोना दास, योगेंद्र प्रसाद, मारुति बाउरी, चंदना बाउरी, दुलारी बाउरी आदि उपस्थित थे।


## कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण, आत्मा, कोडरमा

एग्रीकल्चर एक्सटेंशन (कृषि उन्नति योजना)

एग्रीकल्चर एक्सटेंशन (कृषि उन्नति योजना) अन्तर्गत प्रखण्ड स्तर पर संविदा आधारित नियुक्ति हेतु आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं।

कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण (आत्मा) कोडरमा द्वारा एग्रीकल्चर एक्सटेंशन (कृषि उन्नति योजना) अन्तर्गत अंकित अहर्ता एवं अनुभव के आधार पर संविदा आधारित नियुक्ति हेतु निम्नांकित पदो के लिए आवेदन आमंत्रित किये जाते है:–

| क्र0 सं0 | पदनाम | शैक्षणिक योग्यता | अनुभव | नियुक्ति का प्रकार | अनुबंध अवधि एक वर्ष के लिए | एकमुस्त मासिक परिलब्धि (रू0में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रखण्ड तकनीकी प्रबंधक (BTM) | Post Graduate in agri./allied sector with computer skill or Agril-Graduates with atlist 5 Years working experience as ATM | Minimum 2 years field experience in agriculture related activities. | संविदा आधारित | एक वर्ष | Consolidated Rs. 30000/- (An annual increase of 5% in emoluments for such employees who continue in their employment for one year) |
| 2 | सहायक तकनीकी प्रबंधक (ATM) | Graduate (Agri.&Alliesd Sectors) / Post Graduate (Agri.&Alliesd Sectors) | Minimum 1 year experience in agriculture related activities. | संविदा आधारित | एक वर्ष | Consolidated Rs. 25000/- p.m (An annual increase of 5% in emoluments for such employees who continue in their employment for one year) |

**प्रखण्ड तकनीकी प्रबंधकों/ सहायक तकनीकी प्रबंधकों की श्रेणीवार रिक्तियॉं**

| क्र0सं0 | पदनाम | सामान्य (Gen.) | अ0जा0 (SC) | अ0ज0जा0 (ST) | पिछड़ा वर्ग (BC-2) | अत्यन्त पिछड़ा वर्ग (BC-1) | EWS | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रखण्ड तकनीकी प्रबंधक (BTM) | 2 | 1 | – | 1 | 1 | – | 5 |
| 2 | सहायक तकनीकी प्रबंधक (ATM) | 1 | 3 | 2 | 2 | 1 | 1 | 10 |

**नोट :** 1. विस्तृत जानकारी नियुक्ति शर्ते, आवेदन पत्र प्रारूप एवं एकरारनामा के लिए कोडरमा जिला के NIC वेबसाईट पर koderma.nic.in एवं ATMA के वेबसाईट atmakoderma.org से प्राप्त किया जा सकता है।
2. अधिक जानकारी के लिए कार्यालय परियोजना निदेशक, आत्मा कोडरमा, संयुक्त कृषि कार्यालय (समाहरणालय परिसर) से संपर्क किया जा सकता है।

**जिला कृषि पदाधिकारी–सह–परियोजना निदेशक**
**आत्मा, कोडरमा।**

PR.NO.350921 Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department(25-26):D



## कार्यालय नगर पंचायत, लातेहार

अतिअल्पकालिन कोटेशन आंमत्रण सूचना सं0 23/2024–25 (2nd Call)

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत, लातेहार के कार्यालय में अवस्थित खराब पड़ें ऑटों टीपर की विशेष मरम्मति एवं रंग–रोगन कराया जाना है। इच्छुक व्यक्ति/फर्म/संवेदक नगर पंचायत लातेहार में अवस्थित सभी ऑटों टीपर का स्थलीय निरीक्षण करते हुए खराब पड़ें संयत्रों के अनुसार मरम्मति एवं रंग–रोगन हेतु ऑटों टीपरवार अलग–अलग अपना भावपत्र (कोटेशन) नगर पंचायत लातेहार के कार्यालय में दिनांक 05.05.2025 को अपराहन् 2.00 बजे तक पूर्ण विवरणी एवं सभी कर सहित जमा कर सकते हैं। कोटेशनदाता से प्राप्त कोटेशन को उसी दिन अपराहन् 3.00 बजे निविदा समिति के समक्ष खोला जायेगा। मरम्मति किये गये सभी ऑटों टीपर के एक वर्ष तक वारंटी की जिम्मेवारी संबंधित व्यक्ति/फर्म/संवेदक की होगी। मरम्मति योग्य ऑटों टीपर का विवरण निम्नवत है:–

| Sl. No. | Model Name | Registration Number | Chesis Number | Tipper Capacity |
|---|---|---|---|---|
| 01 | Tata ACE Face Lift HT BS-IV | JH05CC9554 | MAT445237JZD23896 | 1800 Liter |
| 02 | Tata ACE Zip BS-IV | JH05CE7503 | MAT491013J6E10477 | 1000 Liter |
| 03 | Tata ACE Zip BS-IV | JH05CE6351 | MAT491013J6E10476 | 1000 Liter |
| 04 | Tata ACE Zip BS-IV | JH05CE3228 | MAT491013J6E10133 | 1000 Liter |
| 05 | Tata ACE Zip BS-IV | JH05CE5940 | MAT491013J6E10132 | 1000 Liter |
| 06 | Tata ACE Zip BS-IV | - | MAT491013H6E08743 | 1000 Liter |

सभी कोटेशनदाता को कोटेशन के साथ अध्यतन आयकर एकनॉलेजमेन्ट, पैन कार्ड एवं GST प्रमाण पत्र 3B Return एवं खराब पड़ें ऑटों टीपर के पूर्ण विवरणी के साथ अलग–अलग भावपत्र सभी कर सहीत Verification Report के साथ देना अनिवार्य होगा। कोटेशनदाता को कोटेशन के साथ निविदा शुल्क के रूप में 5000.00 (पॉच हजार) रू0 की राशि का बैंकर चेक/बैंक ड्राफट जो कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत लातेहार के नाम से देय हो जमा करना अनिवार्य होगा। साथ ही विपत्र के भुगतान के समय भुगतान की जाने वाली राशि से नियुमानुसार कर (Tax) एवं सुरक्षीत जमा राशि की कटौती की जायेगी। कोटेशनदाता से दर प्राप्त होने के उपरांत न्युनतम दरदाता की स्वीकृति प्रदान करते हुये कार्यादेश निर्गत की जायेगी। कार्यादेश निर्गत की तिथि से 30 दिनों के अन्दर उपरोक्त संयत्रों की मरम्मति एवं रंग–रोगन करते हुए नगर पंचायत लातेहार के कार्यालय को उपलब्ध करना आवश्यक होगा। इसके लिए कोई भी अतिरिक्त राशि का भुगतान नही किया जायेगा। इस संबंध में विशेष जानकारी कार्यालय के कार्य दिवस में जय प्रकाश रंजन, कनीय अभियंता, नगर पंचायत लातेहार से प्राप्त की जा सकती है।

प्रशासक,
नगर पंचायत, लातेहार

PR 350915 Urban Development (25-26)_D


## डीएवी बनियाहीर मे पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन




**झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: डीएवी बनियाहीर विद्यालय मे पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में विद्यालय द्वारा आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं मे सफल प्रतिभागियों को पदक और प्रशिस्त पत्र देकर विद्यालय के प्राचार्य एज़ाज अहमद के द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य ने उपस्थित शिक्षक-शिक्षिका और छात्र-छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि, जीवन मे सफल होने के लिए सर्वदा परिश्रम करना होगा क्योकि मोती उन्हें ही प्राप्त होता है, जो समुद्र के तल गहाराइयों मे जाते हैं। इसी क्रम मे विद्यालय मे दिनांक 22-04-2025 को पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर एक चित्र प्रदर्शनी, भाषण प्रतियोगिता, तथा सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। जिसमे छात्र छात्राओं ने बड़े ही उत्साह के साथ भाग लिया।प्रार्थना सभा के दौरान इन्हें भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य ने सहयोगी शिक्षक-शिक्षिकाओं का आभार व्यक्त किया और इस तरह के कार्यक्रमों में अपनी क्रिया-शीलता दिखाने और सहभागिता दर्ज़ कराने हेतु बच्चों को प्रोत्साहित किया।


## प्रपत्र VI 'क'
## झारखण्ड सरकार, समाहरणालय, खूँटी
## (जिला भू–अर्जन शाखा)

पत्रांक:–103(ii)
दिनांक:–22.04.2025

### प्रारंभिक अधिसूचना

(अधिनियम–30/2013 की धारा–11 (1) के अधीन)

चूंकि समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि **ग्राम–लटरजंग, थाना–खूँटी, थाना सं0–188, अंचल–खूँटी, जिला–खूँटी** में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा परियोजना **दसमाईल–चुकरू–रेमता–सोन्दासोम पथ चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य हेतु RCD के लिए** हेतु अपेक्षित है। प्रभावित परिवारों के पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्त्ता प्रशासक के रूप में नियुक्त किये गये हैं। अतएव अधिसूचित किया जाता है **कि ग्राम–लटरजंग, थाना–खूँटी, थाना सं0–188, अंचल–खूँटी, जिला–खूँटी** के भीतर उपर्युक्त परियोजना के लिए कमोबेश **3.7871** एकड़ यानि 1.532585 हेक्टेयर मानक माप का भू–खण्ड जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित अर्जनाधीन है।

**ग्राम लटरजंग, थाना–खूँटी, थाना सं0 188, अंचल खूँटी, जिला खूँटी का विस्तृत विवरणी**

| क्र0 | खाता संख्या | सर्वे भू–खण्ड संख्या | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (ए0) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम एवं पता | सीमा (भू–खण्ड संख्या) उ0 द0 पू0 प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | 1 | 289 | रैयती | टाँड़ तीन | 0.0092 | करम सिंह मुण्डा पिता स्व0 लक्ष्मण मुण्डा वो रंजीत मुण्डा (नावल्द मृत) वो गनसा मुण्डा (नावल्द मृत) पिता स्व0 मझिया मुण्डा। | उ० नीज द० सड़क पू० 262 प० 290 |
| 2 | 2 | 31 | रैयती | टाँड़ तीन | 0.0723 | रंजीत मुण्डा पिता स्व0 सुधु मुण्डा वो कीसन मुण्डा (नावल्द मृत) पिता स्व0 रंजीत मुण्डा। | उ० सड़क द० नीज पू० 32 प० 23 |
| 3 | 2 | 415 | रैयती | टाँड़ तीन | 0.2629 | | उ० 373 द० नीज पू० 372 प० 373 |
| 4 | 5 | 34 | रैयती | टाँड़ तीन | 0.112 | बिरसा मुण्डा वो गरजा मुण्डा पिता स्व0 सागर मुण्डा | उ० नीज द० सड़क पू० 35 प० 19 |
| 5 | | 324 | रैयती | टाँड़ तीन | 0.0215 | | उ० 352 द० सड़क पू० नीज प० सड़क |
| 6 | | 416 | रैयती | टाँड़ तीन | 0.053 | | उ० 315 द० 317 पू० सड़क प० नीज |
| 7 | | 419 | रैयती | टाँड़ तीन | 0.0447 | | उ० 418 द० 449 पू० सड़क प० नीज |
| 8 | 8 | 32 | रैयती | टाँड़ तीन | 0.0957 | चाँदा मुण्डा पिता स्व0 बिरसा मुण्डा | उ० सड़क द० नीज पू० 33 प० 31 |
| 9 | | 684 | रैयती | टाँड़ एक | 0.0251 | | उ० सड़क द० नीज पू० सुलहे सीमाना प० 649 |
| 10 | 12 | 5 | रैयती | टाँड़ तीन | 0.018 | उदय मुण्डा पिता स्व0 लदुरा मुण्डा वो मोहन मुण्डा पिता स्व0 पुरन मुण्डा | उ० नीज द० सड़क पू० 6 प० 4 |
| 11 | | 354 | रैयती | टाँड़ तीन | 0.0218 | | उ० 355 द० 352 पू० 354 नीज प० सड़क |
| 12 | 14 | 373 | रैयती | टाँड़ तीन | 0.3065 | अभय सिंह मुण्डा पिता स्व0 पोंचो मझिया मुण्डा वो अलदेव मुण्डा पिता स्व0 सनिमा मुण्डा | उ० नीज द० 415 पू० 372 प० 377 |
| 13 | | 450 | | टाँड़ तीन | 0.0981 | | उ० 449 द० 450 पू० सड़क प० नीज |
| 14 | 15 | 628 | रैयती | टाँड़ एक | 0.0103 | सिबा मुण्डा पिता स्व0 पुसा मुण्डा वो हिन्दू मुण्डा पिता स्व0 बाले मुण्डा | उ० सड़क द० नीज पू० ग्रामीण सड़क प० 629 |
| 15 | 16 | 379 | रैयती | दोन एक | 0.0677 | बिरसा पाहन पिता स्व0 जयराम पाहन वो बलराम पाहन पिता स्व0 पौदा पाहन | उ० नीज द० 406 पू० 378 प० 380 |
| 16 | 17 | 296 | रैयती | दोन तीन | 0.0405 | रंजीत मुण्डा पिता स्व0 सुधु मुण्डा। | उ० 316 द० सड़क पू० नीज प० सड़क |
| 17 | 21 | 381 | रैयती | टाँड़ तीन | 0.494 | बिरसा मुण्डा वो गरजा मुण्डा पिता स्व0 सागर मुण्डा | उ० नीज द० 404 पू० 380 प० 35 |
| 18 | | 380 | | दोन एक | 0.0665 | | उ० नीज द० 404 पू० 379 प० 381 |
| 19 | | 404 | | दोन तीन | 0.0043 | | उ० 380 द० नीज पू० 379 प० 380 |
| 20 | 22 | 588 | रैयती | टाँड़ दो | 0.034 | सिबा मुण्डा पिता स्व0 पुसा मुण्डा वो हिन्दू मुण्डा पिता स्व0 बाले मुण्डा | उ० सड़क द० नीज पू० 629 प० 588 |
| 21 | | 633 | | मकान दो 1 | 0.0095 | | उ० सड़क द० नीज पू० 645 प० 632 |
| 22 | 23 | 587 | रैयती | टाँड़ दो | 0.033 | लक्ष्मण मुण्डा पिता स्व0 जारिया मुण्डा वो सनिका मुण्डा पिता स्व0 सहदेव मुण्डा वो सुखराम मुण्डा पिता स्व0 सोन मुण्डा वो बिगु मुण्डा पिता स्व0 बुधराम मुण्डा | उ० सड़क द० नीज पू० 588 प० 584 |
| 23 | | 631 | रैयती | दोन तीन | 0.0073 | | उ० सड़क द० नीज पू० 631 प० 628 |
| 24 | 24 | 632 | रैयती | मकान 2 सेहन 10 | 0.0206 | | उ० सड़क द० नीज पू० 633 प० 631 |
| 25 | 25 | 317 | रैयती | टाँड़ दो | 0.0439 | सिबा मुण्डा पिता स्व0 पुसा मुण्डा वो हिन्दू मुण्डा पिता स्व0 बाले मुण्डा। | उ० नीज द० सड़क पू० 316 प० सड़क |
| 26 | | 316 | रैयती | दोन तीन | 0.0086 | | उ० नीज द० सड़क पू० 293 प० सड़क |
| 27 | | 578 | रैयती | टाँड़ दो | 0.1239 | | उ० सड़क द० नीज पू० 579 प० 557 |
| 28 | | 579 | रैयती | दोन तीन | 0.0068 | | उ० सड़क द० नीज पू० 581 प० 578 |
| 29 | 26 | 262 | रैयती | टाँड़ दो | 0.014 | बिरसा पाहन पिता स्व0 जयराम पाहन वो बलराम पाहन पिता स्व0 पौदा पाहन | उ० नीज द० सड़क पू० 262 प० 261 |
| 30 | | 581 | | दोन तीन | 0.0113 | | उ० सड़क द० नीज पू० 582 प० 579 |
| 31 | | 582 | | दोन तीन | 0.0436 | | उ० सड़क द० नीज पू० 583 प० 581 |
| 32 | | 583 | | टाँड़ दो | 0.0267 | | उ० सड़क द० नीज पू० 584 प० 582 |
| 33 | | 645 | | टाँड़ एक | 0.0155 | | उ० सड़क द० नीज पू० 646 प० 633 |
| 34 | 27 | 260 | रैयती | मकान सेहन 1 | 0.059 | बिरसा पाहन पिता स्व0 जयराम पाहन वो बलराम पाहन पिता स्व0 पौदा पाहन | उ० नीज द० सड़क पू० 259 प० 262 |
| 35 | | 584 | | खलियान 1 | 0.006 | | उ० सड़क द० नीज पू० 587 प० 583 |
| 36 | | 646 | | मकान तीन सेहन | 0.015 | | उ० सड़क द० नीज पू० 648 प० 645 |
| 37 | 28 | 457 | रैयती | टाँड़ तीन | 0.1063 | लुकीन मुण्डा पिता स्व0 सुनवा मुण्डा वो दीपक मुण्डा पिता स्व0 पाण्डेया मुण्डा | उ० 455 द० 578 पू० सड़क प० नीज |
| 38 | 30 | 378 | रैयती | दोन 1 | 0.0992 | अभयसिंह मुण्डा पिता स्व0 पोंचो मझिया मुण्डा | उ० नीज द० नीज पू० 377 प० 379 |
| 39 | | 377 | | टाँड़ तीन | 0.1005 | | उ० नीज द० नीज पू० 373 प० 378 |
| 40 | | 295 | | टाँड़ तीन | 0.1155 | | उ० नीज द० सड़क पू० 296 प० 294 |
| 41 | | 249 | | मकान सहित | 0.0155 | | उ० नीज द० सड़क पू० 250 प० 251 |
| 42 | | 250 | | टाँड़ एक | 0.0138 | | उ० नीज द० सड़क पू० सुलहे सीमाना प० 249 |
| 43 | 31 | 648 | रैयती | मकान 1 सेहन 10 | 0.0155 | रंजीत मुण्डा पिता स्व0 सुधु मुण्डा वो जनकी मुण्डा वो सोमा मुण्डा पिता स्व0 बिरसा मुण्डा | उ० सड़क द० नीज पू० 649 प० 646 |
| 44 | 32 | 649 | रैयती | मकान सेहन 1 | 0.009 | चाँदा मुण्डा पिता स्व0 बिरसा मुण्डा | उ० सड़क द० नीज पू० 684 प० 648 |
| 45 | 33 | 6 | रैयती | टाँड़ तीन | 0.0489 | उदय मुण्डा पिता स्व0 लादुरा मुण्डा वो मोहन मुण्डा पिता स्व0 पुरन मुण्डा। | उ० नीज द० सड़क पू० 5 प० 6 |
| 46 | | 251 | रैयती | मकान सेहन 1 | 0.0143 | | उ० नीज द० सड़क पू० 249 प० 252 |
| 47 | 34 | 294 | रैयती | टाँड़ दो | 0.0723 | रंजीत मुण्डा पिता स्व0 सुधु मुण्डा। | उ० नीज द० सड़क पू० 290 प० 295 |
| 48 | | 290 | | दोन तीन | 0.0137 | | उ० नीज द० सड़क पू० 289 प० 294 |
| 49 | 35 | 21 | रैयती | टाँड़ तीन | 0.0508 | करमसिंह मुण्ड पिता स्व0 लक्ष्मण मुण्डा। | उ० नीज द० सड़क पू० 0 प० 6 |
| 50 | | 252 | | मकान सेहन 1 | 0.0206 | | उ० नीज द० सड़क पू० 251 प० 256 |
| 51 | 37 | 35 | रैयती | टाँड़ तीन | 0.499 | बिरसा मुण्डा वो गरजा मुण्डा पिता स्व0 सागर मुण्डा | उ० नीज द० सड़क पू० 381 प० 34 |
| 52 | | 322 | | दोन तीन | 0.042 | | उ० 324 द० सड़क पू० नीज प० सड़क |
| 53 | | 259 | | टाँड़ एक | 0.0196 | | उ० नीज द० सड़क पू० 258 प० 259 |
| 54 | | 258 | | मकान सहन 1 | 0.0198 | | उ० नीज द० सड़क पू० 257 प० 259 |
| 55 | | 417 | | टाँड़ तीन | 0.0218 | | उ० 316 द० 318 पू० सड़क प० नीज |
| 56 | | 418 | | दोन तीन | 0.0773 | | उ० 417 द० 419 पू० सड़क प० नीज |
| 57 | 38 | 319 | रैयती | टाँड़ दो | 0.0841 | बिरसा मुण्डा वो गरजा मुण्डा पिता स्व0 सागर मुण्डा | उ० नीज द० सड़क पू० नीज प० सड़क |
| 58 | | 256 | | टाँड़ एक | 0.0188 | | उ० नीज द० सड़क पू० 252 प० 257 |
| 59 | 39 | 257 | | मकान सेहन 1 | 0.006 | | उ० नीज द० सड़क पू० 256 प० 258 |
| | कुल :– | | | | 3.7871 | | |

यह अधिसूचना भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 (अधिनियम संख्या 30/2013), की धारा 11(1) के उपबन्धों के अधीन उन सभी व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है, जिसका इससे संबंध हो। भूमि की योजना/नक्शा का निरीक्षण जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, खूँटी के कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में किया जा सकेगा। समाहर्त्ता उक्त अधिनियम की धारा 12 में यथाउपबंधित एवं यथाविनिर्दिष्ट कार्यो के समुचित निष्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए अवभूमि खोदने या भू–वेधन–छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यों के संचालन हेतु जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, खूँटी और उसके कर्मचारी को प्राधिकृत करते हैं।

अधिनियम की धारा 11(4) के अधीन कोई व्यक्ति जिला समाहर्त्ता के पूर्विक अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अन्तरण यथा क्रय विक्रय नहीं करेगा या ऐसा कोई अंतरण नहीं करवायेगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नहीं उत्पन्न करेगा। अधिनियम का धारा 15 के अधीन यथाउपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिनों के भीतर भू–अर्जन की बाबत किसी प्रकार की आपत्तियां हितबद्ध व्यक्ति के द्वारा जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, खूँटी के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

ह0/–
उपायुक्त, खूँटी।

PR 350883 (Land Reforms) 25-26 (D)

अशोक यादव कांग्रेस के सच्चे सिपाही थे, उनके निधन से पार्टी को हुई अपूर्ण क्षतिः डॉ. रामेश्वर उरांव

# हमने अशोक यादव के रूप में सच्चे नेता के साथ एक बेहतर समाजसेवी, मित्र खोया है : धीरज प्रसाद साहू



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जिला कांग्रेस कमेटी के कोषाध्यक्ष पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू के प्रतिनिधि का आकस्मिक निधन आज दिनांक 22.4.2025 को हो गई। सूचना पाकर विधायक लोहरदगा सब पूर्व मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव जिला कांग्रेस कमेटी के द्वारा विधायक कार्यालय बरवा टोली लोहरदगा में उनके प्रतिमा पर माल्यार्पण कर एवं मौन रख श्रद्धांजलि अर्पित किए। आज श्री अशोक यादव जी के आकस्मिक निधन पर लोहरदगा विधायक डॉ रामेश्वर राव ने कहा अशोक यादव कांग्रेस पार्टी के सच्चे एवं निष्ठावान नेता थे उनके निधन से सिर्फ लोहरदगा कांग्रेस को ही नहीं बल्कि प्रदेश कांग्रेस एवं राष्ट्रीय कांग्रेस को छती हुई है। वह एक कांग्रेस पार्टी के नेता के साथ एक बेहतर समाजसेवी थे वह अपने समाज के अगुवा भी थे। उनके इस प्रकार से हम सभी से दूर हो जाना बहुत ही दुखद है। पूर्व सांसद प्रतिनिधि अशोक यादव के निधन पर पूर्व राज्यसभा सदस्य धीरज प्रसाद साहू ने शोक व्यक्त किया है। धीरज प्रसाद साहू ने कहा है कि यह उनके लिए व्यक्तिगत क्षति है। अशोक यादव उनके बेहद करीबी, अत्यंत प्रिय और मित्र थे। दुख की इस घड़ी में वह शोकाकुल परिवार के साथ खड़ा हैं। ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि मृतक की आत्मा को शांति और शोकाकुल परिवार को धैर्य प्रदान करें। इस श्रद्धांजलि सभा में जिला अध्यक्ष सुखेर भगत, कार्यकारी जिला अध्यक्ष हाजी शकील अहमद, विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल, जिप अध्यक्ष रीना भगत, महिला अध्यक्ष सीमा परवीन, किसान प्रकोष्ठ अध्यक्ष अरशद अयूब, प्रखंड अध्यक्ष तनवीर गौहर, युनुस अंसारी, जुगल भगत, 20 सूत्री अध्यक्ष सामुल अंसारी, हाजी शादरुल अंसारी, ऐनुल अंसारी, रूबी कुमारी, जमील अंसारी, एकरामुल अंसारी, उदय गुप्ता, रौनक इकबाल, असलम अंसारी, संजय नायक, रेहान अख्तर, कैश अहमद, फारुक हुसैन, कमरूल इस्लाम, इमाम जफररेयाज अंसारी, इंतेखाब आलम, जसीम अंसारी, अरविंद उरांव, शेख सादिक, तौसीफ अंसारी, स्कीम अब,अमृता भगत, सुशीला देवी, सरिता देवी, करमां उरांव, चमरा उरांव, संतोषी उरांव, सीनियरों उरांव, बबीता देवी, मुनि उरांव, आदि काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## पहलगाम में हुए आतंकी हमले की लोहरदगा जिला सेवा भारती घोर निंदा करती है



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** काश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की लोहरदगा जिला सेवा भारती घोर निंदा करती है। और इस घटना में दिवंगत हुए सभी लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनकी आत्मा की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना की एवं घटना पर घायल हुए सभी लोग जल्द स्वस्थ होकर कुशल पूर्वक अपने परिवार जनों के पास पहुंचे इसकी ईश्वर से कामना की है। जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने कहा कि यह घटना बहुत ही दुखदाई है ऐसे आतंकीयों पर भारत सरकार सख्त से सख्त कदम उठाएं और आतंकियों को पनाह दे रहे देश पर भी कड़ा कदम उठाते हुए मुंहतोड़ जवाब दें निंदा करने वालों में दीपक सर्राफ, डॉ कुमुद अग्रवाल, डॉ. मृत्युंजय कुमार, अवधेश मित्तल, राजू रंजन अग्रवाल, जयप्रकाश शर्मा, संजय चौधरी, अनामिका भारती, गुप्तेश्वर प्रसाद गुप्ता, सुबोध प्रसाद महतो, रिंकू केसरी, राजू यादव, अजय अग्रवाल, शशांक बर्मन, शुभम शर्मा,अतुल सर्राफ, हर्षित सोनी, रूपेश चौधरी आदि हैं।

## पहलगाम नृशंस आतंकी हमला घटना पर केंद्र सरकार त्वरित कार्रवाई करें : संजय सर्राफ



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विश्व हिंदू परिषद सेवा विभाग व श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट झारखंड के प्रांतीय प्रवक्ता संजय सर्राफ ने जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए नृशंस आतंकी हमले की कड़े शब्दों पर घोर निंदा की है। उन्होंने इसे कायरतापूर्ण एवं घृणित कृत्य बताते हुए हुए कहा है कि आतंकियों ने हमला कर देश की एकता और अखंडता पर प्रहार करने की दुस्साहस किया है। जो कि मानवता सहिष्णुता और भारत की संस्कृति एकता पर सीधा आघात है। पहलगाम की पवित्र धरती पर घटी यह क्रूर आतंकी हमला न केवल अमानवीयता की पराकाष्ठा है बल्कि समूची मानवता के विरुद्ध किया गया एक कायरतापूर्ण अपराध है उन सभी निर्दोष पर्यटकों की निर्मम हत्या ने हर संवेदनशील हृदय को व्यथित और मौन कर दिया है, ऐसे विभत्स आतंकी हमले से देशभर में शोक और आक्रोश की लहर दौड़ गई है। इस दर्दनाक आतंकी हमले घटना की केंद्र सरकार त्वरित कठोर कार्रवाई करते हुए इसका मुंहतोड़ जवाब दे। हम उन सभी दिवंगत आत्माओं को अश्रुपूरित श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं वे हमारे हृदय में सदा अमर रहेंगे न केवल एक स्मृति बनकर बल्कि एक चुप प्रतिरोध बनकर उस अंधकार के विरुद्ध जो मासूम जिंदगियों को निगलता है। आतंकवाद केवल सुरक्षा का मुद्दा नहीं बल्कि राष्ट्रीय एकता और सामाजिक समरसता की भी चुनौती है। समाज के हर वर्ग को आतंकवादी के खिलाफ एकजुट होकर खड़ा होना होगा।

## साहू समाज के जिला अध्यक्ष बने दीपक साहू



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** 23 अप्रैल 2025 दिन बुधवार को राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन लोहरदगा युवा इकाई के जिला अध्यक्ष आदित्य कुमार साहू की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण सामाजिक बैठक का आयोजन लोहरदगा जिला में किया गया। इस बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन के प्रदेश अध्यक्ष श्री दिलीप कुमार नीलेश उपस्थित रहे। बैठक में सर्वसम्मति से दीपक साहू को लोहरदगा जिला का नया जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष श्री दिलीप कुमार नीलेश ने अपने संबोधन में कहा जो समाज पहले जाति, फिर पार्टी के सिद्धांत पर चलता है, वह शासन करने वालों की श्रेणी में आता है। ऐसे समाज का शोषण नहीं होता। झारखंड में तेली समाज की संख्या अत्यधिक है। अब समय आ गया है कि हमारा समाज भी एकजुट होकर जागरूकता का परिचय दे और बंधुआगिरी से मुक्त होकर शासन करने वालों की कतार में शामिल हो। इस कार्यक्रम में अनेक गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे, जिनमें प्रमुख रूप से जिला सचिव बजरंग साहू, कैरो प्रखंड अध्यक्ष अमित कुमार साहू, रवि साहू, पारस साहू, सुनीता देवी, बेनी कुमार साहू, राम तीरथ साहू, संजय साहू, गणेश साहू, सुरेश साहू, हरि साहू, रीता देवी, परती देवी, सूरज साहू, राजू साहू, घनश्याम साहू, प्रदेशी साहू सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे। कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ और सभी ने नए जिला अध्यक्ष को शुभकामनाएँ दीं।

## उपायुक्त डॉ. वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने की उद्योग विभाग अंतर्गत वर्ष 2024-25 में संचालित योजनाओं की समीक्षा बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** उपायुक्त डॉ. वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में आज उद्योग विभाग लोहरदगा अंतर्गत वर्ष 2024-2025 में संचालित योजनाओं की समीक्षा समाहरणालय सभाकक्ष में की गयी। समीक्षा में प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना, पीएमएफएमई अंतर्गत प्राप्त लक्ष्य व उपलब्धि पर चर्चा की गई। साथ ही, पीएम विश्व कर्मा अंतर्गत उपलब्धि पर चर्चा की गई। पीएमएफएमई में उपलब्धि बढ़ाने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त द्वारा जिला समन्वय समिति की बैठक में विभिन्न बैंकों द्वारा केसीसी ऋण वितरण की समीक्षा की गई और केसीसी ऋण स्वीकृत नहीं करने वाले बैंक प्रबंधकों को कड़े निर्देश दिए। पीएम स्वनिधि और केपीआई के प्रगति की भी समीक्षा की गई। सभी बैंक प्रबंधकों को प्रखण्ड परिसर में अपने-अपने बैंक का मिनी बैंक खोलने के लिए प्रखंड परिसर में स्थान उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया गया और इच्छुक बैंकों से आवेदन आमंत्रित किये गए। आज की बैठक में उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, जीएम जिला उद्योग केंद्र रघुवर सिंह, जिला कृषि पदाधिकारी कालेन खलखो, एलडीएम, डीडीएम नाबार्ड समेत विभिन्न बैंकों के बैंक प्रबंधक/प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## अशोक यादव कांग्रेस के सच्चे सिपाही थे, उनके निधन से पार्टी को हुई अपूर्ण क्षति : डॉ. रामेश्वर उरांव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जिला कांग्रेस कमेटी के कोषाध्यक्ष पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू के प्रतिनिधि का आकस्मिक निधन आज दिनांक 22.4.2025 को हो गई। सूचना पाकर विधायक लोहरदगा पूर्व मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव जिला कांग्रेस कमेटी के द्वारा विधायक कार्यालय बरवा टोली लोहरदगा में उनके प्रतिमा पर माल्यार्पण कर एवं मौन रख श्रद्धांजलि अर्पित किए। आज अशोक यादव के आकस्मिक निधन पर लोहरदगा विधायक डॉ. रामेश्वर राव ने कहा अशोक यादव कांग्रेस पार्टी के सच्चे एवं निष्ठावान नेता थे उनके निधन से सिर्फ लोहरदगा कांग्रेस को ही नहीं बल्कि प्रदेश कांग्रेस एवं राष्ट्रीय कांग्रेस को छती हुई है। वह एक कांग्रेस पार्टी के नेता के साथ एक बेहतर समाजसेवी थे वह अपने समाज के अगुवा भी थे। उनके इस प्रकार से हम सभी से दूर हो जाना बहुत ही दुखद है। इस श्रद्धांजलि सभा में जिला अध्यक्ष सुखेर भगत, कार्यकारी जिला अध्यक्ष हाजी शकील अहमद, विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल, जिप अध्यक्ष रीना भगत, महिला अध्यक्ष सीमा परवीन, किसान प्रकोष्ठ अध्यक्ष अरशद अयूब, प्रखंड अध्यक्ष तनवीर गौहर, युनुस अंसारी, जुगल भगत, 20 सूत्री अध्यक्ष सामुल अंसारी, हाजी शादरुल अंसारी, ऐनुल अंसारी, रूबी कुमारी, जमील अंसारी, एकरामुल अंसारी, रौनक इकबाल, असलम अंसारी, संजय नायक, रेहान अख्तर, कैश अहमद, फारुक हुसैन, कमरूल इस्लाम, इमाम जफररेयाज अंसारी, इंतेखाब आलम, जसीम अंसारी, अरविंद उरांव, शेख सादिक, तौसीफ अंसारी, स्कीम अब, अमृता भगत, सुशीला देवी, सरिता देवी, करमां उरांव, चमरा उरांव, बबीता देवी, मुनि उरांव, आदि काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## कश्मीर आतंकी हमले में पर्यटकों की मौत पर विहिप सिमडेगा ने व्यक्त की शोक संवेदना

**सिमडेगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में मंगलवार ही में हुए आतंकी हमले में पर्यटकों की मौत के मामले को लेकर विश्व हिंदू परिषद सिमडेगा ने गहरा शोक व्यक्त किया है। परिषद के अध्यक्ष कौशल राज सिंह देव ने इस अमानवीय घटना की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए शहीदों के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना प्रकट की है और घायल पर्यटकों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। उन्होंने कहा गया है कि यह हमला पाकिस्तान प्रायोजित इस्लामी आतंकवाद की नापाक साजिश का हिस्सा है, जिसे भारत सरकार को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करना चाहिए। परिषद ने केंद्र सरकार से मांग की है कि इस कायराना हरकत का माकूल जवाब दिया जाए और आतंकियों के साथ-साथ उनके सरपरस्त पाकिस्तान को भी मुंहतोड़ जवाब मिले।जिला मंत्री कृष्णा शर्मा कहा कि बार-बार निर्दोष नागरिकों को निशाना बनाकर देश को अस्थिर करने की कोशिश की जा रही है, जिसे अब निर्णायक कार्रवाई से ही रोका जा सकता है। उन्होंने कहा कि अब केवल निंदा और संवेदना से बात नहीं बनेगी, बल्कि सरकार को सख्त और ठोस सैन्य एवं कूटनीतिक कदम उठाने होंगे।विहिप ने मृतकों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की एवं कहां की इस दुख की घड़ी में मृतक के परिजनों के साथ खड़ी है। एवं देशवासियों से एकजुट होकर आतंकवाद के खिलाफ खड़े होने की अपील की। वही हमले के विरोध में विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल द्वारा पाकिस्तान एवं इस्लामिक आतंकवाद का पुतला दहन तथा हमले में मारे गए दिवंगत पर्यटकों की आत्मा की शांति के लिए श्रद्धांजलि सभा 25 अप्रैल 2025 को सभी जिला तथा प्रखंडों में आयोजित होगी।

## कश्मीर के पहलगाम में हुए नरसंहार की मानवता पर कलंक बताया : ओम प्रकाश सिंह



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** भारतीय जनता पार्टी झारखंड प्रदेश कार्य समिति सदस्य सह वरिष्ठ नेता ओम प्रकाश सिंह ने 22 अप्रैल को कश्मीर के पहलगाम में हुए नरसंहार की मानवता पर कलंक बताया है, उन्होंने कहा है कि विश्व में कहीं कोई इस तरह जाति-धर्म पूछ कर हत्या करने का अपराध नहीं करता है। यह एक सुनियोजित षड्यंत्र पाक में रह रहे नापाक लश्कर के कट्टरपंथियों ने किया है। एक नवदंपति को मार कर यह कहना कि जाकर मोदी को बताना, यह अपराध भारत को चुनौती के रूप में दिया गया कायराना साजिश है, यह अलगाववादी देश के अखंडता को तोड़ने वाले, सामने से भारत का सामना करने की हिम्मत नहीं कर सकते, वह नीरपराध पर्यटकों की हत्या कर सनातन समाज तथा देश को चुनौती देना चाहते हैं। भाजपा नेता ने कहा है कि इतिहास गवाह है हिंदू सनातन कभी आक्रमणकारी तथा पीठ पर छुरा मारने का कार्य नहीं किया है, बल्कि वसुधैवकुटुंबकम की नीति का ही अनुसरण किया है, उन्होंने केंद्र की नरेंद्र मोदी की सरकार से घटना को चुनौती के रूप में लेने का आग्रह करते हुए ईट का जवाब पत्थर से देने तथा एक बार पुनः सर्जिकल स्ट्राइक कर आतंकवादी ठिकानों को ध्वस्त करने की मांग की है। इस घटना की निंदा करने वालों में भाजपा नेता बृज बिहारी प्रसाद, राजमोहन राम, राज किशोर महतो, संजय बर्मन, मदन मोहन पाठक, दीपक सराफ, अजय पंकज, अनुपम प्रकाश कुंवर, ओम गुप्ता, दिलीप पटनायक, अतुल कुमार, हर्षित कुमार, बबलू जायसवाल आदि शामिल हैं।

## एमबी डीएवी विद्यालय लोहरदगा में विश्व अंग्रेजी दिवस पर प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** एमबी डीएवी विद्यालय, लोहरदगा में माननीय प्राचार्य श्री जी पी झा के नेतृत्व व निर्देशन में अंग्रेजी शिक्षक के के रॉय द्वारा विश्व अंग्रेजी दिवस के अवसर पर प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। अंग्रेजी भाषा के महत्व, इतिहास और प्रभाव को पहचानने के लिए अंग्रेजी भाषा दिवस संयुक्त राष्ट्र द्वारा निर्धारित एक वैश्विक कार्यक्रम है। इसका उद्देश्य बहुभाषावाद तथा सांस्कृतिक विविधता को बढ़ावा देना है। अंग्रेजी भाषा के प्रसिद्ध नाटककार विलियम शेक्सपियर के जन्मदिवस के अवसर पर इसे मनाया जाता है। विद्यार्थियों में अंग्रेजी भाषा के प्रति रुचि व जागरूकता उत्पन्न करने के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए कक्षा तीसरी व चौथी के बच्चों के मध्य अंग्रेजी कविता वाचन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने क्लासिक व मूल कविताओं का पाठ पूरे लय व अभिव्यक्ति के साथ प्रस्तुत किया। माननीय प्राचार्य महोदय श्री जी पी झा ने विद्यार्थियों को अंग्रेजी भाषा का महत्व समझाते हुए उसके प्रयोग हेतु प्रोत्साहित किया। इस प्रतियोगिता में भव्या सिंह ने प्रथम, सृष्टि शगुन व अल्लादी सान्विका ने द्वितीय तथा आरोही वर्मा व अनुराग कुमार दुबे ने तृतीय स्थान अर्जित किया। इस प्रतियोगिता में शिक्षक पी के सिन्हा तथा रुचिर मृगेंद्र निर्णायक बने।

## स्कूल रुआर 2025 ड्रॉप आउट बच्चों को स्कूल से जोड़ने की कवायद




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** सिमडेगा, शिक्षा विभाग के द्वारा आज नगर भवन में स्कूल रुआर 2025 अभियान के तहत जिला स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन कर ड्रॉप आउट बच्चों को स्कूल से जोड़ते हुए उनके भविष्य को संवारने की चर्चा की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ सर्वप्रथम मुख्य अतिथि उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह एवं उप विकास आयुक्त संदीप कुमार दोराईबुरु द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। जिला शिक्षा पदाधिकारी ने सभी अतिथियों को पौधा देकर स्वागत किया। साथ ही उन्होंने कार्यक्रम की उद्देश्य पर प्रकाश डालें। उन्होंने कहा कि स्कूल रूआर कार्यक्रम 2025 को सफल बनाने के लिए सभी जनप्रतिनिधि की भागीदारी से ही संभव है। स्कूल रूआर-2025 अभियान का उद्देश्य विद्यालयों में शत प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करना तथा ड्रापआउट बच्चों और आउट ऑफ स्कूल बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ना है। इसी के उद्देश्य से आज नगर भवन में स्कूल रुआर अभियान 2025 के तहत जिला स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यशाला आयोजित की गई। जिसमें उपायुक्त सिमडेगा सहित विभिन्न वक्ताओं के द्वारा ड्रापआउट बच्चों और आउट ऑफ स्कूल बच्चों को जनप्रतिनिधि के सहयोग से स्कूल से जोड़ने की बात कही।

## वीर शहीद तेलंगा खड़िया की मनाई गई 216 वीं पुण्यतिथि



**सिमडेगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** स्वतंत्रता संग्राम में अहम योगदान देने वाले वीर शहीद तेलंगा खड़िया की 216 वीं पुण्यतिथि मनाई गई। सिमडेगा के तेलंगा खड़िया स्मारक स्थल में उनकी पुण्यतिथि मनाई गई। जिसमें उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह, उप विकास आयुक्त संदीप कुमार दोराईबुरु, प्रखंड विकास पदाधिकारी समीर रेनियर खालखो शामिल होकर वीर शहीद तेलंगा खड़िया को श्रद्धांजलि अर्पित किए। सिमडेगा के घोडबहार स्थित तेलंगा खड़िया स्मारक स्थल में आज तेलंगा खडिया स्मारक स्थल पर उनकी 216 वीं पुण्यतिथि मानते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। इस मौके पर तेलंगा खड़िया स्मारक स्थल समिति के लोगों ने सरना विधि से पूजा अर्चना कर वीर शहीद तेलंगा खड़िया की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इस दौरान उपायुक्त महोदय ने उस स्थल की सौंदर्यीकरण करने हेतु नगर परिषद् प्रशासक पदाधिकारी श्री समीर बोदरा को आवश्यक कार्य योजना बनाने की बात कहीं। समिति के सदस्य ने वहां पर पानी की व्यवस्था, शेड निर्माण कराने की बात कहीं। मौके पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष डेविड तिर्की, सांसद प्रतिनिधि अमित डुंगडुंग, विशाल तिर्की, पप्पू कुमार, पुष्पा कुल्लू सहित नगर परिषद के कर्मी, कांग्रेस और समिति के लोग मौजूद रहे।

## कांग्रेस कार्यालय राजेंद्र भवन में कांग्रेसियों ने सांसद प्रतिनिधि अशोक यादव के निधन पर किया शोक प्रकट



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जिला कांग्रेस कमेटी के कोषाध्यक्ष सह पूर्व राज्यसभा सांसद के सांसद प्रतिनिधि अशोक यादव जी का आज आकस्मिक निधन हो गया वह कुछ महीनो से बीमार चल रहे थे जिनका इलाज दिल्ली में चल रहा था। उनके निधन की खबर सुनकर लोहरदगा जिला कांग्रेस परिवार स्तब्ध और मर्माहत हैं। आज लोहरदगा जिला कांग्रेस कमेटी के द्वारा उनके निधन पर शोक सभा और श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन जिला अध्यक्ष सुखैर भगत के अध्यक्षता में आयोजित हुई, सर्वप्रथम उपस्थित कांग्रेसियों के द्वारा स्वर्गीय अशोक यादव जी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। इस मौके पर जिला अध्यक्ष सुखैर भगत ने स्वर्गीय अशोक यादव के कांग्रेस पार्टी के लिए किए गए योगदान की याद करते हुए कहा कि स्वर्गीय अशोक भैया काफी संवेदनशील मृदु भाषी और कार्यकर्ताओं की भावनाओं को समझने वाले कांग्रेस के एक अच्छे अभिभावक आज हमारे बीच नहीं रहे उनके निधन से लोहरदगा जिला कांग्रेस कमेटी को अपूर्णीय क्षति हुई है जिसकी भरपाई निकट भविष्य में नहीं हो सकता वह एक एक कार्यकर्ताओं के सुख-दुख का ख्याल रखते थे। और उनकी समस्याओं का समाधान भी करते थे। इसलिए काफी कम दिनों में ही वह कांग्रेस पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं के काफी चाहते बन गए थे। उन्होंने हमेशा पार्टी संगठन की मजबूती के लिए तत्पर रहते थे। और सभी कांग्रेसियों को बराबर का मान सम्मान देते थे। शोक सभा के अंत में 2 मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति और इस दुख की घड़ी में शोकाकुल परिवार को धैर्य और संबल के लिए ईश्वर से कामना की गई।

पेयजल विभाग में सरकारी राशि का हुआ है दुरुपयोग : आलोक साहू

## जनता पानी के लिये त्रस्त है और पेयजल विभाग के अधिकारी मस्त है

सांसद पेयजल विभाग में हुए अनियमित के मामला को दिशा की बैठक में करेंगे चर्चा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जिला में नल जल योजना का भयावह स्थित है। जनता गर्मी में पानी के लिए तरस रहे हैं और पेयजल विभाग के अधिकारी मस्त है। लोहरदगा लोकसभा के माननीय सांसद सुखदेव भगत को पतरातू, निगनी ग्राम की जनता पेयजल की समस्याओं से अवगत कराते हुए उसे उसका निदान करने की मांग किए थे। सांसद सुखदेव भगत के निर्देश पर सांसद के निजी सहायक से लोहरदगा इंटक अध्यक्ष आलोक कुमार साहू आज किस्को प्रखंड के ग्राम पतरातू एवं निगनी गांव का दौरा कर पेयजल की समस्याओं से अवगत हुए। श्री साहू को ग्रामीणों ने बताया कि पतरातू खरिहान टोली में 3 वर्ष पूर्व 8000 लीटर का टंकी का निर्माण हुआ है जो आज तक चालू नहीं हुआ। इस प्रकार पतरातू बड़का टोली, आदिवासी टोली, नवा टोली में 8000 लीटर का टंकी बना दिया गया है लेकिन अभी तक किसी के घर में पानी नहीं आता है ना ही टंकी में पानी चढ़ता है। 3 वर्षों से यही स्थिति है सरकारी राशि का दुरुपयोग कर राशि का बंदर बांट किया गया है। सारी योजनाएं भ्रष्टाचार के भेंट चढ़ गया है। इसी प्रकार निगनी एवं गंगूपाड़ा गांव में 2 वर्ष से दर्जनों स्थानों में जलापूर्ति योजना का स्ट्रक्चर बना दिया गया है लेकिन टंकी नहीं लगाया गया जिसके कारण जनता को पानी नहीं मिल रहा है।श्री साहू इस मामला को लेकर लोहरदगा उपायुक्त से मिलकर सारी बातों से अवगत कराते हुए इस भीषण गर्मी में जनता को पेयजल उपलब्ध कराने की दिशा में समुचित कार्रवाई करने एवं योजना 3 वर्षों से क्यों लंबित है उसकी जांच कराने का आग्रह किये। श्री साहू ने कहा कि नल जल योजना में व्यापक हुए भ्रष्टाचार का मामला को सांसद से अवगत कराएंगे। सांसद 29 अप्रैल को आयोजित दिशा के बैठक में इस मामला पर चर्चा करेंगे। मौके पर संदीप साहू, गोपाल उरांव, जटू उरांव, सिकंदर उरांव, सोहन उरांव, मोहन उरांव, यासीन अंसारी रोजामत अंसारी, दिनेश उरांव सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित थे।

## चलते चलते एक नजर

### वीर कुंवर सिंह की मनाई गई जयंती समारोह



**सहरसा :** बाबू वीर कुंवर सिंह विजयोत्सव के अवसर पर वीर कुंवर सिंह जागरण मंच के द्वारा 1857 की क्रांति के जननायक बाबू वीर कुंवर सिंह चौक पर मंच के पूर्व अध्यक्ष प्रोफेसर रुद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में सैकड़ों की सख्या में नगरवासियों ने बुधवार को माल्यार्पण तथा पुष्पांजली समारोह में भाग लिया।कार्यक्रम की शुरुआत में मंच के सचिव विजय बसंत द्वारा मुख्य अतिथि रूद्र प्रताप सिंह को तलवार भेंट कर स्वागत किया गया।मंच के पूर्व अध्यक्ष डॉ रुद्र प्रताप सिंह के द्वारा नगर निगम की मेयर बैन प्रिया, धनिक लाल मुखिया, राम सुंदर साहा, संजीव कुमार उर्फ गुलटी झा, विजय गुप्ता, डॉ जितेंद्र सिंह, मुरली प्रसाद सिंह, राज बक्ष्म सिंह, दिलीप सिंह की उपस्थिति में झंडोत्तोलन कर विजयोत्सव कार्यक्रम की शुरुआत की गई। तदुपरांत उपस्थित सभी लोगों ने बाबू वीर कुंवर सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर अमर शहीद को नमन किया।सभा को सम्बोधित करते हुए अध्यक्ष रूद्र प्रताप सिंह ने कहा कि 1857 की सशस्त्र क्रांति के महानायक पर्वत से भी विशाल व्यक्तित्व पर रौशनी डालते हुए नयी पीढ़ी के युवाओं से उनके जीवन से शिक्षा लेकर अपने जीवन को शक्तिशाली एवं समृद्धि संपन्न बनाते हुए राष्ट्र सेवा के लिए सर्वस्व समर्पण करने के लिये सदा तत्पर रहने की बात कही।उन्होंने कहा कि बाबू वीर कुंवर सिंह का जीवन हमें बताता है कि राजपूतों ने अपनी शक्ति से सदा राष्ट्र की रक्षा की है।

### बदरीनाथ धाम में यात्रा व्यवस्थाओं की तैयारियों का आईजी ने लिया जायजा

**गोपेश्वर :** आगामी चारधाम यात्रा व्यवस्थाओं को लेकर पुलिस की ओर से की जा रही तैयारियों का जायजा लेने के लिए बुधवार को पुलिस महानिरीक्षक (कार्मिक) योगेन्द्र रावत ने बदरीनाथ धाम पहुंचे। जहां उन्होंने पुलिस की ओर से यात्रा को सुगम और सुरक्षित बनाने को लेकर की जा रही तैयारियों के बारे में निरीक्षण किया।आईजी ने ज्योतिर्मठ से लेकर बदरीनाथ धाम तक यात्रा मार्ग का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने यात्रा मार्ग पर पड़ने वाले मुख्य पड़ावों, पुलिस चौकियों, दुर्घटना संभावित ओर संवेदनशील स्थानों का जायजा लिया। यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा के मद्देनजर, उन्होंने पांडुकेश्वर के निकट स्थापित महत्वपूर्ण रजिस्ट्रेशन चेकिंग प्वांइट का भी निरीक्षण किया। उन्होंने बदरीनाथ धाम मंदिर परिसर के आस-पास की सुरक्षा व्यवस्थाओं, मंदिर के बाहर की सुरक्षा प्रणाली और विशेष रूप से भीड़ नियंत्रण के लिए बनाए गए पुलिस प्रबंधन का जायजा लिया गया। संपूर्ण मंदिर परिसर का भ्रमण करते हुए, तप्त कुण्ड, गांधी घाट, नया पुल, ब्रह्मकपाल और सीसीटीवी कंट्रोल रूम का भी निरीक्षण किया, जहां से यात्रा गतिविधियों की निगरानी की जाती है।

# पृथ्वी दिवस पर जीएन कॉन्वेंट स्कूल में इको क्लब का गठन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गढ़वा :** स्थानीय जीएन कॉन्वेंट स्कूल में पृथ्वी दिवस पर एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के निदेशक सह शिक्षाविद् एवं उप प्राचार्य बीके ठाकुर द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।मौके पर निदेशक ने कहा कि पृथ्वी दिवस पर्यावरण संरक्षण का एक वार्षिक उत्सव है। इसकी शुरुआत 22 अप्रैल 1970 को हुई थी। इस दिन का उद्देश्य लोगों को पर्यावरणीय समस्याओं जैसे प्रदूषण, वनों की कटाई, प्लास्टिक प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन कार्बन उत्सर्जन और जैव विविधता के प्रति जागरूक करना है। पृथ्वी दिवस हमें यह याद दिलाता है की धरती पर जीवन सुरक्षित और संतुलित तभी



रहेगा जब हम इसके प्राकृतिक संसाधनों का समझदारी से उपयोग करेंगे और सतत विकास के सिद्धांतों को अपनाएंगे। जब धरती आबाद और हरा भरा रहेगा तभी हमारी जिंदगी सुरक्षित रहेगी।यह दिन विशेष रूप से बच्चों और युवाओं को प्रकृति के प्रति संवेदनशील बनाने का अवसर देता है। जलवायु परिवर्तन, प्रदूषण, वनों की कटाई, और जैव विविधता की हानि कुछ ऐसे मुद्दे हैं जिनका हमें वैश्विक धरातल पर समाधान करने की आवश्यकता है। बढ़ते वैश्विक तापमान के कारण हीट वेव,सुखा और बाढ़ जैसी अनेक घटनाएं, मौसम का परिवर्तन यह सब अधिक बार और गंभीर हो रही है। यह दिन जनमत तैयार करने का भी एक प्रयास है कि ताकि नीति निर्धारक और सरकारी ऐसे कानून और नीतियां बनाएं जो पर्यावरण की रक्षा को प्राथमिकता दें। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं द्वारा पर्यावरण से संबंधित विभिन्न कलाकृतियां एवं पेंटिंग्स का प्रदर्शन किया गया। साथ ही स्कूल में इको क्लब की स्थापना भी की गई जो बच्चों को पर्यावरण के प्रति जागरूक और सचेत करने में मदद मिलेगा।समस्त छात्र समूह के बीच शपथ दिलाई गई। वहीं अपने पर्यावरणीय गीत के माध्यम से शिक्षक कृष्ण कुमार ने बच्चों के बीच नवचेतना जगाने का कार्य किया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक खुर्शीद आलम ने और विषय प्रवेश उपप्राचार्य बीके ठाकुर ने व धन्यवाद ज्ञापन इको क्लब के स्कूल इंचार्ज शिक्षक कृष्ण कुमार ने किया। कार्यक्रम नीरा शर्मा के निर्देशन में सम्पादित हुआ। इस कार्यक्रम में मुख्यरूप से बीरेंद्र गुप्ता, संतोष प्रसाद, मुकेश भारती, नीलम केशरी,ज्योति तिवारी,रागिनी कुमारी आदि की उपस्थिति सराहनीय रही।

## अभाविप ने आतंकवाद का फूंका पुतला

**मथुरा :** जम्मू कश्मीर के पहलगांव में आतंकवादियों द्वारा की गई हत्याओं के विरोध में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद मथुरा के आक्रोशित कार्यकर्ताओं ने बुधवार को होलीगेट चौराहे पर आतंकवाद का पुतला दहन किया।महानगर सहमंत्री अमन पांडे ने कहा कि हिंदू बहुसंख्यक राष्ट्र में आज हिंदुओं को धर्म पूछकर गोली मारी जा रही है। सरकार से सवाल करते हुए उन्होंने कहा कि यदि ये राष्ट्र धर्मनिरपेक्ष है तो धार्मिक उन्माद क्यू ? शोध का विषय यह है कि आखिर आतंकवाद भारत में प्रवेश कैसे कर पा रहा है ? महानगर सह मंत्री याशिनी दीक्षित ने कहा कि जम्मू कश्मीर में कुछ समय पहले भी ऐसी घटनाएं देखने को मिलीं। उन्होंने बोला की हिंदू बहुसंख्यक देश में भी हम अपने आप को सनातनी कहने से डर रहे हैं।

# शहीद लेफ्टिनेंट विनय नरवाल को दिल्ली की मुख्यमंत्री ने दी श्रद्धांजलि

एजेंसी

**नई दिल्ली:** पहलगाम आतंकी हमले में शहीद भारतीय नौसेना के लेफ्टिनेंट विनय नरवाल का पार्थिव शरीर बुधवार को इंदिरा गांधी अंतराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचा। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने यहां शहीद लेफ्टिनेंट विनय नरवाल को श्रद्धांजलि दी।लेफ्टिनेंट नरवाल का पार्थिव शरीर हवाई अड्डे पर पहुंचते ही वहां मौजूद शहीद की पत्नी, सेना के अधिकारी और परिजन गमगीन हो गए।
नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी ने श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें सलामी दी। उनके साथ वायुसेना प्रमुख अमर प्रीत सिंह और दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने भी शहीद को श्रद्धांजलि दी। भारतीय



नौसेना के लेफ्टिनेंट विनय नरवाल की पत्नी ने अपने पति को भावभीनी विदाई दी।दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने यहां शहीद लेफ्टिनेंट विनय नरवाल को श्रद्धांजलि दी। इससे पहले वीरेंद्र सचदेवा ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा कि कायरता की वारदात हमारी करुणा को तो छू सकती है परन्तु हमारी प्रतिबद्धता को नहीं डिगा सकती। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पहलगाम आतंकी हमले में दिवंगत निर्दोष नागरिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके शोकसंतप्त परिजनों से भेंट कर संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कहा कि यह केवल शोक का समय नहीं, संकल्प की घड़ी है; आतंकी मानसिकता को जड़ से उखाड़ फेंकना ही अब राष्ट्र की वाणी है।

# युवक की मौत पर बवाल

एजेंसी

**मालदा :** जिले में एक युवक की मौत पर बवाल मच गया। पुलिस और स्थानीय लोगों की झड़प में मालदा का अमृति स्टैंड गरमा गया। पुलिस और भीड़ के बीच झड़प करीब दो घंटे तक चली। स्थिति पर नियंत्रण पाने के लिए पुलिस को आंसू गैस के गोले दागने पड़े। जिसके बाद स्थिति को नियंत्रित किया जा सका।स्थानीय सूत्रों के अनुसार, पिछले कुछ दिनों से अमृति इलाके के विभिन्न इलाकों में चोरी की घटनाएं घट रही थी। पुलिस से शिकायत करने के बावजूद कुछ नहीं हो रहा था। इसलिए गांव वाले खुद ही रात को गश्त कर रहे थे। मंगलवार रात अमृति इलाके के सिकंदरपुर गांव में कुछ युवक गश्त कर रहे थे। आरोप



है कि उसी समय बदमाशों ने हमला कर दिया। युवकों को रोकने की कोशिश करने पर उन पर हमला किया गया। बदमाशों के हमले में शिबू मंडल (27) की मौत हो गई जबकि दो अन्य युवक घायल हो गये। उनका मालदा मेडिकल कॉलेज में इलाज चल रहा है। घटना के बाद रात से ही इलाके में तनाव का माहौल था। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने बुधवार मालदा-मानिकचक राज्य राजमार्ग को जाम कर दिया। घटना के विरोध में सुबह से ही अमृति स्टैंड की सभी दुकानें बंद रखी गई थीं। इधर, दिन ढलने के साथ स्थिति धीरे-धीरे गरमाने लगी। पुलिस ने उग्र भीड़ को तितर-बितर करने के लिए कदम उठाया। इसके कारण स्थानीय लोगों और पुलिस के बीच झड़प हो गई। जब पुलिस ने लाठियां भांजी तो गुस्साई भीड़ ने भी जवाब में ईंट-पत्थर फेंकना शुरू कर दिया। इसके बाद पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित करने के लिए आंसू गैस छोड़ने पड़ी। फिलहाल स्थिति सामान्य है।

विश्व पृथ्वी दिवस पर पर्यावरणविद ने वृक्षों पर किया रक्षाबंधन

# पेयजल संकट से उबरने का चाबी है पौधारोपण : डॉ. कौशल

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** नवा बाजार के कांड के वन वृक्षों पर छतरपुर के ग्राम पंचायत डाली बाजार बेल टांड़ के वन वृक्षों पर रक्षाबंधन और कौशल नगर मोहनलाल खुर्जा पार्वती देवी पार्क परिसर में बारहमासी कटहल के पौधा रोपण और सिमडेगा जिले के ठेठईटांगर जामपानी मिशन स्कूल में थाईलैंड प्रजाति के आम के पौधा वितरण और रोपण व वृक्षों पर रक्षाबंधन कर दो दिवसीय आयोजित कार्यक्रम का समापन विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व बनराखी मूवमेंट के प्रनेता पर्यावरणविद ट्री मैन डॉ कौशल किशोर जायसवाल ने पलामू में बढ़ते तापमान पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि वह दिन दूर नहीं जब पलामू प्रमंडल के लोग खुद पलामू छोड़कर भागने पर विवश होंगे। पर्यावरण धर्मगुरु डॉ कौशल ने कार्यक्रम का शुभ आरंभ कन्या पूजन कर पर्यावरण धर्म के प्रार्थना



के साथ पौधा रोपण कर उपस्थित छात्राओं को दिलाया वनों को आग से बचाने और पर्यावरण धर्म के 8 मूल ज्ञान मंत्रों की शपथ दिलाते हुए पढ़ाया। पर्यावरण धर्म की पाठ उन्होंने कहा कि एक तो पलामू से होकर कर्क रेखा गुजरने के कारण पहले से ही ब्लैक शैडो जोन में रखा गया है। दूसरी तरफ वनों के कटने और वनों में आग लगने से पत्थर पहाड़ नंगे होने के कारण प्रचंड गर्मी अचानक बढ़ी है।जिससे पलामू की धरती और आकाश में गर्मी का सुनामी आया है। यही कारण है कि पलामू देश का नंबर वन तापमान वाले जिला की सूची में शामिल हो गया है। उन्होंने कहा कि प्रकृति से केवल लेना नहीं देना भी सीखें क्योंकि बढ़ती प्रदूषण जल संकट भीषण गर्मी और तेजी से हो रहे जलवायु परिवर्तन को रोकना है तो लोग अपना धर्म के साथ-साथ पर्यावरण धर्म के आठ मूल ज्ञान मंत्रों को अपने दिनचर्या में शामिल कर एक-एक पौधा लगाकर बच्चों की तरह बचाएं दूसरा कोई विकल्प नहीं है
कार्यक्रम कि अध्यक्षता कर रहे विद्यालय के प्रिंसिपल क्रोनोलिया डुंग डुंग ने कहा कि मैंने पर्यावरणविद डॉ कौशल किशोर के जीवनी को हमने बच्चें लोगों को पढ़ाया है इसके पूर्व हमारे विद्यालय में पर्यावरणविद के द्वारा लगाए गए पौधे फल फूल दे रहे हैं
कार्यक्रम के मुख्य वक्ताओं में डाली पंचायत के पूर्व उप मुखिया अफजल अंसारी, जुबेर अंसारी, शिवनाथ राम, बाबूराम, अवधेश राम व श्याम देव सिंह ने पर्यावरण और पृथ्वी बचाने के लिए एक-एक पौधा लगाकर उसे बचाने की आग्रह की है इस कार्यक्रम में उपस्थित पर्यावरण प्रेमियों में लक्ष्मण राम, फुलवा देवी, देवंती देवी, राजपति कुंवर, संजू देवी, कमला कुमारी, सोनाली कुमारी, अनीता देवी, अमिता देवी, कलावती देवी, कुंती देवी, राजमतिया देवी, प्रियंका सोनमती, सुमित काफी संख्या में ग्रामीण शामिल थे।

## जीतराम बेदिया की विरासत को बचाना हमारा कर्तव्य : सुदेश

**रांची :** आजसू पार्टी के सुप्रीमो सुदेश महतो ने बुधवार को जीतराम बेदिया की 167वीं पुण्यतिथि पर सुरसु में स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि शहीद जीतराम बेदिया का भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में योगदान बहुत महत्वपूर्ण रहा है। जीतराम बेदिया सिर्फ बेदिया समाज ही नहीं, बल्कि पूरे देश के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उन्होंने 1857 के स्वतंत्रता आंदोलन में अपने साथियों के साथ अंग्रेजों के छक्के छुड़ा दिए थे। उनके प्रभाव से अंग्रेजों के पसीने छूटते थे। सुदेश महतो ने कहा कि हम सबों को शहीद जीतराम बेदिया के बताएं मार्ग पर चलने की जरुरत है। समाज उनके योगदान को कभी नहीं भूलेगा। कार्यक्रम में आजसू पार्टी के कार्यकर्ता अनगड़ा पूर्वी के जिला परिषद राजेंद्र शाही मुंडा, टाटी मुखिया रामानंद बेदिया, श्याम सुन्दर बेदिया सहित अन्य मौजूद थे।

# हिंदुओं को बनाया जा रहा है निशाना : शुभेंदु अधिकारी

एजेंसी

**कोलकाता:** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में पर्यटकों की हत्या की घटना को लेकर पश्चिम बंगाल विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी ने कड़ी निंदा जताई है। उन्होंने आरोप लगाया है कि कश्मीर, बंगाल और बांग्लादेश–तीनों जगहों पर हिंदुओं को ही निशाना बनाया जा रहा है।अधिकारी ने बुधवार को जारी अपने बयान में कहा कि पहलगाम की घाटी में न कोई बंगाली मारा गया, न ओड़िया, मराठे, कन्नड़, हरियाणवी, तमिल या मलयाली। मारे गए तो हिंदू। चाहे वह कश्मीर हो, बंगाल हो या बांग्लादेश–मकसद एक ही है, हिंदुओं को मिटाना।उन्होंने पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में हाल की सांप्रदायिक घटनाओं और बांग्लादेश में हिंदुओं पर हुए हमलों का हवाला देते हुए कहा कि यह सिलसिला लगातार चल रहा है और धर्म ही हिंदुओं की





एकमात्र ढाल है। अधिकारी ने सवाल उठाया कि जब अतिवादी ताकतें हिंदुओं के बीच कोई भेद नहीं करतीं, तो फिर हिंदू जाति, भाषा, क्षेत्र, खानपान, विचारधारा और रीति-रिवाज के नाम पर क्यों बंटी रहे? इस आतंकी हमले में पश्चिम बंगाल के तीन लोगों की जान गई है। मृतकों की पहचान केंद्रीय खुफिया ब्यूरो (आईबी) के अधिकारी मनीष रंजन मिश्रा, समीर गुहा और बितन अधिकारी के रूप में हुई है।पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भी इस घटना पर शोक जताया है। उन्होंने एक बयान जारी कर कहा कि नई दिल्ली हवाई अड्डे पर हमारे प्रशासन ने पीड़ित परिवारों की मदद के लिए सभी जरूरी इंतज़ाम कर लिए हैं। पीड़ित परिवारों को कोलकाता लाने के लिए फ्लाइट आज रात 8:30 बजे कोलकाता पहुंचेगी। दिल्ली स्थित हमारे रेजिडेंट कमिश्नर का दफ्तर लगातार संपर्क में है। मैं खुद पूरे मामले की निगरानी कर रही हूं और वरिष्ठ अधिकारी सक्रिय रूप से काम में लगे हैं। यह हम सबके लिए अत्यंत दुखद घड़ी है।

# नागपुरी फिल्म नायका रिवेंज ऑफ लव की एडवांस बुकिंग शुरु



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** झॉलीवुड के फिल्मकार और कलाकार राज्य की विलुप्त हो रही भाषा संस्कृति को संरक्षित करने के लिए राज्य में लगातार फिल्म का निर्माण कर रहे हैं। महली फिल्म के बैनर तले बनी साल 2025 की पहली नागपुरी फिल्म नायका रिवेंज ऑफ लव जो कि 25 अप्रैल को पीवीआर सिनेमा रांची के न्यूक्लियस मॉल में लगने वाली है, जिसका टिकटों की ऑनलाइन बुकिंग शुरू कर दी गई है। इस फिल्म में विनोद महली, तृष्णा तांती, चंदा मेहरा, इसक लकड़ा, नितेश कच्छप एवं अमन मुख्य भूमिका में नजर आने वाले है। यह फिल्म रांची के अलावा नॉर्थ बंगाल में भी 25 अप्रैल को रिलीज हो रही है द्य झारखंड में सर्वाधिक नागपुरी भाषा लोहरदगा, गुमला, खूंटी, सिमडेगा और लातेहार जिला में बोले जाते हैं पर इन जिलों में सभी सिनेमा हॉल बंद पड़े हैं। झारखंड सरकार द्वारा बनाई गई फिल्म नीति में पुराने एवं बंद पड़े सिनेमा घरों को पुनर्जीवित करने के लिए अनुदान है पर सरकार द्वारा कोई पहल नहीं किया जा रहा है। झारखंडी फिल्मों के राइटर और निर्देशक रंजू मिंज बतलाते हैं कि झारखंड में बहुत सारे जगह है जहां नागपुरी सिनेमा नहीं पहुंच पाती है यदि इन जगहों पर सेंटर बनाकर फिल्म चलाया जाए तो अच्छी कमाई होगी। रांची जिला बुंडू, सिल्ली, खलारी, बेड़ों , लापुंग , पतरातु भुरकुंडा लोहरदगा जिला ,लोहरदगा, भंडारा, किसको , कैरो ,गुमला जिला गुमला, चैनपुर डुमरी, घाघरा , बनारी, बसिया, कमडा आदि खूंटी जिला खूंटी , लोधमां, करा , अड़की, रानियां सिमडेगा जिला ,सिमडेगा, कोलेबिरा, बांसजोर, कुरडेग, केरसई, बोलबा, पाकरटांड, ठेठईटांगर, बानो लातेहार जिला लातेहार, चंदवा, बरवाडीह, गारू, महुआडांड, बरियातु, तानाकोतू,असम बंगाल में जिस तरह कम्युनिटी हॉल वैसे झारखंड के सभी प्रखंडों में हो कला भवन झारखंड के सरकार को झारखंड के हर प्रखंड के ब्लॉक प्रांगण में दो सौ सीटो वाला एक कला भवन का निर्माण करना चाहिए जिसमें प्रखंड स्तरीय कार्यक्रम हो और झारखंडी फिल्मों को भी दिखाया जाए।

## मणिपुर के गमपाल और हैयांग में आगजनी के बाद कर्फ्यू लागू

**कामजोंग (मणिपुर) :** मणिपुर के गमपाल और उसके उपगांव हैयांग में बुधवार सुबह हुए आगजनी की घटना के बाद कामजोंग जिले में स्थिति तनावपूर्ण हो गई है। कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिलाधिकारी रंगनामेई रंग पीटर ने दोपहर दो बजे से तत्काल प्रभाव से कर्फ्यू लगाने का आदेश जारी किया है। यह आदेश भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस), 2023 की धारा 163(1) के तहत पारित किया गया है। आगजनी की इस घटना में अज्ञात उपद्रवियों ने सुबह करीब नौ बजे कई घरों को आग के हवाले कर दिया था। पुलिस अधीक्षक की रिपोर्ट के बाद प्रशासन ने यह निर्णय लिया। कर्फ्यू के तहत गमपाल और हैयांग गांवों की सीमाओं में लोगों की आवाजाही पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। हालांकि, कानून व्यवस्था और आवश्यक सेवाओं से जुड़े सरकारी कर्मचारी इस आदेश से मुक्त रहेंगे।

# भारत व सऊदी अरब ने संयुक्त बयान में आतंकवाद पर दिखाया कड़ा रुख

एजेंसी

**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बुधवार तड़के सऊदी अरब की दो दिवसीय अपनी राजकीय यात्रा को पहलगाम हमले के चलते अधूरा छोड़ भारत लौट आए। एक दिन की अपनी यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री ने सऊदी क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान के साथ रणनीतिक साझेदारी परिषद की दूसरी बैठक की सह-अध्यक्षता की और द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने के उपायों पर चर्चा की।
दोनों देशों की ओर से आतंकवाद के खिलाफ कड़ा रुख अख्तियार किया गया और दूसरे देशों के खिलाफ आतंकी कृत्य करने के लिए मिसाइलों और ड्रोन सहित अन्य हथियारों तक पहुंच को रोकने की आवश्यकता पर बल दिया।यह प्रधानमंत्री मोदी का सऊदी अरब का तीसरा दौरा था। उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों जैसे रक्षा, सुरक्षा, ऊर्जा,



व्यापार, निवेश और संस्कृति में सहयोग को बढ़ाने पर जोर दिया। सितंबर 2023 में सऊदी क्राउन प्रिंस भारत दौरे पर आए थे। उस समय रणनीतिक परिषद की पहली बैठक हुई थी। इस यात्रा के दौरान कई महत्वपूर्ण समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए। इनमें भारत और सऊदी के बीच अंतरिक्ष, एंटी-डोपिंग तथा स्वास्थ्य के क्षेत्र में सहयोग पर समझौता ज्ञापन शामिल हैं। इसके अलावा पार्सल सेवा पर द्विपक्षीय समझौता हुआ है।संयुक्त वक्तव्य में दोनों पक्षों ने 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए भीषण आतंकी हमले की कड़ी निंदा की। वे इस बात पर सहमत हुए कि आतंकी कृत्य को किसी भी तरह से उचित नहीं ठहराया जा सकता। उन्होंने आतंकवाद और आतंकी वित्तपोषण के खिलाफ दोनों पक्षों के बीच उत्कृष्ट सहयोग का स्वागत किया। सीमा पार आतंकवाद की निंदा की और दूसरे देशों के खिलाफ आतंकवाद को हथियार बनाने को अस्वीकार करने, आतंकवाद के बुनियादी ढांचा को नष्ट करने और आतंकवाद के अपराधियों को तुरंत न्याय के कटघरे में लाने का आह्वान किया। दोनों पक्षों ने दूसरे देशों के खिलाफ आतंकी कृत्य करने के लिए मिसाइलों और ड्रोन सहित हथियारों तक पहुंच को रोकने की आवश्यकता पर बल दिया।दोनों पक्षों ने सामरिक भागीदारी के एक प्रमुख स्तंभ के रूप में रक्षा संबंधों को मजबूत करने की सराहना की और सामरिक भागीदारी परिषद के तहत रक्षा सहयोग पर एक मंत्रिस्तरीय समिति के गठन का स्वागत किया। उन्होंने सितंबर 2024 में रियाद में आयोजित रक्षा सहयोग पर संयुक्त समिति की छठी बैठक के परिणामों का स्वागत किया, जिसमें तीनों सेनाओं के बीच स्टाफ-स्तरीय वार्ता की शुरुआत का उल्लेख किया गया।